प्रजाएँ सृष्ट हुईं । नारायणसे ब्रह्माने जन्मग्रहण किया, नारायणसे इन्द्र उत्पन्न हुए, नारायणसे ही द्वादश आदित्य, रुद्रगण, सभी देवता, सभी ऋषि, सभी प्राणी उत्पन्न हुए और अन्तमें वे सभी नारायणमें ही विलीन हो जाते हैं । अतएव एकमात्र नारायण ही नित्य परमदेवता हैं। इन्द्र, रुद्रगण, वसुगण, अश्विनीकुमारद्वय, सभी ऋषि, सभी दिशाएँ तथा अधः, उर्ध्द, मूर्त्त, अमूर्त्त, अन्तः और बाह्य—सभी नारायण हैं । यह समग्र विश्व जो हुआ है, और जो होगा, वह सब कुछ नारायण हैं । ये नारायण नित्य, निष्कल, निराख्यात (अनिर्वचनीय), निर्विकल्प, निरञ्जन, विशुद्धसत्त्वमय देवता हैं । वे एक एवं अद्वितीय हैं । उनके समान कोई भी दूसरा नहीं

(क) दूसरे ग्रन्थमें यह उपनिषद मंत्र न्यूनाधिक रूपमें देखा जाता है । जैसे कठोपनिषदमें—

विज्ञानसारथिर्यस्तु मनःप्रग्रहवान्नरः ।
सोऽध्वनः पारमाप्नोति तद्विष्णोः परमं पदम् ।।
इन्द्रियेभ्यः परा ह्यर्था अर्थेभ्यश्च परं मनः ।
मनसस्तु परां बुद्धिर्बुद्धेरात्मा महान् परः ।।
महतः परमव्यक्तमव्यक्तात् पुरुषः परः ।
पुरुषान्न परं किञ्चित् सा काष्ठा सा परा गतिः ।।१/३/९-११।।

नारायणोपनिषद्वाक्यव्याख्या

ननु सर्व्वमूलभूतत्वेनानन्यतया सृष्टेः पूर्व्वं स्थितिसमये महाप्रलये च सदास्थायितया श्रीमन्नारायणो नित्यः, श्रीब्रह्मादीनां सर्व्वलोकानां सेवनीयो नान्योऽपरः । अत्र प्रमाणत्वेनाथर्व्ववेदे श्रीमदंगिरसा या श्रीनारायणोपनिषत् स्पष्टीकृता तस्या अर्थमाह—ॐ अथ पुरुष इति । इह संसारे, वै निश्चितं भूतभविष्यद्वर्त्तमानकालत्रये प्रणवश्छन्दसामहमिति वचनात् "ॐ" स्वयमेव नारायणः । अयमर्थः—नरि भवा ये पुत्रपौत्रादि-रूपेण ते नराः, तेषां नराणां मनुष्यमात्राणामयनमाश्रयो यः

हैं। जो ऐसा जानते हैं वे बुद्धिको सारथि एवं मनको लगाम बनाकर 'परम', 'पार', 'अव्यय', 'पद' स्वरूप विष्णुको ही सुनिश्चित रूपमें प्राप्त होते हैं" ।।१।।

सम्पूर्ण विश्वके मूल तथा कारण होनेसे सृष्टिके पूर्व, सृष्टिकी स्थितिकालमें महाप्रलय तथा महाप्रलयकालमें नित्य वर्त्तमान रहनेके कारण नारायण नित्य हैं एवं ब्रह्मादि समस्त लोकोंके सेवनीय हैं । दूसरा कोई भी ऐसा नहीं है । इस विषयमें श्रीमद्अंगिरा-अथर्ववेदीय नारायणोपनिषद्का वचन प्रमाण है । उसका अर्थ दिया जा रहा है—छन्दोंमें मैं ही 'प्रणव'

पुनस्तत्रैव—

इन्द्रियेभ्यः परं मनो मनसः सत्त्वमुत्तमम् ।
सत्त्वादधि महानात्मा महतोऽव्यक्तमुत्तमम् ।।
अव्यक्तात्तु परः पुरुषो व्यापकोऽलिङ्ग एव च ।
यज्ज्ञात्वा मुच्यते जन्तुरमृतत्वं च गच्छति ।।२/३/७,८।।

एवं गोपालपूर्वतापिन्यां—

नित्यो नित्यानां चेतनश्चेतनानामेको बहूनां यो विदधाति कामान् ।
तं पीठगं येऽनुभजन्ति धीरास्तेषां सुखं शाश्वतं नेतरेषाम् ।।
एतद्विष्णोः परमं पदं ये नित्योद्युक्तास्तं यजन्ति न कामात् ।
तेषामसौ गोपरूपः प्रयत्नात् प्रकाशयेदात्मपदं तदेव ।।

पुरुषः स स्वामितुल्यतया प्रभुः सेव्यः स्तुत्यः पूज्यः स्मरणीय इत्यादि, कोऽप्यपरो नास्ति प्रभुः, स नारायणः पुरुषोऽथ महाप्रलयानन्तरं यदाऽकामयत मनसा सिसृक्षा क्रियते । तत् किं?—प्रजाः सृजेय इति । एवं मनसि कृते सति ततस्तदा तस्मान्नारायणाद्ब्रह्मा जायते भवति, तेन ब्रह्मणा प्रजाः सृजेरन्। प्रजा इति बहुवचनेनैव ब्रह्मणो मानस-देहजाद्याः सर्व्वाः प्रजाः सृष्टा भवन्तीत्यर्थः। एवं नारायणादिन्द्रो जायते सगणस्तथा सपरिवारा द्वादशादित्या जायन्ते, तथा रुद्राः स्वभूतगणसहिता रुद्राणीभिः सममेकादश रुद्रा जायन्ते ।अपरा गणेशादिदेवता-स्त्रयस्त्रिंशत्कोटयो नारायणात् क्रमशो भवन्ति । तथा सर्व्वे ऋषयो देवर्षि-महर्षि-राजर्ष्याद्याः श्रीनारायणात् स्युः । तथा

हूँ—इस वचनके अनुसार इस संसारमें भूत-भविष्य-वर्तमान तीनोंही कालोंमें 'ॐकार' स्वयं ही सुनिश्चित रूपमें नारायण स्वरूप हैं । 'नृ' अर्थात् मूल पुरुषके द्वारा पुत्र-पौत्रादिके रूपमें उत्पन्न 'नर'—उन्हीं नरोंके अर्थात् मनुष्यमात्रके 'अयन' अर्थात् आश्रय जो पुरुष हैं, वे ही सबके स्वामी होनेके कारण प्रभु, सेव्य, स्तुत्य, पूज्य, स्मरणीय इत्यादि हैं । दूसरा कोई भी ऐसा नहीं है । उन श्रीनारायण—'पुरुष' ने महाप्रलयके अन्तमें इच्छा की कि 'मैं प्रजाकी सृष्टि करुँगा' । ऐसी इच्छा होते ही नारायणसे ब्रह्मा उत्पन्न हुए, नारायणसे उन्हीं ब्रह्माके द्वारा लोकोंकी सृष्टि हुई। साथ ही ब्रह्माकी मानस और दैहिक सब प्रकारकी प्रजाएँ हुईं—बहुवचनान्त 'प्रजाएँ' शब्दके द्वारा ऐसा ही समझना होगा । इस प्रकार नारायणसे गणोंके सहित इन्द्र, सपरिवार द्वादश आदित्य, भूतों और रुद्राणीके सहित एकादश रुद्र उत्पन्न हुए, गणेशादि तैतीस करोड़ देवता भी नारायणसे ही क्रमशः उत्पन्न हुए, उसी प्रकार देवर्षि, महर्षि, राजर्षिवृन्द भी नारायणसे ही समुद्भूत हुए । स्थावर जंगमादि सब प्रकारके प्राणी भी नारायणसे भलीभाँति उत्पन्न हुए । तत्पश्चात् ये सभी नारायणमें ही

स्थावरजङ्गमादीनि भूतानि सर्वाणि श्रीनारायणादेव समुत्-पद्यन्ते सम्यक्प्रकारेणोत्पन्नानि भवन्ति । अतःपरं श्रीनारायणे प्रलीयन्ते । अयं भावः,—सृष्टेरनन्तरं स्थितये तेन परिपालिता भवन्ति; अथानन्तरं श्रीनारायणे प्रलीयन्ते, महाप्रलय एकस्मिन्नेव श्रीनारायणे श्रीब्रह्मादयः सर्व्वजीवमात्रा अक्षयत्वेन प्रकर्षेण लीना भवन्ति पुनरावृत्तेः । अत्र प्रमाणमाह श्रीमहाभारते,—

यतः सर्व्वाणि भूतानि भवन्त्यादियुगागमे ।
यस्मिंश्च प्रलयं यान्ति पुनरेव युगक्षये ।।

आदियुगागमे जगत्सृष्टेः प्रथमम् । यतः श्रीनारायणात् सर्व्वाणि भूतानि ब्रह्माद्यखिलजीवा भवन्ति, यस्मिंश्च नारायणे—चकारात् स्थितिसमये ततः परिपालिताः सन्तस्तिष्ठन्ति, पुनरेव युगक्षये महाप्रलये यस्मिन् श्रीनारायणे प्रलयं यान्ति पुनरावृत्तये प्रविशन्ति ।

नारायणस्य विश्वरूपत्वं

एवंविशिष्ट एको देवः श्रीनारायणः सर्व्वलोके सर्व्वदापूज्यत्वेन

प्रविष्ट हो गये । तात्पर्य यह है कि सृष्टिके पश्चात् स्थितिकालमें नारायणद्वारा पालित होकर महाप्रलयमें एकमात्र नारायणमें ही ब्रह्मादि सभी जीव अक्षय होनेके कारण संसारमें पुनः लौट आने तक प्रकृष्ट रूपमें विलीन रहा करते हैं ।

इस विषयमें श्रीमहाभारतका प्रमाण दिया जा रहा है—'कल्पके प्रारम्भमें सत्ययुगमें निखिल प्राणी जिससे जन्म ग्रहण करते हैं, पुनः कल्पके अन्तमें प्रलयके समय जिनमें विलीन हो जाते हैं, वही नारायण हैं।' पुनः आदियुग अर्थात् सत्ययुगके आनेपर जगत् सृष्टिके पूर्व जिस नारायणसे ब्रह्मादि अखिल प्राणी जन्म ग्रहण करते हैं । 'च'-कारके द्वारा स्थितिकालमें परिपालित होते हैं तथा पुनः पुनरावृत्तिके लिए युगके अन्तमें महाप्रलयके समय ये नारायणमें प्रविष्ट हो जाते हैं ।

विराजमानो, यतो नित्योऽविनाशी महाप्रलयेऽपि सदास्थायीति शेषः । अतो ब्रह्मा च नारायणः । अयमर्थः, श्रीब्रह्मादिसर्व्वाराध्यत्वेन श्रीनारायणात् **श्रीब्रह्मा,—चकारात् गणेशादयस्त्रिंशत्कोटिदेवतागणाः,—अपरमानस-देहजादिपुत्र-पौत्र-प्रपौत्रादिसहितः पृथगीश्वरो न भवति**। एवं सर्वत्रान्वेष्टव्यमिति । शिवश्च नारायणः, शिवो महाप्रलयकर्त्ता, चकारात् स्वकीयगणसहितः । तथा शक्रश्च नारायणः, शक्रो महेन्द्रश्चकारात् सर्व्वपरिवारयुक्तः । तथा रुद्राश्च नारायणः, रुद्रा एकादश रुद्राश्चकारात् स्वभूतगण-रुद्राणीवृन्दसहिताः । वसवोऽश्विनौ च नारायणः, वसवोऽष्टवसवः सगणाः, अश्विनौ च अश्विनीकुमारौ चकारात् सङ्गिसहितौ । तथा सर्व्वे ऋषयश्च नारायणः, सर्व्वर्षित्वेन देवर्षि-महर्षि-राजर्ष्यादयश्चकारात् मुनि-तपस्विवालखिल्यगणाः सिद्ध-साध्य-चारण-गन्धर्व्व-दैत्य-यातुधान-किन्नरादयश्च । तथा कालश्च नारायणः, कालस्वरूप-

---

वैकुण्ठाधिपति श्रीनारायण नित्य, अविनाशी और महाप्रलयमें भी नित्यस्थायी होनेके कारण अखिल विश्वके नित्य पूजनीय रूपमें विराजमान हैं। इसका तात्पर्य यह है कि 'श्रीनारायण' ब्रह्मादि सभीके आराध्य होनेके कारण मानस देहज पुत्र-पौत्र प्रपौत्रादिके साथ [**ब्रह्मा और गणेशादि तैतीस करोड़ देवताओंमें से कोई भी स्वतन्त्र ईश्वर नहीं है**] सभी श्रीनारायणके दास-दासी हैं, ऐसा ही सर्वत्र समझना होगा । अपने परिजनोंके साथ महाप्रलयकर्त्ता महादेव, सम्पूर्ण परिवारके सहित इन्द्र, अपना गण भूत आदि और रुद्राणी सहित एकादश रुद्र, अपने परिकरों सहित अष्ट वसु, अपने साथियों सहित दोनों अश्विनीकुमार, सभी देवर्षि, महर्षि और राजर्षि, मुनि, तपस्वी, वालखिल्य समुदाय, सिद्ध, साध्य, चारणगण, गन्धर्व, दैत्य, राक्षस, किन्नर प्रभृति श्रीमन्नारायणके

पुरुषश्चकारात् चतुर्दशयम–चित्रगुप्तादिसहितः । एवं दिशश्च नारायणः, दिशः—पूर्वाग्नियाम्यनैर्ऋतपश्चिम वायव्योत्तरेशाना अष्टौ दिशश्चकारात् इन्द्रानलयमनैर्ऋत-वरुणवायु-कुबेरेशास्तत्तद्दिक्पालाः सगणाः । अधश्च नारायणः, अधोऽतल-वितल-सुतल-तलातल-महीतल-रसातल-पातालानि सप्त भुवनानि, चकारादतलादिसप्तभुवनवासिलोकाः सगणाः, अपरे तत्र लोकेश्वर-श्रीमदनन्तकूर्म्मादि-भगवन्मूर्त्ति-वरुण-नागपुरुष-नागकन्यादयः । तथोर्द्ध्वञ्च नारायणः, ऊर्द्ध्व—भूर्ल्लोक-भुवर्ल्लोक-महर्ल्लोक-जनलोक-तपोलोक-सत्य-लोकनामानि सप्त भुवनानि, चकारात् सत्यलोकादि सप्तभुवनेश्वराः स्वकीयगणसहिताः श्रीब्रह्मेन्द्रादयः । एवं मूर्त्तामूर्त्तौ च नारायणः, मूर्त्तो—गण्डकीज-शालग्रामा अपरो घटादिस्तथाशैलाद्यष्टप्रतिमास्वरूपदेवता-वृन्दं चकारादुपदेवता-गणसहितम् । अमूर्त्तः-परलोकगत-श्राद्धार्हपितृलौकिकी क्रिया,

---

वैभव होनेके कारण ये सभी नारायण-स्वरूप ही हैं । उसी प्रकार चौदह यम, चित्रगुप्तादि सहित काल पुरुष; पूर्व, अग्नि, दक्षिण, नैर्ऋत, पश्चिम, वायु, उत्तर, ईशान आठों दिशाएँ, सगण-इन्द्रादि दिक्पालगण—नारायण ही हैं (नारायणके वैभव-स्वरूप हैं) । अधः नारायण—अधः अर्थात् तल, अतल, वितल, सुतल, तलातल, रसातल, पाताल सप्त भुवन, अतलादि सप्त भुवनवासी लोकसमूह अपने-अपने गणोंके साथ उसी लोकके अधीश्वर श्रीअनन्तदेव, कूर्मादि-भगवन्ममूर्त्ति, वरुण-नागपुरुष-नागकन्या प्रभृतिको समझना चाहिए। ऊर्ध्द्ध नारायण—ऊर्ध्द्ध अर्थात् भूः, भुवः, स्वः, महः, जनः, तपः, सत्य—ये सप्त भुवन, स्वगणोंके साथ सप्त लोकोंके अधीश्वर श्रीब्रह्मा, इन्द्र इत्यादिको समझना चाहिए । मूर्त्त एवं अमूर्त्त भी नारायण हैं । मूर्त्तका तात्पर्य गण्डकीजात शालग्राम, कलशादि (कलशमें

चकारात् कव्यवालाद्यर्च्चा, तथा बलि-वैश्वदेवतर्पणादिक्रिया। तथान्तर्बहिश्च नारायणः, अन्तः—ब्रह्माण्डान्तर्गत-सप्तलोक-पातालस्थ-श्रीब्रह्मेन्द्रादिनानादेवतासुरर्षि-मुनितपस्विसिद्ध-चारण-गन्धर्व्वकिन्नराप्सरोगण-दानव-पुण्यजन प्रेतभूत-पिशाचादिगण-नागसर्पोरगस्थावर-जङ्गमजीवभूतमनुष्य-गवादिचतुष्पदपशु-पञ्चनखद्विशफैकशफ-स्वेदज-क्रिमिशल-भादयश्च पृथिवी जलादिसप्तस्वपि लवणादिसप्तसमुद्र-जम्बादिसप्तद्वीपस्थ-नदनदीचरा अपरलोकादयश्चकारात्-लोकालोकपर्व्वत-काञ्चनभूमि-तिमिरभूम्यादयः; बहिः—ब्रह्माण्डाद्बहिरन्धकारसमूह-महत्तत्त्वाहङ्कार-बीज-कारण-रूपाकाश-वायुतेजोवारि-भूम्यादयः, चकाराच्चतुर्विंशतितत्त्व-तत्तत्कारणपञ्चभूतमात्रादयः; एते श्रीनारायण एव ।

सर्व्वमिदं श्रीनारायण इत्यस्यार्थः

श्रीनारायणात् सर्व्वमिदं विश्वं यद्भूतं यदभूत्, चकारात् यद् भवति, यद् भाव्यं यद्भविष्यति । तथानन्तरं किञ्चिन्मात्रमपि भिन्नंतरं वस्तु नास्ति,—अतएव नारायणः, नारायणस्यायं नारायणो ब्रह्मादिः । अथ नित्यः कोटि-कोटिमहाप्रलयेऽपि विराजमानत्वेन;

नारायणकी प्रतिष्ठा होनेपर), शैल आदि अष्ट प्रकार प्रतिमा-स्वरूप देवताओं और उपदेवताओंको समझना चाहिए । अमूर्त्तसे परलोकगत पितरोंके लिए श्राद्धादि क्रियाएँ, कव्यवालादिसे अर्चा, बलि, वैश्वदेवतर्पणादि क्रियाओंको समझना चाहिए । 'अन्तः', 'बहिः'—नारायणसे; 'अन्तः'का तात्पर्य ब्रह्माण्डके अन्तर्गत सप्त भुवनों तथा सप्त पातालमें अवस्थित ब्रह्मा, इन्द्रादि नानादेवता, असुर, ऋषि, मुनि, तपस्वी, सिद्ध, चारण, गन्धर्व, किन्नर, अप्सरागण, दानव, पुण्यजन, यक्ष, प्रेत, भूत, पिशाच, नाग, सर्प, ऊरग, स्थावर-जंगम, जीव, मनुष्य, गो आदि चतुष्पद पशु, पञ्चनख, एक खुरवाले, दो खुरवाले, स्वेदज, कृमि, शलभादि, जल और स्थलमें

तथा निष्कलः, अयमर्थः—सर्व्वे इमे श्रीनारायणस्य कलाः, स्वयं तु पूर्णस्वरूपः ।

यथा श्रीभागवते (१/३/२७),—

कलाः सर्व्वे हरेरेव सप्रजापतयः सुरा इत्यादि ।

तथा निराख्यातः सर्व्वत्र विराजमानत्वेऽपि स्वमायया लोकानामप्रकटः । तथा निर्व्विकल्पः किञ्चिन्मात्रमपि विकल्पभावरहितत्वादद्वैतः सर्व्वेश्वरः । अतो निरञ्जनोऽञ्जन-शून्यत्वात् ब्रह्मस्वरूपः । तथा शुद्धः शुद्धसत्त्वस्वरूपः । (१) अतो देव एकः श्रीनारायणः । अत्रायं भावः—**सर्व्वजगन्निवासिनां ब्रह्मेन्द्रादिसकलदेवतासुर मनुष्यादीनां पूजनीयादित्वेनेष्टदेव एकः श्रीनारायण एव, न द्वितीयः कोऽप्यपरोऽस्तीत्यर्थः** ।

लवणादि सभी समुद्र एवं जम्बु प्रभृति सप्त द्वीपोंके नद-नदीवासी, दूसरे लोक समूह, लोकालोक पर्वत, काञ्चन भूमि, तिमिर भूमि प्रभृतिको समझना चाहिए । 'बहिः' का तात्पर्य ब्रह्माण्डके बाहरमें स्थित अन्धकार समूह महत्तत्त्व, अहंकार, बीज, कारणरूप आकाश, वायु, तेज, बारि, भूमि इत्यादि चौबीस तत्त्वों एवं उनके कारण पंचभूत और पंचतन्मात्रा आदिसे है; ये सभी नारायण हैं ।

नारायणसे यह समग्र जगत् हुआ है—का तात्पर्य यह है कि जो जगत् अतीतमें था, जो अभी वर्तमान है तथा जो भविष्यमें सृष्ट होगा—वे समग्र जगत् नारायणसे हुए हैं । अतः नारायणसे भिन्न कोई भी वस्तु नहीं है । इसलिए नारायण अर्थात् ब्रह्मादि सभी नारायणके सेवक हैं (उनकी विभूतियाँ हैं) । इसीलिए वे नारायण-स्वरूप हैं । करोड़ों-करोड़ों महाप्रलयोंमें भी नारायण सर्वदा विराजमान रहनेके कारण वे नित्य एवं सनातन हैं । वे निष्कल हैं अर्थात् दूसरे सभी नारायणकी कलाएँ हैं, नारायण किसीकी कला नहीं हैं । वे स्वयं परिपूर्ण स्वरूप हैं । श्रीमद्भागवत्

(१) पाठान्तरसे सुखः—सर्वदेवासुरमनुष्यादिवत् दुःखी न भवतीति सदैव पूर्णानन्द-मयत्वेन सुखी। अर्श—आदित्वादच्—प्रत्ययेन सुख आनन्दमय इत्यर्थः ।

परम-पार-अव्यय-पदानि विष्णुः

एवमनेन प्रकारेण देवासुरमनुष्यादीनां मध्ये यः कश्चित् दारपुत्रादिकलिलो महागृहस्थोऽपि पुमान् यदि मनःप्रग्रहवान् सन् बोधञ्च सारथिं कृत्वा तं श्रीनारायणं बोद्धुं श्रीसद्गुरुं करोति, पश्चात् साधुसङ्गतः सद्व्यवसायी भवति, तदा स पुमान् श्रीनारायणं तत्तत्त्वादिकञ्च वेद जानाति । पश्चादन्तकाले —विष्ण्वाख्यं परमं पारं अव्ययं पदं प्रयाति । अत्रायमर्थः,— यद्यनन्तस्य पुरुषस्य सायुज्यादिमुक्तिचतुष्टयेच्छा मनसि वर्त्तते तदा तत्तदाचरणं कुर्वन् तत्तन्मुक्तिरूपं पदं प्राप्नोति । तद्विशेषात्— **सायुज्याभिलाषी** यः कश्चिद् योगी स तु योगाभ्यासेन **विष्ण्वाख्य**-मव्ययं प्रयाति,—अविनाशिनि श्रीमन्नारायणे (ज्योतिर्ब्रह्मरूपे) प्रविशति निर्व्वाणहेतुत्वात्; तथा **सारूप्याभिलाषी** यः कश्चिद् योगी पुरूषः स तु तद्योगाभ्यासेन विष्ण्वाख्यां **परमं** प्रयाति,— सर्व्वायवालङ्कारादिभिः श्रीनारायणमनोहरस्वरूपतां प्राप्नोति;

(१-३-२७) में ऐसा कहा गया है—प्रजापतियों सहित देवतागण सभी हरिकी कलाएँ हैं इत्यादि । वे निराख्याता अर्थात् सर्वत्र विराजमान होनेपर भी अपनी मायासे लोगोंके निकट अप्रकट रहते हैं । वे निर्विकल्प हैं,—अर्थात् सर्वथा विकल्प रहित होनेके कारण वे सर्वेश्वर अद्वैत हैं । वे निरंजन हैं अर्थात्—मलशून्य परमब्रह्मस्वरूप हैं, शुद्ध—शुद्धस्वरूप हैं । अतएव नारायण अद्वितीय देवता हैं । भावार्थ यह है कि **सर्व जगन्निवासी ब्रह्मा, इन्द्रादि सभी देवता, असुर, मनुष्य प्रभृतिके पूजनीय होनेके कारण नारायण ही एकमात्र अभीष्ट देव है; द्वितीय कोई ऐसा नहीं है ।**

इस प्रकार देवता, असुर, मनुष्योंके मध्य जो कोई स्त्री, पुत्रादि सम्बन्धक्लिष्ट (स्त्री, पुत्रादिके साथ) गृहस्थ व्यक्ति भी मनको लगाम और बुद्धिको सारथी बनाकर उन सर्वजगत्के स्वामी नारायणको अवगत होनेके लिए **श्रीसद्गुरुका पदाश्रय** करते हैं तत्पश्चात् साधुसंगमें उनके

तथा **सालोक्याभिलाषी** यः कश्चिद् योगी पुमान् स तु तद्योगाभ्यासेन विष्णवाख्यं **पदं** प्रयाति,—श्रीमन्नारायणलोकं श्रीवैकुण्ठाख्यं परं पदं प्राप्नोति, यथा "यद्गत्वा न निवर्त्तन्ते तदेव परमं पदमिति"; **सान्निध्याभिलाषी** यः कश्चिद् योगी जनः स तु तद्योगाभ्यासेन विष्णवाख्यं **पारं** प्रयाति,—श्रीमन्नारायण-सान्निध्यपार्षदतां प्राप्नोति।

अपरं विष्णवाख्यं पदमव्ययमित्यस्यायमर्थः,—

ये केचित् सद्गुरुदीक्षानन्तरं सत्सङ्गश्रीभगवद्धर्म्म-शिक्षातिशयशुद्धान्तःकरण श्रीकृष्णैकतानादिमहामहिमा-नन्यशरणासक्तभावुका इहलोके श्रीभगवच्छ्रवणादिनाना-विधिभक्तिसाधनैर्नैष्कर्म्यभावेन तद्दासानुदासवदाचरणं कुर्व्वन्तः पश्चाद्देहे पञ्चत्वं प्राप्ते सति विष्णवाख्यं पदमव्ययं प्रयान्तीति यत् (तत्) किम्?—इहैवैवंविधाः श्रीकृष्णैकतानादयोऽनन्यभक्ता

अनुगत होकर उपरोक्त प्रकारसे साधन-भजन करते हैं, तब वे श्रीमन्नारायणको तत्त्वतः अवगत होकर सिद्ध होनेपर 'परम', 'पार', 'अव्यय', 'पद' स्वरूप विष्णु या नारायणको प्राप्त होते हैं ।

इसका अर्थ यह है कि—यदि अनन्त पुरुषोंके साथ सायुज्यादि चारों प्रकारकी मुक्तियोंकी अभिलाषा रहे तब वे तदनुरूप साधनकर उन उन मुक्तियोंके पदको प्राप्त होते हैं । इसमें विशेष बात यह है कि जो योगी **'सायुज्य' की अभिलाषा** रखते हैं, वे योगाभ्यासके द्वारा **'अव्यय'**—विष्णुको प्राप्त होते हैं, अर्थात् निर्वाण हेतु अविनाशी नारायणमें प्रविष्ट होते हैं । उसी प्रकार **'सारूप्य' की अभिलाषा** रखनेवाले योगी योगाभ्यासके द्वारा **'परम'**—विष्णुको प्राप्त होते हैं, अर्थात् सर्व अंग और अलंकार आदिके साथ नारायणके मनोहर स्वरूपको प्राप्त होते हैं । **'सालोक्य' की अभिलाषा** रखनेवाले योगी अनुरूप योगाभ्यासके द्वारा **'पद'**—विष्णुको प्राप्त होते हैं अर्थात् वे वैकुण्ठनामक परम 'पद' स्वरूप श्रीनारायणके

जीवद्दशायां श्रवणादिभक्तिनैष्ठिकत्वेन यथोच्छिष्टभोजिनो दासास्तथा तत्तदुपासनाप्रभावतस्तत्तदव्ययमविनाशि पदं श्रीवृन्दावनादि वैष्णवं धाम प्राप्य तत्र तत्र धाम्नि दासवदनिशं श्रीभगवत्सेवां कुर्वन्तीत्यर्थः ।

भगवत्पूजनेन सर्व्वेषां पूजा तुष्टिश्च

अतएव श्रीनारायणे ब्रह्मेन्द्रादित्रयस्त्रिंशत्कोटिदेवता-वृन्दार्च्चनादिकन्तु निरूपितमति निश्चितं, यतोऽभ्यर्च्चिते श्रीनारायणे सति ब्रह्मादयः सर्व्वे देवर्षिभूतादयश्च सर्व्वेऽपि पितृलोकाश्च पूजिता भवन्ति, सर्व्वतोभावेन सन्तुष्टाश्च स्युः।

तत्र प्रथमं प्रमाणम्

तदाह श्रीविष्णुयामलसंहितायां—

यत्पूजनेन विबुधाः पितरोऽर्च्चिताश्च
तुष्टा भवन्ति ऋषिभूतसलोकपालाः ।

धाममें गमन करते हैं । जहाँ गमन करनेसे पुनरावृत्ति नहीं होती, वही उनका **'परमपद'** है। जो योगीपुरुष श्रीभगवान्‌का **सान्निध्य पानेकी अभिलाषा** रखते हैं, वे अनुरूप योगाभ्यासके बलसे **'पार'**—विष्णुको प्राप्त होते हैं अर्थात् नारायणके सान्निध्यमें नारायणके निकट पार्षद-पदको प्राप्त करते हैं।

'विष्वाख्य' अव्ययपद—इस द्वितीय वाक्यका अर्थ है—जो सद्‌गुरुके निकट दीक्षा ग्रहणके पश्चात् साधुसंग और श्रीभगवद्धर्मकी शिक्षाके द्वारा अत्यन्त शुद्धान्तःकरण और कृष्णैकनिष्ठादिके कारण महामहिम, अनन्यशरण, आसक्त, भावुक हैं, वे इस लोकमें श्रीभगवान्‌की लीला कथाओंके श्रवण और कीर्त्तनादि विविध प्रकारके भक्ति-साधनोंके द्वारा नैष्कर्म भावसे भगवान्‌के दासानुदासोंकी भाँति आचरणपूर्वक पंचभौतिक देहको छोड़ देनेके पश्चात् 'अव्ययपद' विष्णुको प्राप्त होते हैं। वह किस प्रकार है ? इसके उत्तरमें बतला रहे हैं—ऐसे कृष्णैकनिष्ठ ऐकान्तिक भक्तजन इस संसारमें जीवित दशामें ही जैसे श्रवण-कीर्त्तनादि भक्तिका साधन करते

सर्व्वे ग्रहास्तरणिसोमकुजादिमुख्या
गोविन्दमादिपुरुषं तमहं भजामि ।।क।।

यस्य श्रीभगवतः पूजनेन विबुधाः पितरश्चेति बहुवचनेनैव सर्व्वाः देवता सर्व्वे पितरोऽर्च्चिता भवन्ति, श्रीमद्गोविन्दपूजनतस्तुष्टाः सन्तुष्टाश्च स्युः। चकारादसुरदानवयक्षराक्षसप्रेतभूतपिशाचोपदेवादयः। एते सर्व्वे ऋषयो भूताः सर्व्वप्राणिनः, सलोकपाला इत्यनेन इन्द्रादिलोकपाला एतेषां गणास्तथा-सूर्य्यचन्द्रमंगलादयो नवग्रहाः स्वगणसहिताः; अपरे ये वैनायक-शकुनि-पूतना-मुखमण्डिका-क्षुरा-रेवती-वृद्धरेवती-वृद्धिकोग्रा-मातृग्रह बालग्रह-वृद्धग्रहादयः सर्व्वे ग्रहाः—केवलमात्रैकश्रीमन्नारायण-

---

हैं, भगवदुच्छिष्ट-भोजी दासके रूपमें अवस्थित रहते हैं, उसी प्रकार वे सभी भगवदुपासनाके प्रभावसे वैसे अव्यय (अविनाशी पद अर्थात् वैकुण्ठ धाम, वृन्दावनादि वैष्णव-धामोंको) प्राप्त होकर वहाँ दास्य, सख्य, वात्सल्य, यहाँ तक कि मधुररसमें भी भगवत्सेवा किया करते हैं।

इसलिए ब्रह्मा, इन्द्र आदि तैंतीस करोड़ देवताओंके अर्चन-पूजन आदिको श्रीनारायणके अर्चन-पूजनके ही अन्तर्गत समझना चाहिए। अर्थात् नारायणकी पूजा होनेसे तैंतीस करोड़ देवताओंकी पूजा हो जाती है। इसीलिए नारायणका अर्चन भलीभाँति होनेपर ब्रह्मादि देवता, देवर्षि, भूतगण एवं पितृ सभी पूजित और सब प्रकारसे संतुष्ट हो जाते हैं। भगवत्पूजासे ही समस्त देव-देवियोंकी पूजा हो जाती है—इस विषयमें चार प्रमाण उल्लिखित किये जा रहें हैं—

विष्णुयामल संहितामें ऐसा कहा गया है—जिनकी पूजा होनेपर देवगण, पितृगण, सभी ऋषिगण, समस्त प्राणी, लोकपालसमूह एवं सूर्य, चन्द्र, मंगल आदि ग्रहगण—सभी पूजित और संतुष्ट हो जाते हैं, उन सर्वादि गोविन्दका मैं भजन करता हूँ।।क।।

भगवान् श्रीगोविन्ददेवकी पूजा होनेपर विबुधगण, पितृगण और सभी देवता अर्चित और संतुष्ट होते हैं। उक्त श्लोकमें 'च' शब्दके द्वारा

पूजने ससन्तोषपूजिताः स्युस्तं गोविन्दमहं भजामि। कथम्भुतं—आदिपुरुषं यत्परः कोऽपि नास्तीत्यर्थः।

द्वितीयं प्रमाणम्

किञ्च, श्रीभागवते (४/३१/१४)—

यथा तरोर्मूलनिषेचनेन तृप्यन्ति तत्स्कन्धभुजोपशाखाः।
प्राणोपहाराच्च यथेन्द्रियाणां तथाच सर्व्वार्हणमच्युतेज्या।।ख।।

तरोर्वृक्षस्य मूलनिषेचनेन मूले अतिशयपूर्णजलाभिषेकेन तत्स्कन्धभुजोपशाखास्तस्य वृक्षस्य स्कन्धो बृहच्छाखा तदुद्भवा भुजा महत्तरशाखा, उपशाखा इत्यनेन बृहत्तरशाखाभ्यः क्रमतः किञ्चिन्न्यूनास्ततः किञ्चिन्न्यूनतरास्ततः किञ्चिन्न्यूनतमाः पत्रान्ता उपशाखाः कथ्यन्ते; यथैताः सर्व्वास्तु तृप्यन्ति। प्राणोपहारात् दशप्राणानां प्राणापानोदान-समान-व्यान-नाग-कुर्म्म-कृकर-देवैषत्त धनञ्जयानामुपहारात् भोजनप्रथमत एकद्वि-त्रिचतुःपञ्चषट्सप्तधा सत्वसम्पूर्णभोजनसन्तोषात् (१) स्वान्तादिसर्व्वेन्द्रियाणां यथा च सन्तृप्तिर्भवति। तथैव—एवशब्द-

---

असुर, दानव, यक्ष, राक्षस, प्रेत, भूत, पिशाचादि उपदेवताओंका भी बोध होता है। सभी ऋषिवृन्द, समस्त प्राणी, इन्द्र इत्यादि लोकपाल और इनके गण, स्वगणोंके सहित सूर्य, चन्द्र, मंगल आदि नवग्रह, वैनायक, शकुनि, पूतना, मुखमण्डिका, क्षुरा, रेवती, वृद्धरेवती, वृद्धिकोग्रा, मातृग्रह, बालग्रह, वृद्धग्रह आदि अन्य सभी ग्रह केवलमात्र नारायणकी पूजासे ही संतोषपूर्वक पूजित होते हैं। मैं उन्हीं गोविन्ददेवका भजन करता हूँ। गोविन्द कैसे हैं ? वे आदि पुरुष हैं, उनसे श्रेष्ठ और अन्य कोई भी नहीं हैं।

श्रीमद्भागवत् (४/३१/१४) में भी ऐसा कहा गया है—वृक्षकी जड़में पानी सींचनेसे वृक्षके स्कन्ध, शाखाएँ और उपशाखाएँ जिस प्रकारसे

---

(१) सत्त्वं रसः, सत्त्वसम्पूर्णं रसपूर्णम् ।

स्यार्थोऽतिनिश्चयं—अच्युतेज्या अच्युतः क्वापि च्युतो न भवति कोटिकोटिमहाप्रलयेऽपि सदा नित्यस्थायी आदिपुरुषत्वात्—तस्येज्या पूजा सर्व्वार्हणं भवति। अयमर्थः,—तस्मिन्नेकस्मिन् श्रीमदच्युते सम्पूजिते सति देवतापित्रादयः सर्व्वेऽतिशयसन्तुष्टत्व-पूजिताः स्युः—नात्र सन्देहः।

तृतीय प्रमाणम्

किञ्च उत्तरगीतायां (महाभारते भीष्मपर्व्वणि)—

देवादीनाञ्च पूज्योऽहं वर्णादीनां धनञ्जय।
मत्पूजनेन सर्व्वार्च्चा स्यात्ध्रुवं नात्र संशयः।। ग ।।

तृप्त हो जाती हैं, जिस प्रकार भोजन द्वारा प्राणोंको तृप्त करनेसे सभी इन्द्रियाँ पुष्ट हो जाती हैं, उसी प्रकार भगवान् अच्युतकी पूजासे समस्त देवताओंकी पूजा हो जाती है ।। ख ।।

वृक्षकी जड़में जल सींचनेसे वृक्ष, स्कन्ध, बड़ी-बड़ी शाखाएँ, उपशाखाएँ अर्थात् बृहत्तर शाखासे क्रमशः कुछ-कुछ न्यून, न्यूनतर और न्यूनतम पत्र पर्यन्त शाखाएँ—सभी तृप्त हो जाती हैं; प्राणमें आहार देनेसे—प्राण, अपान, समान, उदान, व्यान, नाग, कुर्म, कृकर, देवदत्त, धनञ्जय—इन दश प्राणोंमें आहार देनेसे अर्थात् भोजनके प्रथम ग्राससे लेकर—द्वितीय, तृतीय, चतुर्थ, पंचम, षष्ट, सप्तम आदि रसपूर्ण भोजन प्रदान करनेसे, प्राणके संतुष्ट होनेपर मन आदि सभी इन्द्रियाँ जैसे सम्यक् रूपसे संतुष्ट (तृप्त) हो जाती हैं, उसीप्रकार यहाँ 'एव' शब्दका अर्थ अत्यन्त निश्चितरूपसे—अच्युत अर्थात् आदि पुरुष होनेके कारण जो करोड़ों-करोड़ों महाप्रलयोंमें भी नित्य स्थायी (नित्य वर्तमान) रहते हैं और कभी उनकी च्युति नहीं होती, ऐसे आदि पुरुष श्रीकृष्णकी पूजा होने पर सभीकी पूजा हो जाती है।, भावार्थ यह है कि उन एकमात्र अच्युतकी भलीभाँति पूजा होने पर सभी देवता एवं पितृगण निःसन्देह रूपमें अत्यन्त संतोष सहित पूजित हो जाते हैं।

महाभारत भीष्मपर्वकी उत्तरगीतामें भी ऐसा कहा गया है—मैं देवताओं

देवानां त्रयस्त्रिंशत्कोटिनां बहुवचनत्वात्, आदिपदेन ऋषिपितृदैत्यादीनां ग्रहणम्। तथा वर्णादीनाञ्च वर्णानां ब्राह्मण-क्षत्रियविट्शूद्रानामादिपदेनाश्रमाणां ब्रह्मचारिगृहस्थवानप्रस्थ-सन्न्यासीनां, चकारात् संकरान्त्यजादीनां सर्व्वेषामहं पूज्यो नापरः कोऽपि। अतएव हे अर्जुन! ध्रुवमिति निश्चयं मत्पूजनेन मयि पूजिते सति सर्व्वार्च्चा सकलदेवतर्षिपितृवर्णाश्रमादीनां पूजा भवत्यत्र संशयो नास्तीति भावः।

चतुर्थ प्रमाणम्

किञ्च, यथा ऋग्वेदे कृष्णोपनिषदि—

ॐ कृष्णो वै सच्चिदानन्दघनः, कृष्ण आदिपुरुषः, कृष्णः पुरुषोत्तमः, कृष्णो हा उ कर्म्मादिमूलं, कृष्णः स ह सर्व्वैकार्य्यैः, कृष्णः काशंकृदादीशमुखप्रभुपूज्यः, कृष्णोऽनादिस्तस्मिन्न-जाण्डान्तर्बाह्ये यन्मंगलं तल्लभते कृतीति।।घ।।

और वर्ण आदिके द्वारा पूजनीय हूँ। मेरी पूजा होने पर निश्चित रूपसे सबकी पूजा हो जाती है, इसमें तनिक भी सन्देह नहीं है।।ग।।

'देव' शब्द बहुवचन होनेके कारण तैतीस करोड़ देवता और 'आदि' पदसे ऋषि, पितृ, दैत्यादि; 'वर्ण' अर्थात् ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य, शूद्र; ब्रह्मचर्य, गार्हस्थ, वानप्रस्थ, संन्यास चारों आश्रम; 'च'—कारके द्वारा वर्ण बहिर्भूत संकर-अन्त्यजादि सभीका मैं पूज्य हूँ, ऐसा और कोई नहीं है। इसलिए हे अर्जुन ! मैं पूजित होने पर देवता, ऋषि, पितृ, वर्णाश्रमादि सभीकी पूजा निश्चित रूपमें हो जाती है। इसमें तनिक भी सन्देह नहीं है।

ऋग्वेदके कृष्णोपनिषदमें भी इसी प्रकारसे कहा गया है—'ॐ कृष्ण ही सच्चिदानन्दघन हैं, कृष्ण ही आदिपुरुष, कृष्ण ही पुरुषोत्तम हैं, कृष्ण ही कर्म आदि की जड है, कृष्ण ही एकमात्र प्रभु हैं, कृष्ण ही ब्रह्मा, विष्णु तथा शंकर आदि ईश्वरोंके भी प्रभु एवं पूज्य हैं। कृष्ण अनादि हैं,

इह संसारे, वै अतिसत्यं, कृष्णशब्दस्यार्थः पुरैव व्याख्यातः सच्चिदानन्दघनः स हि—शुद्धसत्त्वं (सत्), अद्वयज्ञानं (चित्), अनिर्व्वचनीयसुखरससन्दोहलावण्यादि (आनन्दं) इति सर्व्ववैभवाः, —एतैर्घनो नवीनमेघपुञ्जवत् श्रीमच्छ्यामसुन्दरविग्रहः। यतः श्रीकृष्णोऽनादिर्न विद्यते ब्रह्माण्डान्तर्बाह्ये आदिर्यस्मात् सः। अतएव स श्रीकृष्ण आदिपुरुषो यत्परः सर्व्वाराध्यः कोऽपि पुरुषो नाास्ति। अतः कारणात् स श्रीकृष्णः (एव) पुरुषोत्तमो नान्यः। यथा श्रीपुरुषोत्तमत्वमाह श्रीभगवद्गीतायां (१५/१८)—

यस्मात् क्षरमतीतोऽहमक्षरादपि चोत्तमः।
अतोऽस्मि लोके वेदे च प्रथितः पुरुषोत्तमः।।

यस्मात् ब्रह्मेन्द्रादीन्द्रगोपपर्य्यन्तसर्व्वभूतात्मकञ्च कृत्स्नं जगत् क्षरं विनाशि, अहं तदतीतो नित्यत्वात्तद्भिन्नो यतो नित्य-धामस्थायी सदैव। तथा अक्षरादपि अविनाशिनो महाप्रलयेऽपि मदंशकलास्वरूप-श्रीमद्विराडादि-सर्व्वावताराद-

---

ब्रह्माण्डके अन्तर्गत और बाहरमें जितने प्रकारके मंगल हैं, कृष्णकी सेवा करनेवाले कृती व्यक्ति इन समस्त मंगलोंको कृष्णकी सेवा करनेसे प्राप्त हुआ करते हैं।।घ।।

इस संसारमें 'कृष्ण'-शब्दका निश्चित एवं अति सत्य अर्थकी पहले ही व्याख्या की जा चुकी है। सच्चिदानन्दघन कृष्ण 'सत्' अर्थात् शुद्धसत्त्वमय हैं, 'चित्' अर्थात् अद्वयज्ञान तत्त्व हैं, 'आनन्द' अर्थात् अनिर्वचनीय-सुखरस-सन्दोहलावण्यादियुक्त हैं, ये सब वैभव हैं,—इन सबके द्वारा घन अर्थात् मूर्त्तिमान नव मेघ पुञ्जकी भाँति श्रीश्यामसुन्दर विग्रह हैं। इसलिए ये श्रीकृष्ण अनादि हैं, वे ब्रह्माण्डके अन्तर्गत एवं बाहर सर्वत्र हैं । उनका कोई आदि नहीं है । अतः वे आदि पुरुष हैं। उनसे श्रेष्ठ एवं सर्वाराध्य दूसरा कोई भी नहीं है।

श्रीमद्भगवत्गीता (१५/१८) में श्रीकृष्णको पुरुषोत्तम कहा गया

प्युत्तमोऽहं, यतः सर्व्वावतारी विराट्, तस्मादहं श्रेष्ठः;—एतत् प्रकटलीलयोक्तम्। चकारादन्तर्लीलया तु भवद्रथारोहान्मत्तोऽपि (१) मम परमानन्दसन्दोहोऽविरतापरिमित-तौर्य्य-निषेवित-रस-सुखस्वरूपानन्दमन्दिर-सुखधामा। तत्राहं विशुद्धसत्त्वत्वेन श्रीमत्परमानन्दमयः सततं श्रीमदंगविहारी भूत्वानिवसामि। तत्र (अहं) कैश्चित्तत्सुखभजन-निष्ठैर्मद्रसिकभक्तैर्ज्ञेयो न तु सर्व्वैः। अतः कारणात् लोके चतुर्द्दशभुवने वेदे ऋक्सामाथर्व्वयजुःसारे, चकारात् भारतपुराणोपपुराणागम-रामायण-धर्म्मशास्त्र-वेदान्तादिषट्-

है—क्योंकि मै 'क्षर' वस्तुसे अतीत हूँ, अक्षर वस्तुसे भी उत्तम हूँ—इसलिए वेदोंमें और लोक संसारमें सर्वत्र ही मैं पुरुषोत्तमके नामसे प्रसिद्ध हूँ। ब्रह्मा इन्द्रसे लेकर क्षुद्र इन्द्रगोप कीट तक सर्वभूतात्मक समग्र विश्व क्षर (विनाशशील) है। मैं नित्य होनेके कारण इससे अतीत हूँ तथा सर्वदा नित्य धाममें वर्तमान रहता हूँ। उसीप्रकार 'अक्षर' अर्थात् महाप्रलयमें भी सभी अवतारोंसे श्रेष्ठ हूँ। 'च' कार द्वारा सूचित नित्य, अप्रकट अन्तर्लीलाके अनुसार—तुम्हारे रथपर आरूढ़ मेरे स्वरूपकी अपेक्षा मेरे परम आनन्द-राशि अविराम अशेष-तौर्य-सम्वर्धित रसमय सुख-स्वरूप आनन्द-निकेतन और सुखका आधार स्वरूप हूँ। मैं विशुद्धसत्त्व होनेके कारण परमसौन्दर्यानन्दमय-स्वरूप नित्य विग्रहमें सर्वदा अवस्थित हूँ। नित्य विग्रह-स्वरूपमें मैं सुख-स्वरूपके भजन-निष्ठ किन्हीं-किन्हीं रसिक भक्तोंके द्वारा ही ज्ञेय हूँ। सभी मुझे नहीं जान सकते। इसलिए चतुर्दश भुवनात्मक ब्रह्माण्डमें ऋक्-साम-अथर्व-यजु, महाभारत-पुराण-उपपुराण-आगम-रामायण-धर्मशास्त्र-वेदान्त आदि सर्व सिद्धान्तशास्त्र इत्यादि सबमें ऐसा कहा गया है कि भगवद्भजनको छोड़कर अन्य किसी उपायके द्वारा चौरासी लक्ष्य योनियोंमें भ्रमण रूप संसार-बन्धनसे उद्धार पानेवाला और कोई नहीं है। ऐसा निश्चितकर भजननिष्ठ ऐकान्तिक

(१) भवद्रथारूढ़ादिति पाठान्तरम्।

सिद्धान्तशास्त्रादिसारे चेत्युक्तं याथार्थ्येन। किं तत्?—मामृते चतुरशीतिलक्षयोनिभ्रमणसंसृतिबन्धनादुद्धर्त्ता सेव्यसेवकत्वेन भजनमार्गे कोऽप्यन्यः सेव्यो नास्तीति निश्चित्य मद्भजन-निष्ठोपासकानामानन्यशरणानां(१) प्रोत्साहाय नाम्ना श्रीपुरुषोत्तमः प्रथितः प्रकर्षेण ख्यातोऽस्मि। अत्रायं भावः,—हे अर्जुन! मदनन्य-भक्तस्तु श्रीकृष्ण-गोविन्द-नारायण-वासुदेव-मुकुन्दानन्ताच्युतादि-नामधेयश्रवणमात्रेण बाह्यान्तःपरमानन्दितो भवति। अतएव तत्सेव्य-प्रभुत्वेनाहमेव श्रीपुरुषोत्तमो नान्यः कोऽप्यपर इत्यर्थः।

अतएव श्रीकृष्णः कर्म्मादिमूलं, हा उ इति गानविशेषेण वेदविद्भीर्गीयते। कर्म्माणि,—नित्यनैमित्तिककाम्यानि, कर्मत्रयार्थः पुरैव व्याख्यातः। आदिपदेन गणेशादिनानादेवतोपदेवतादिपूजा, पितृलोकश्राद्धतर्पणादिक्रिया, अपरयागयज्ञदानव्रतहोमतपो-योगादयश्च। एतेषां सर्वकर्मणां मूलं मूलस्वरूपः। यथाविधि श्रीकृष्ण एकस्मिन्नभ्यर्च्चिते सति नित्य-नैमित्तिक काम्य-विबुधादिपूजन-पितृश्राद्धादि-यागयज्ञदानव्रतहोमतपोयोगादि सकलं परिपूर्णं स्यात्, तत्तत्कर्म-फलोदयश्च श्रीकृष्णार्च्चनात्

रूपमें शरण ग्रहण करनेवाले अपने उपासकोंको भलीभाँति उत्साह दान करनेके लिए ही मैं पुरुषोत्तम नामसे विशेषरूपसे प्रसिद्ध हूँ। इसका भावार्थ यह है कि—हे अर्जुन ! मेरे अनन्य भक्त—श्रीकृष्ण, गोविन्द, नारायण, वासुदेव, मुकुन्द, अनन्त, अच्युत आदि नाम श्रवण करने मात्रसे अन्दर और बाहरमें परमानन्दित होते हैं। इसलिए उन सबका सेव्य और प्रभुके रूपमें मैं ही पुरुषोत्तम हूँ, दूसरा और कोई नहीं है।

अतएव श्रीकृष्ण कर्मादिके मूल हैं। 'हा' 'उ' प्रभृति शब्द वेद गानमें गाये जाते हैं। कर्म समूहका तात्पर्य नित्य-नैमित्तिक और काम्य—इन तीनों प्रकारके कर्मोंसे है। कर्मत्रयका तात्पर्य पहले बतलाया जा चुका है।

(१) सद्भजननिष्ठ ......

भवति, नात्र सन्देहः।

कृष्णस्य सर्व्वैकपूज्यत्वं

सर्व्वैकार्य्यः सर्व्वेषां सकलदेवतर्षिपितृमनुष्यदैत्यादीनामेकः (आर्य्यः) स प्रभुः पूजनीयः। अन्येषां का वार्त्ता—स श्रीकृष्णः काशंकृदादीशमुखप्रभुपूज्यः। को ब्रह्मा, अकारो विष्णुः, शंकृत् महादेवो, गुणत्रय-सृष्टिस्थितिप्रलयाधिकारिणामेतेषाम्। आदिपदेन सनक-सनातन-सनन्दन-सनत्कुमार-मरीच्यांगिरः-पुलस्त्य-पुलह-क्रतु-भृगु-वशिष्ठ-दक्ष-नारद-स्वायम्भुव-मन्वादिनां ब्रह्मपूत्राणां, एतत्पुत्रपौत्रप्रपौत्रवृद्धप्रपौत्राद्युदभवानामखिल प्रजापति-देवतर्षि-मुनि-मनुष्यासुरादि तिर्य्यग्योन्यादिसम्भवानां ब्रह्माण्डान्तर्गतानां स्थावरजंगमादीनां ग्रहणं, तेषामीशो विराट्स्वराडादिर्मुखः आदिर्येषां तेषां-विराडादीनां, श्रीमदनन्त-कारणार्णवशायि-क्षीरोदशायि-गर्भोदशायि-मत्स्य-कूर्म-वराह-नृसिंह-वामन-रामत्रय-बुद्ध-कल्क्यपरविधापरिमितावताराणां, तथा परमपदस्थायिनः श्रीवैकुण्ठनाथस्यापि, तथा गोलोकधाम्न

'आदि'—शब्दसे गणेश आदि नाना देवताओं एवं उपदेवताओंकी पूजा, पितृ लोकोंके प्रति श्राद्ध-तर्पण आदि क्रियाएँ, अन्यान्य योग, यज्ञ, दान, व्रत, होम, तप आदिसे समझना चाहिए। ये सभी कर्मके मूल-स्वरूप हैं। एक कृष्णकी सब प्रकारसे पूजा होनेपर नित्य-नैमित्तिक-काम्य सभी कर्मोंका करना हो जाता है तथा दूसरे-दूसरे देवताओंकी भी पूजा हो जाती है । पितृ श्राद्धादि याग, यज्ञ, दान, व्रत, होम, तप, योग आदि सभी अनुष्ठान भगवत्पूजासे ही पूर्णताको प्राप्त होते हैं, श्रीकृष्णार्चन होनेसे ही वे सभी कर्मफल प्रदान करनेमें समर्थ होते हैं, इसमें तनिक भी सन्देह नहीं है।

सर्वैकार्यसे—सभी देवता, ऋषि, पितृ, मनुष्य इत्यादिके एकमात्र आर्य अथवा पूजनीय प्रभु समझना चाहिए। दूसरोंकी तो बात ही क्या?—

ईश्वरस्य प्रभुः श्रीकृष्णः। अतो ब्रह्माण्डान्तर्बाह्यस्थितानां सर्व्वेषां पूज्यः। अतस्तस्मिन् श्रीकृष्ण अभ्यर्च्चनप्रसन्ने सत्यजाण्डान्तर्बाह्ये यन्मंगलं यद्यत् (तत्सर्व्वमित्यर्थः); **अन्यकर्म्माकरणेन प्रत्यवायो न भवति तस्य कृतिनः,**—किन्तु स हि कृती मननशीलोऽनन्यशरणो (१) विवेकी सर्व्वार्थपरिपूर्णं यन्मंगलं सर्व्वकल्याणं तल्लभते।

पितृदेवार्च्चननिषेधे द्वितीयं प्रमाणं

किञ्च स्कान्दे रेवाखण्डे—

संकल्पञ्च तथा दानं पितृ-देवार्च्चनादिकम्।
विष्णुमन्त्रोपदिष्टश्चेन्न कुर्य्यात् कुशधारणम्।।२।।

वे श्रीकृष्ण काशंकृदादीशप्रमुख प्रभुओंके भी पूज्य हैं। 'क'—ब्रह्मा, 'अ'—विष्णु, 'शंकृत'—महादेव त्रिगुणोंके अधिष्ठातृ देवताके रूपमें ये सृष्टि, स्थिति एवं प्रलयकारी हैं। 'आदि'-शब्दसे सनक-सनातन-सनन्दन-सनत्कुमार-मरीचि-अंगिरा-पुलस्त्य-पुलह-क्रतु-भृगु-वशिष्ठ-दक्ष-नारद-स्वायम्भुव-मनु आदि ब्रह्माके पुत्रगण, इनके पुत्र-प्रपौत्र-वृद्धप्रपौत्र-तद्वंशीयगण, सभी प्रजापति-देवता-ऋषि-मुनि-मनुष्य-असुर आदिसे उत्पन्न हुए ब्रह्माण्डके अन्तर्गत स्थावर–जंगमादि सबको समझना चाहिए। इनके ईश्वर विराट् मुख अथवा इन सबके आदि, वे ही विराडादि श्रीअनन्त-कारणार्णवशायी-क्षीरोदशायी-गर्भोदशायी-मत्स्य-कूर्म-वराह-नृसिंह-वामन-रामत्रय-बुद्ध-कल्कि और दूसरे-दूसरे असंख्य अवतारोंके, उसीप्रकार परमपदस्थायी वैकुण्ठनाथके, तद्रूप भगवत्-स्वरूप गोलोक धामके भी ये प्रभु—श्रीकृष्ण हैं। इसलिए ब्रह्माण्डके अन्दर और बाहर स्थित सभीके पूज्य हैं। अतः अनुकूल अर्चनके द्वारा श्रीकृष्णके प्रसन्न होने पर ब्रह्माण्डके अन्तर्गत और उसके बाहर जो कुछ भी मंगल है—[**अन्य सभी कर्मोंके न करनेसे भी केवल कृष्णकी सेवा करनेवालेको पाप या अमंगल होनेकी सम्भावना नहीं है ।**] उन सारे सर्वाभीष्ट परिपूर्ण कल्याणोंको

---

(१) मननलीलः।

चेद् यदि विष्णुमन्त्रोपदिष्टो लोकमात्रस्तदा पितृदेवार्च्चनादिकं न कुर्य्यात्। पितृपदेन सकलपितृमातृलोकस्य ग्रहणं, तस्यार्च्चनमित्येनेन श्राद्धतर्पणादिकृत्यं, देवार्च्चनमित्येनेन गणेशादिसर्व्वदेवानां पूजनं, आदिपदेन नित्यनैमित्तिककाम्याद्यपरं **नामापराधजनकं समस्तं कर्म्म**; तथा संकल्पं—तत्तत्-कर्म्मफलोद्देशकारकमनोऽनुसन्धारणं; तथा दानं—फलाकाङ्-क्षत्वेन वाक्यरचनया यद्दानं; तथा कुशधारणं,—चकारादपराणि **श्रीभगवद्धर्म्मनिषिद्धानि** यानि यानि कर्म्माणि तान्यपि न कुर्य्यादित्यन्वयः।

अत्र पूर्व्वपक्षः

ननु मन्वादिधर्म्मशास्त्रोक्तवचनप्रमाणतया वर्णादिमनुष्य-मात्रस्य ऋणानि षट् तदधीनत्वञ्च भवति। यथा विष्णुः,—

अनन्य शरणागत मननशील विवेकी कृती जन सहज ही प्राप्त किया करते हैं।

(पितृ-देवार्चन निषेधके लिए द्वितीय प्रमाण)—स्कन्द पुराण रेवाखण्डमें ऐसा कहा गया है—**'कोई भी मनुष्य विष्णु मन्त्रमें दीक्षित होने पर संकल्प, दान, पितृ-देवार्चन आदिका अनुष्ठान न करेंगे, कुश भी धारण नहीं करेंगे'**।।२।।

कोई भी मनुष्य विष्णु-मन्त्रमें दीक्षित होने पर पितृ-देवार्चन अर्थात् पितृ एवं अन्यान्य देवताओंका अर्चन इत्यादि न करेंगे। यहाँ 'पितृ'—शब्दसे सभी पितृ-मातृ लोकोंको ग्रहण करना चाहिए, उनका अर्चन अर्थात् श्राद्ध-तर्पण आदि अनुष्ठानोंका भी निषेध समझना चाहिए। 'देवार्चन'—पदसे गणेश इत्यादि सभी देवताओंकी पूजा समझनी चाहिए। 'आदि'-शब्दसे नित्य-नैमित्तिक-काम्य आदि **नामापराधजनक दूसरे-दूसरे सभी कार्योंको ग्रहण करना चाहिए**। 'संकल्प'का तात्पर्य विविध कर्मफलोंके उद्देश्यसे मनको स्थिर करनेसे है। 'दान'का तात्पर्य फलकी आकांक्षा

देवतापितृबन्धूनामृषिभूतनृणान्तथा।
ऋणी स्यात्तदधीनश्च वर्णादिर्जन्ममात्रतः।।

उत्तरपक्षे मुकुन्दसेवया सर्व्वानृण्यं

तत्तु श्रीभगवन्नाममन्त्रोपदिष्टानन्यशरणगृहस्थादि-नरमात्रस्य न स्यादित्याह श्रीभागवते (११/५/४१)—

देवर्षिभुताप्तनृणां पितृणां नायं किङ्करो न ऋणी च राजन्।
सर्व्वात्मना यः शरणं शरण्यं गतो मुकुन्दं परिहृत्य कर्त्तम्।।

यः कश्चिद् वर्णाश्रमादिस्थो मानुषमात्रः, सर्व्वात्मना (इत्यस्य) अयमर्थः, **श्रीसद्गुरु-पञ्चसंस्कारपूर्व्वक श्रीभगवन्नाम-मन्त्रोपदिष्टानन्यशरणत्व** श्रीभगवद्धर्म्मशिक्षादृढ़तरनिष्ठा-विवेकत्वसदाभजनप्रतापनिर्भयते (१) वेदस्मृतिपुराणाद्युक्त-संसारिक-नित्यनैमित्तिककामाद्यपर सर्व्वकर्म्मसु तत्तत्सर्व्वकर्म्म कर्त्तृत्वं

रखकर मन्त्र आदिके माध्यमसे दान करनेसे है। 'कुश धारण' और 'च' कारके द्वारा भगवद्धर्ममें निषिद्ध कर्मोंको समझना चाहिए। ऐकान्तिक भक्तोंके लिए इन सबका करना निषिद्ध है। अतः उन्हें इन सब कार्योंको करना नहीं चाहिए।

(यहाँ पर यह आपत्ति हो सकती है कि)—मनुस्मृति आदि धर्मशास्त्रोंमें कहे गये प्रमाणके अनुसार चारों वर्णादिके सभी मनुष्योंके ऊपर कुछ-कुछ ऋण रहते हैं, उन ऋणोंको चुकानेका उनपर निश्चित दायित्व भी है। जैसे विष्णु-संहितामें कहा गया है,—'वर्णादिके अन्तर्गत सभी मनुष्य जन्ममात्रसे ही देवता-पितृ-बन्धु-ऋषि-प्राणी और मनुष्य समाजके ऋणी और अधीन होते हैं।'

(आपत्ति खण्डन)—किन्तु **श्रीभगवान्‌के नाम-मन्त्रमें दीक्षित अनन्य शरणागत गृहस्थ आदि मनुष्यमात्रके लिए पूर्वोक्त निषिद्ध नहीं है।** श्रीमद्भागवत (११/५/४१) में ऐसा कहा गया है—हे राजन्! जो अन्यान्य

---

(१) निर्भयता (?), निर्भयत्वात्, निर्भरतः ।

विहाय, यत अकर्त्ता—अहङ्कारविमूढ़ात्मा कर्त्ताहमिति मन्यते इति न्यायात्, केवलं श्रीभगवान् मुकुन्द एव पूज्यतया श्रोतव्यः कीर्त्तितव्यः सेव्यो वन्दनीय इत्यादि, एतद्व्यतिरेकेण तु सर्व्वं कर्म्मं व्यर्थं नश्वरत्वादिति शुद्धान्तःकरणत्वमिति विचारेण (१) कर्त्तं सेवानामापराधजनकं नित्यादि समस्तं कर्म्म, परिहाय सर्व्वतोभावेन त्यक्त्वा, अस्मिन् ब्रह्माण्डान्तर्बाह्ये श्रीमुकुन्दं विना कोऽपि शरण्यो नास्ति ब्रह्मेन्द्रादीनां सर्व्वलोकानामतः शरण्यं शरणयोग्यं, श्रीमद्गुरुदीक्षासमयतः स्वयं विक्रीतभृत्यत्व आत्मसात्कृन्महिमं (२) कैवल्यैकं श्रीमन्मुकुन्दं,—मुकुन्दशब्दस्यार्थः पुरा व्याख्यातो यथावसरं,—शरणं गतो भवबन्धनान्मुक्तो भवन् भृत्यवत् सेवां कर्त्तुं तद्दासत्वेनोपस्थितः, स देवर्षिभूताप्तनृणां—

कर्मोंको परित्याग कर सब प्रकारसे श्रीमुकुन्दके चरणोंमें अनन्यरूपसे शरणागत होते हैं, वे देवता, ऋषि, भूत, आप्त, मनुष्य और पितृगणोंके निकट ऋणी नहीं होते या उनके किंकर नहीं होते हैं।

वर्णाश्रम आदिमें अवस्थित कोई भी मनुष्य सर्वतोभावेन अर्थात् **सद्गुरुके निकट पंचसंस्कार द्वारा भगवन्नाम-मन्त्रमें दीक्षा प्राप्त कर अनन्य शरणागतिके द्वारा** भगवद्धर्म शिक्षाके फलसे दृढ़तर निष्ठाविवेक तथा नित्य साधन-भजनके प्रभावसे निर्भय होकर श्रुति-स्मृति-पुराण आदिमें उपदिष्ट सांसारिक नित्य-नैमित्तिक-काम्य प्रभृति सभी कर्मोंमें कर्तृत्वको त्यागकर भगवान्का भजन किया करते हैं; क्योंकि "अहंकार विमूढ़ व्यक्ति तो अपनेको कर्त्ता मानता है," किन्तु शरणागत ऐकान्तिक भक्त अकर्त्ता मानता है।

प्राणीमात्रके पूज्य होनेके कारण भगवान् मुकुन्द ही श्रवण-कीर्त्तन-सेवा-वन्दनादि सबके एकमात्र विषय हैं। इसके अतिरिक्त समस्त प्रकारके कर्म नश्वर होने तथा भगवत्प्रीतिको लक्ष्य नहीं करनेके कारण व्यर्थ हैं

(१) शुद्धान्तःकरणमिति विचारेण (?), शुद्धान्तःकरणमतिविचारेण।
(२) विक्रीतभृत्यत्वात्मसात्कृन्महिमं (?)

देवत्वेन ब्रह्मेन्द्रादित्रयस्त्रिंशत्कोटिनां, ऋषित्वेन देवर्षिमहर्षि-राजर्ष्यादीनां, भूतत्वेन स्थावर जंगमादीनां जीवानामाप्तत्वेन दारकन्यापुत्रपौत्रादिसहोदरसगोत्रादीनां, नृणामित्यनेन मनुष्य-मात्राणां, पितृणामित्यनेन सकलपितृलोकानां, चकारादुप-देवतादीनां, न ऋणी नाधमर्णो, न किङ्करो न सेवक इत्यति-निश्चयतः।

ऋणिकिङ्करशब्दतात्पर्य्यम्

हे राजन् परीक्षित् ! ऋणिकिङ्करयोर्निर्गलितार्थः कथ्यते तत् श्रृणु,—देवतानां तर्पणपूजादिके कृते सति लोकस्तेषां किङ्करो भवति, एवं सर्व्वत्र; तथा ऋषीणां तर्पणपूजने, तथा भूतानां सर्व्वजीवमात्राणां अन्नजलादिभिः सन्तर्पणमाप्तानां स्वकीयजनानां दारपुत्रकन्यादीनां परिपोषणपूर्व्वकपुत्रकन्या-

---

ऐसा समझना ही अन्तःकरणकी शुद्धि है। इस विचारसे सेवा-नामा-पराधजनक नित्य-नैमित्तिक आदि सभी कर्मोंका परित्यागकर श्रीमुकुन्दकी सेवा करनी चाहिए। इस ब्रह्माण्डके भीतर और बाहर कहीं भी श्रीमुकुन्दके सिवाय ब्रह्मा-इन्द्र प्रभृति देवता कोई भी जीवोंके लिए शरण्य नहीं है, अतएव मुकुन्द ही शरण देनेके योग्य हैं। सद्गुरुसे दीक्षा ग्रहण करनेके समयसे आरम्भकर दीक्षित व्यक्तियोंको विक्रीत भृत्यके रूपमें स्वयं आत्मसात् करनेवाले, परम महिमामय कैवल्यके भी एकमात्र विषय, मुकुन्दकी शरणागतिके द्वारा भवबन्धनसे मुक्त होकर भगवान्के सेवक रूपमें सेवा करनेके लिए वे (शरणागत-भक्त) उपस्थित हैं; वे ब्रह्मा इत्यादि तैंतीस करोड़ देवताओंके, देवर्षि-महर्षि-राजर्षियोंके, स्थावर-जंगम आदि भूतोंके, स्त्री-कन्या-पुत्र-प्रपौत्रादि-सहोदर-सगोत्रादियोंके, मनुष्यमात्रके, समस्त पितृपुरुषोंके एवं उपदेवताओंके सुनिश्चितरूपमें ऋणी या किंकर नहीं होते।

हे राजन् ! **ऋणी-किंकर शब्दका तात्पर्य** बतला रहा हूँ, श्रवण कीजिये। लोकदेवतादिके लिए तर्पण पूजा करनेसे उन-उन देवताओंके

जातकर्म्मादिसर्व्वसंस्कारादिकं कर्म्म, नृणां मनुष्यमात्राणामतिथ्यभ्यागतस्वरूपेण यथाविधि सेवनं, तथा पितॄणां जीवतः पितुः सेवादिपूर्व्वकं पश्चात् तत्पञ्चत्वे सति श्राद्धतर्पणादिकम्; सकलैतत् कर्म्मण्यकृते ऋणी, कृते तु किङ्कर इत्यर्थः।

नन्वनन्यशरणाचरणं केवलश्रीभगवत्पूजादिकं विना कर्म्मलोलुपकर्म्मठानां पितृ-देवार्च्चनादिभिरवश्यमेव पश्चात् पञ्चत्वे सति तत्तद्देवता-पितृलोकादिगमनं ततः पुनरावर्त्तनं नश्वरत्वात्। अत्र श्रीभगवद्वचनेनैव प्रमाणयति, यथा श्रीभगवद्गीतायां (९/२५)—

अन्यार्च्चनस्यनश्वरफलकत्वं

यान्ति देवव्रता देवान् पितॄन् यान्ति पितृव्रताः।
भूतानि यान्ति भूतेज्या यान्ति मद्याजिनोऽपि माम्।।

ब्रह्मेन्द्रादिसर्व्वदेवेषु व्रतं पूजाजपयज्ञहोमतर्पणादिनैकान्तभावो येषां ते पश्चादन्तकाले देवान् तत्तद्देवलोकान् यान्ति, पुनरावर्त्तनं प्राप्नुवन्ति (च) । एवं विशिष्टानां मम सेवाबहिर्म्मुखानां

किंकर होते हैं। उसी प्रकारसे सबके प्रति समझना चाहिए। ऋषियोंके तर्पण, उनकी पूजा, अन्न और जल आदिके द्वारा जीवमात्रको संतुष्ट करना, स्त्री-पुत्र-कन्या आदि अपने परिवारको पोषणपूर्वक, पुत्र-कन्या इत्यादिके जातकर्म आदि संस्कार कार्य अतिथि-अभ्यागत रूपमें उपस्थित जीवमात्रकी यथाविधि सेवा, पिताके जीवितावस्थामें सेवादि विधान और उनकी मृत्युके पश्चात् श्राद्ध-तर्पण आदि करना, ये सभी कर्म अनुष्ठित नहीं होने पर ऋणी होना पड़ता है और अनुष्ठित होनेसे किंकर होता है।

किन्तु श्रीमुकुन्दके अनन्यशरणागत भक्तोंके लिए आचरणीय केवल भगवत्सेवाके अतिरिक्त पितृदेवार्चनके द्वारा कर्मलोलुप कर्मियोंकी मृत्युके बाद स्वर्ग आदि लोकगमन एवं नश्वरत्व हेतु वहाँसे पुनरावर्तन होता रहता है। श्रीभगवान्के श्रीवचनोंके द्वारा प्रमाणित होता है—जैसे गीतामें

महाप्रलयकालपर्य्यन्तम्। तत्तद्देवतोपासकानामपि (तान्) विहाय अपरोपदेवतादिसेवनापरानेकशतशतनिन्द्यकर्म्मकर्त्तृत्वेन मन्मायामोहितधियां तेषां चतुरशीतिलक्षयोनिभ्रमणमवश्यमेव भवति, नात्र सन्देहः। तथा महागुरौ पितरि जीवति सति भक्त्या तत्सेवनादिकं विना, तस्मिन् यथाकाले यथातथा पञ्चत्वमापन्ने सति तन्मृताहं प्राप्य वर्णाश्रमादिषु सर्व्वजीवेषु भूरिभोजनाचरणव्यतिरेकेण,—यदि तु मद्भक्तास्तदा ब्राह्मणादि-जीवमात्रेषु विशेषतो वैष्णवेषु च सहजेनान्नजलादिनिवेदनं विना, **तेभ्यः पितृभ्यः श्रीमन्महाप्रसादचरणोदकादिनिवेदनवाक्यं विना** च—मद्बहिर्म्मुखभावतस्तर्पणश्राद्धादिक्रियापरत्वेन वाक्यरचना-संघातव्रतं येषां तर्पणश्राद्धादिवाक्यरचनासंघात-क्रियापराणां कर्म्मिणां ते तथा पितृलोकान् यान्ति तत्कर्म्मवशात्। तथा भूतेषु भूतप्रेतपिशाच-विनायक-मातृगण-डाकिनी-योगिनीगण क्षेत्रपालादिगण-कवन्धपगण-भैरवगणाद्युपदेवतावृन्देषु नानामुर्त्तिविविधप्रकारेषु इज्या पूजा येषां ते भूतेज्या भूतानि

(६/२५) भगवान् श्रीकृष्ण कह रहे हैं कि—देवव्रतगण देवलोकको, पितृव्रतगण पितृलोकको, भूत आदि पूजक भूतलोकको प्राप्त होते हैं; किन्तु मेरे सेवकगण मुझेही प्राप्त होते हैं। पूजा-जप-यज्ञ-होम तर्पण आदिके द्वारा ब्रह्मा, इन्द्र आदि देवताओंमें एकान्तभाववाले देवव्रतगण मृत्युके पश्चात् उन्हीं देवताओंके धाममें गमन करते हैं और वहाँसे पुनः लौट आते हैं। मेरी सेवासे विमुख ऐसे-ऐसे विविध देव-उपासक व्यक्तियोंकी बुद्धि मेरी मायाके द्वारा मोहित हो जाती है। वे मायामोहित बुद्धिवाले उपासक उन-उन उपास्योंको परित्यागकर दूसरे-दूसरे देवताओंकी सेवा और सैंकड़ों प्रकारके निन्दनीय कर्मोंके कर्त्ता बनकर महाप्रलयकाल पर्यन्त चौरासी लक्ष योनियोंमें निश्चितरूपमें भ्रमण किया करते हैं—इसमें तनिक भी सन्देह नहीं है। **हमारे भक्तजन** अपने परमपूज्य (वैष्णव)

भूतादिनां यानि यानि स्थानानि तानि यान्ति । तथाऽनन्य-शरणत्वेन केवलमेकं मां यष्टुं शीलं येषां ते मद्याजिनो मद्दासभक्ताः, ते तु मां नित्यमव्ययं निजधामविराजमानं परमानन्द-सन्दोहार्णवघनश्यामसुन्दरस्वरूपविग्रहं यान्ति। अयमर्थः,—यतोऽनन्यशरणानां सेव्योऽहं न तु दैवमिश्राणां, अतएव मन्निजसेवकत्वेन मद्धामोपेत्य यथैवेह मद्याजिनस्तथा मन्निज-धाम्नि ते मद्दासा मम तत्तत्सेवां कुर्व्वन्तीत्यर्थः—नात्र सन्देहः।

पितृदेवार्च्चननिषेधे तृतीयं प्रमाणम्

तथा वशिष्ठसंहितायां—

नित्यं नैमित्तिकं काम्यं दानं सङ्कल्पमेव च।
दैवं कर्म्म तथा पैत्रं न कुर्य्याद्वैष्णवो गृही।।३।।

दैवं देवपूजादिकं कृत्यं, पैत्रं पितृश्राद्धतर्पणादिकृत्यम्;

पिताकी जीवित काल तक भक्तिपूर्वक सेवा आदि करते हैं पिताकी मृत्यु होने पर ब्राह्मण आदि जीवमात्रको विशेषतः वैष्णवोंको सहज लभ्य अन्न-जल आदिसे एवं **उन पिताको श्रीमहाप्रसाद और श्रीभगवत्-चरणामृत प्रदान किया करते हैं**। दूसरे लोग पिताके जीवितकालमें भक्तिपूर्वक उनकी सेवा करते हैं तथा यथाकालमें उनकी मृत्यु होने पर पिताके श्राद्ध-संस्कारके समय वर्णाश्रमी सभी जीवोंको सुन्दर-सुन्दर भोजन कराते हैं। इतना ही नहीं वे भगवत्सेवाके विमुख होनेके कारण श्राद्ध-तर्पण आदि वाक्यरचनासंघातक्रिया-परायण कर्मी होते हैं। वे पितृव्रतके कारण वैसे कर्मोंके फलसे पितृलोकमें गमन करते हैं । भूतोंकी पूजा करनेवाले अर्थात् नानाप्रकारकी मूर्तिविशिष्ट भूत-प्रेत-पिशाच-विनायक-मातृगण-डाकिनी-योगिनी-क्षेत्रपाल-कबन्ध-भैरव आदि उपदेवताओंकी पूजापरायण व्यक्ति भूत आदि विविध स्थानोंको प्राप्त होते हैं। अनन्य शरणागत होकर केवलमात्र मेरी ही पूजा करनेवाले—'मद्याजी' मेरे दास या भक्त हैं। ये लोग मेरी अनन्यभक्तिके कारण स्वधाममें विराजमान परमानन्दराशि-वारिधि-स्वरूप घनश्यामसुन्दर नित्य अव्यय सच्चिदानन्द-

ब्रह्मचार्य्यादिनां करणाकरणयोः को विचारः?—किन्तु गृही गृहस्थोऽपि **वैष्णवः सद्गुरुकेवलविष्णुनाममन्त्रोपदिष्टः** अनन्यशरणत्वेन केवलश्रीविष्णुपूजादिकं विना नित्यादिकं किञ्चित् कर्म्म न करिष्यतीत्यन्वयः।

पितृदेवार्च्चननिषेधे चतुर्थं प्रमाणम्

तथा रुद्रयामले च,—

इतरेषाञ्च देवानां मनसा यदि पूजनम्।
विष्णुभक्तस्तु कुरुते ह्यपराधात् पतत्यधः।।४।।

इतरेषां श्रीविष्णोर्देवाधिदेवात् भिन्नतरगणेशादीनां, मनसा—आवाहनविसर्ज्जनादिभिस्तत्तद्देवतामूर्त्त्यादिपूजा दूरे तिष्ठतु, केवलं मानसेन देवतापूजनं, चकारात् तथा नित्यनैमित्तिककाम्यापरपितृ-

---

विग्रह मेरे निकट ही गमन करते हैं। इसका अर्थ यह है—क्योंकि मैं अनन्यशरणागतोंका सेव्य हूँ, दैवमिश्रगणका मैं सेव्य नहीं हूँ। अतएव वे मेरे सेवक होनेके कारण इस जगतमें मेरे श्रीवृन्दावन धाम आदिका आश्रय ग्रहणकर मेरी सेवा करते हैं; अन्तमें मेरे स्वधाममें गमनपूर्वक वहाँ भी विविध प्रकारसे मेरी सेवा किया करते हैं—इसमें सन्देह नहीं है।

(पितृदेवार्चन निषेधके सम्बन्धमें तृतीय प्रमाण)—वशिष्ठ संहितामें ऐसा उल्लेख है—गृहस्थ वैष्णवोंको नित्य, नैमित्तिक, काम्य, दान, संकल्प, दैव और पैत्र कर्म नहीं करना चाहिए। यहाँ देवका अर्थ देवपूजा इत्यादि कृतियोंसे समझना चाहिए । फिर ब्रह्मचारी आदिके लिए उनका करना और न करना, इसमें विचार ही क्या है? अर्थात् ये अवश्य ही नहीं करेंगे। **सद्गुरुके निकट केवल विष्णु-मन्त्रमें दीक्षित ग्रहस्थ वैष्णव भी** अनन्यशरणागत होनेके कारण केवल विष्णु पूजा ही करेंगे। इसके अतिरिक्त नित्य आदि कोई कर्म नहीं करेंगे।

(पितृदेवार्चन निषेधके सम्बन्धमें चतुर्थ प्रमाण)—उसी प्रकार रुद्रयामलमें भी कहा गया है कि—विष्णुभक्त यदि मनसे भी देवताओंकी पूजा करते हैं तो उस अपराधके कारण वे पतित हो जाते हैं। अतः यहाँ

श्राद्धतर्पणादिकं कर्म्म च। अन्येषां का कथा—श्रीविष्णुभक्तस्तु मोहात् भ्रम-प्रमादाद्वा यदि कुरुते तदा **सेवा-नामापराधतो**ऽधः-पतति। किं तत् ?—तत्तत्कर्म्मरज्जुभिवर्द्धस्य पुनःपुनर्जन्ममरणतः कदाप्यूर्ध्वगमनं कदाप्यधोगमनम् स एवंविधो भवति।

पितृदेवार्च्चननिषेधे पञ्चमं प्रमाणम्

पाद्मे,—

वैष्णवस्य न सङ्कल्पो नो दानं न च कामना।
प्रायश्चित्तञ्च नो यागः सद्भूदेवादिपूजनम्।।
शुद्धपूतः सदा कार्ष्णः कुशधारणवर्ज्जितः।
कामसङ्कल्परहितश्चान्तर्बाह्यहरिर्यतः।।
वैष्णवो नान्यविबुधानर्च्चयेत्तांश्च नो नमेत्।
न पश्येत्तान्न गायेच्च न निन्देन्न स्मरेत्तथा।।
तेषां न भक्षेदुच्छिष्टमनन्यो नैष्ठिको मुनिः।
न तज्जनानां देवर्षे सङ्गं कुर्य्यात् प्रयत्नतः।।५।।

दूसरे देवताओंको समझना चाहिए। मनके द्वारा भी अर्थात् आवाहन-विसर्जन आदिपूर्वक देवताओंकी मूर्ति इत्यादिकी पूजा तो दूर रहे-केवल **मनसे भी अन्य देवताओंकी पूजा ऐकान्तिक वैष्णवोंके लिए उचित नहीं है**। च—कारके द्वारा—नित्य, नैमित्तिक, काम्य, अन्यान्य पितृ-तर्पण इत्यादिको समझना चाहिए। यदि विष्णुभक्त मोह, भ्रम या प्रमादवशतः इन अनुष्ठानोंको करता है तो वह **सेवा और नामापराधके द्वारा अधःपतित हो जाता है**। वह कैसे ?—वह व्यक्ति उन्हीं कर्म रज्जुओंके द्वारा बँधा हुआ होनेके कारण कभी ऊर्ध्वगमन और कभी अधोगमन करता है। उपरोक्त कर्म करनेवाले ऐसी दशाको प्राप्त होते हैं।

(पितृ-देवार्च्चन निषेधके सम्बन्धमें पंचम प्रमाण)—पद्मपुराणमें उल्लेख है कि—'वैष्णवोंके लिए संकल्प, दान, कामना, प्रायश्चित्त और यागका विधान नहीं है। किन्तु उनके लिए वैष्णव-ब्राह्मणादिकी सेवा अवश्य ही

वैष्णवानां स्मार्त्तकल्पितप्रायश्चित्तनिषेधः

अनन्यशरणत्वेन श्रीविष्णुरेव सेव्यो यस्य तस्य तु सङ्कल्पो नास्ति, दानं नास्ति, कामना विविधमानसेप्सितक्रिया नास्ति। चकारात् नित्यनैमित्तिककाम्यदेवतापूजा-पितृ-श्राद्धतर्पणादिहोम व्रतयज्ञादीनि विविधकर्म्माणि न सन्ति। यागो नास्ति। सङ्कल्पदानयागशब्दस्यार्थः पूर्व्वं कल्पितः। दैववशान्महापातक-पातकातिपातकोपपातकानुपातकादि कर्म्मप्रत्यवाय-परिहारार्थं यत् प्रायश्चित्तं तदपि वैष्णवस्य नास्ति।

सात्वतप्रायश्चित्तविधानम्

किन्तु चकारादेव तत् प्राप्यते। किं तत् ?—केवलं श्रीगुरु-गोविन्दतस्तदभावे तत्पत्न्यास्तदभावे तत्पुत्रात्, तदभावे सतीर्थ-गुरुभ्रातुस्तदभावे सजातीयानन्यशरणसाधुतः पुनः—पञ्चसंस्कार-पूर्व्वकं श्रीभगवन्नाममन्त्रग्रहणं, पुनः—संस्कारातिशयशुद्धस्य तस्य श्रीविष्णुपूजनं, तन्नामादिश्रवण-कीर्त्तन-स्मरण-वन्दनादिपूर्वकं

कर्त्तव्य है। कृष्णसेवक सर्वदा शुद्ध, पवित्र कुशधारण रहित और संकल्प रहित होते हैं; क्योंकि उनके भीतर बाहर सर्वत्र ही श्रीहरि विराजमानरहते हैं। वैष्णवजन दूसरे-दूसरे देवताओंकी पूजा नहीं करेंगे । उनको प्रणाम और दर्शन भी नहीं करेंगे तथा प्रशंसा, निन्दा, स्मरण और उनका उच्छिष्ट भोजन भी नहीं करेंगे। 'हे देवर्षे ! अनन्य निष्ठावान्, मुनि, वैष्णवजन अन्यान्य देवताओंके सेवकोंका संग यत्नपूर्वक परित्याग करेंगे'।।५।।

(वैष्णवोंके लिए स्मार्त्त विधानके अनुसार प्रायश्चित्त करना निषिद्ध है)—अनन्यशरणागत होनेके कारण विष्णु ही उनके एकमात्र सेव्य हैं। ऐसे वैष्णवोंके लिए संकल्प, दान, कामना अर्थात् सांसारिक किसी प्रकारकी अभिलषित क्रियाओंको नहीं करना चाहिए। च—कारके द्वारा नित्य-नैमित्तिक-काम्य-देवताओंकी पूजा-पितृश्राद्ध-तर्पण आदि उनके लिए होम-व्रत-यज्ञ आदि अन्यान्य कर्म करणीय नहीं हैं। उनके लिए यागकी

महोत्सवादिकं करणीयम्—(१) तथा सद्भूदेवादिपूजनं सतामनन्यकार्ष्णादीनां भूदेवानां श्रीहरिनाममन्त्र-गायत्रीमन्त्र-पूतानां पूजनं स्नान-भोजन-पान-ताम्बूल-स्रक्-चन्दन-वस्त्रादि-भिर्यथाविधिसेवनम्। आदिपदेन यथापरिमितं यथाशक्ति मनुष्यादिसर्व्वजीवसन्तर्पणमन्नजलादिभिरित्यर्थः। एवमनेन

व्यवस्था नहीं है। संयोगवशतः संघटित महापातक, पातक, अतिपातक, उपपातक, अनुपातक आदि कर्मोंके प्रत्यवाय (त्रुटियों) को दूर करनेके लिए स्मार्त्त विधानमें कहे गये प्रायश्चित्त आदिकी व्यवस्था भी वैष्णवोंके लिए नहीं है। किन्तु च—कारके द्वारा **अन्यविधि प्रायश्चित्तकी** प्राप्ति सूचित होती है। वह यह है कि—श्रीगुरुगोविन्द, उनके अभावमें उनकी पत्नी, उनके अभावमें उनका पुत्र, उनके अभावमें सतीर्थ गुरुभ्राता, उनके अभावमें स्वजातीयाशय अनन्यशरणागत वैष्णव साधुओंसे पुनः पंचसंस्कार ग्रहणपूर्वक श्रीभगवन्नाम-मन्त्र ग्रहण, पुनः संस्कारसे अत्यन्त शुद्ध होकर विष्णुकी पूजा एवं भगवन्नामके श्रवण कीर्त्तन-स्मरण-वन्दनादिपूर्वक महोत्सव इत्यादि कर्त्तव्य है।

नारदपंचरात्रकी भरद्वाज संहितामें **सात्वत-प्रायश्चित्तकी व्यवस्था** इस प्रकार दी गयी है—एकमात्र भगवत् शरणागति ही प्रायश्चित्त है अथवा श्रीभगवान् वासुदेवको स्मरणपूर्वक कर्मात्मक (भगवत्सम्बन्धी) प्रायश्चित्त कर्त्तव्य है। विष्णुभक्तोंकें दर्शन, स्पर्शन, सेवन, स्मरण, महाप्रसाद, चरणोदक, हरिकथा, पदरज, पदजल और भगवत् कीर्त्तनादिके द्वारा विशुद्ध होना चाहिए। इनसे अवैष्णव दर्शन, स्पर्शन आदिसे उत्पन्न अपवित्रताकी परिशुद्धि भी विशेषरूपसे हो जाती है। श्रीहरिके नित्य

---

(१) नारदपञ्चरात्रे भरद्वाजसंहितायां सात्वतप्रायश्चित्तव्यवस्था एवं वर्त्तते,—प्रायश्चित्तं तु परमं प्रपत्तिस्तस्य केवलम्। कुर्य्यात् कर्म्मात्मकं वापि वासुदेवमनुस्मरन्; विशुद्ध्येद्विष्णुभक्तस्य दृष्ट्या स्पर्शेन सेवया। स्मरणेनान्नपानाद्यैर्गिरा पादरजोऽम्बुभिः॥ विष्णोर्निवेदितान्नाद्यैस्तथा तत्कीर्त्तना-दिभिः। अभागवतदृष्ट्यादेः शुद्धिरेषा विशेषतः॥ कृता यज्ञाः समस्ताश्च दानानि च तपांसि च। प्रायश्चित्तमशेषेण नित्यमर्च्चयता हरिम्॥—(३/२२-२५)॥

प्रकारेण वैष्णवः सदा शुद्धः सदा पूतः, यतोऽन्तर्बाह्यहरिरनन्याश्रयत्वात्। अतः कामसङ्कल्परहितः कुशधारणवर्ज्जित।

अनन्यशरणताविवेकः

काष्र्णोऽपि एवम्भूतोऽनन्यः श्रीकृष्णं विना यस्यान्यो नास्ति सेव्यत्वेन, तथा नैष्ठिकः श्रीभगवद्धर्म्मनिष्ठानिपुणः, तथा मुनिर्मननशीलः कर्त्तव्यविवेकी, एवं विशिष्टः काष्र्णो वैष्णवश्चान्यविबुधान्

अर्चन करनेवाले व्यक्ति यज्ञ, दान, तपस्या और प्रायश्चित्त अशेषरूपमें कर लिया करते हैं। अर्थात् जो लोग श्रीहरिका नित्य-अर्चन करते हैं उनके अपने आप ही यज्ञ, दान, तपस्या, प्रायश्चित्त हो जाते हैं। भगवत् सम्बन्धी सभी क्रियाएँ भागवतोंकी वृत्ति ही है। इनका पुनरानुष्ठान करना ही उनके लिए प्रायश्चित्त है। भगवान्‌के श्रीचरणोंमें आत्म-समर्पण करनेसे समर्पणसे पूर्व और पश्चात्‌के सारे पाप ध्वस्त हो जाया करते हैं। इसलिए भगवान्‌के श्रीचरणोंमें आत्म-समर्पण ही सब प्रकारके अपराधोंके लिए परम प्रायश्चित्त-स्वरूप है।

दूसरी तरफ, श्रीमद्‌भागवत (६/१/१६) में ऐसा कहा गया है—हे परीक्षित ! नारायणसे विमुख रहनेवाले व्यक्ति प्रायश्चित्तादि अनुष्ठान करने पर भी पवित्र नहीं होते। जैसे मद्यभाण्ड जलसे बार-बार धोये जानेपर भी पवित्र नहीं होता है।

सद्‌ब्राह्मणोंकी पूजा—'सत्' से अनन्यरूपमें कृष्णके शरणागत कार्ष्णको समझना चाहिए। ऐसे अनन्य शरणागत कृष्णभक्त श्रीहरिनाम मन्त्र एवं गायत्री आदिसे पवित्र हुए ब्राह्मणोंकी (वैष्णव-ब्राह्मणोंकी) पूजा करेंगे अर्थात् स्नान-भोजन-पान-ताम्बूल-माला-चन्दन-वस्त्र आदिके द्वारा यथाविधि सेवा करेंगे। 'आदि' पदसे शास्त्रके अनुसार यथा परिमाणमें

वृत्तिर्भागवतानां हि सर्व्वा भगवतः क्रियाः। प्रायश्चित्तिरियं तस्याः सैव यत् क्रियते पुनः।।—(परिः २/५६)।। पूर्व्वेषामुत्तरेषाञ्च न्यासो नाशाय पाप्मनाम्। सर्व्वेषामपराधाणामयं हि क्षमापणं परम्।।—(परिः ३/७३)।।

पक्षान्तरे श्रीभागवते (६/१/१६)—प्रायश्चित्तानि चीर्णानि नारायणपराङ्मुखम्। न निष्पुनन्ति राजेन्द्र सुराकुम्भमिवाम्भसा।।

गणेशादिनानादेवान् नार्च्चयेत् (तेषां) पूजां न कुर्य्यात्, तान् देवान् नो नमेत् (तेभ्यो) नमस्कारादिकं न कुर्य्यात्; तान् देवान्न पश्येत् तत्तद्घटादिमूर्त्तिदर्शनं न कुर्य्यात्; तान्न गायेत् तत्तद्देवतागीतं न कुर्य्यात्; तथा तान्न स्मरेत् तत्तद्देवानां स्मरणमात्रमपि न कुर्य्यात्; कदापि तान्न निन्देत् तत्तत्सर्व्वदेवानां निन्दां न कुर्य्यात्। देवतस्तिष्ठन्तु—ब्रह्माण्डान्तर्गतानां स्थावरजङ्गमादीनां केषाञ्चित (अपि) सर्व्वदैव निन्दावाक्यं कार्ष्णादीनामनुचितम्। तथा तेषां देवानामुच्छिष्टं नैवेद्यादिकं न भक्षेत्। तज्जनानां तत्तद्देवोपासकानां देवर्षे हे नारद ! प्रयत्नतोऽतिशयत्वेन सङ्गं न कुर्य्यात्। एवंविध श्रीभगवद्धर्म्म-निष्ठावृत्तित्वेनानन्यशरणो भवति।

अन्न-जल आदिके द्वारा मनुष्य आदि सभी प्राणियोंका संतोष विधान करना सूचित होता है। इसी प्रकार वैष्णव सर्वदा शुद्ध एवं पवित्र, अनन्य शरण होनेके कारण भीतर और बाहर सब प्रकारसे भगवन्मय होते हैं। अतएव कामसंकल्प रहित और कुश धारणसे वर्जित होते हैं, अर्थात् उनके लिए कुश धारणकी व्यवस्था नहीं है ।

(अनन्य शरणका विचार)—कृष्णभक्त इस प्रकार अनन्य अर्थात् जिनका कृष्णके अतिरिक्त सेव्यके रूपमें दूसरा कोई नहीं है; नैष्ठिक अर्थात् भगवद्धर्म-निष्ठामें निपुण; मुनि अर्थात् मननशील कर्त्तव्य आदिके सम्बन्धमें विवेकवान् परम बुद्धिमान् हैं। इस प्रकार लक्षणयुक्त कृष्णसेवक या विष्णुसेवक दूसरे-दूसरे देवताओंकी (गणेशादि नाना देवताओंकी) पूजा नहीं करेंगे, उनको नमस्कार भी नहीं करेंगे तथा घट आदि मूर्त्तियों-का दर्शन न करेंगे। उनसे सम्बन्धित गायन भी न करेंगे, उनका स्मरण भी नहीं करेंगे। कदापि उनकी निन्दा नहीं करेंगे। देवताओंकी तो बात अलग रहे, स्थावर-जंगम आदि किसी भी जीवकी निन्दा करना भक्तोंके लिए वर्जित है। ऐसा करना वैष्णवोंके लिए सर्वथा अनुचित है। वे दूसरे-दूसरे देवताओंका उच्छिष्ट प्रसादादि भी ग्रहण नहीं करेंगे। हे देवर्षि !

पितृदेवार्च्चननिषेधे षष्ठं प्रमाणम्

किञ्च बृहद्विष्णुपुराणे,—

न दर्भधारणं कुर्य्यान्न च सङ्कल्पमाचरेत्।
न काम्यं सात्वतो मार्गं शम्भुदेवादिपूजनम्।।६।।

सात्वतः सत्वावलम्बी केवलश्रीविष्णूपासकः। काम्यमित्यनेन चकारात् (च) नित्यनैमित्तिकदैवपैत्रादिकं कर्म्म नाचरेत् न कुर्य्यात्। सर्व्वमपरं स्पष्टम्। (१)

ननु यद्यपि नित्यनैमित्तिककाम्यादिदेवतापितृकर्म्मिणां सर्व्वे विबुधाः पितरश्च पृथक् पृथक् पूज्याः कर्म्मवशात्, तत्र सन्देहः,— किं तत् ? गणेशादित्रयस्त्रिंशत्कोटिदेवानां प्रत्येकं सर्व्वेषामर्च्चनञ्चेत् क्रियते तदा विबुधार्च्चनं भवति ? एवं तथा स्वपितृमात्रादितः सृष्टिकर्त्तुर्ब्रह्मणः सकाशाज्जातवीजीभूत-पितृपितामहप्रपितामहपुरुषादितत्तन्मृतपुरुषपर्य्यन्तं श्राद्धं यदि क्रियते तदा

उन देवताओंके उपासकोंका संग भी यत्नपूर्वक त्याग करेंगे, अर्थात् अधिक रूपमें न करेंगे। जीव इस प्रकार भगवद्धर्म निष्ठामय वृत्ति विशेषसे युक्त होने पर **'अनन्य शरण'** कहलाते हैं।

(पितृदेवार्चन-निषेधके सम्बन्धमें छठवाँ प्रमाण)—वृहद्विष्णुपुराणमें ऐसा उल्लिखित है—सात्त्वत व्यक्ति कुश धारण न करेंगे। संकल्पका आचरण, काम्यमार्गका अनुसरण और शम्भुदेवादि देवताओंका पूजन न करेंगे।।६।। सात्त्वत-सत्त्वावलम्बी केवल विष्णुके उपासक होते हैं। 'क़ाम्य' और 'च' इन दोनों पदोंसे नित्य-नैमित्तिक-देव-पितृकर्म आदि न करेंगे और सभी बातें स्पष्ट हैं।

यद्यपि नित्य-नैमित्तिक-काम्य आदि कर्म, देव-पितृकर्म अनुष्ठानकारीके कर्माधीनता हेतु सभी देवता और पितृगण पृथक्-पृथक् पूज्य हैं, इसमें

---

(१) तथा श्रीभागवते (१/२/२५,२७)—भेजिरे मुनयोऽथाग्रे भगवन्तमधोक्षजम्। सत्वं विशुद्धं क्षेमाय कल्पन्ते येऽनु तानिह।। रजस्तमः प्रकृतयः

पित्राद्यर्च्चनं भवति? न त्वन्यथा दोषो जायते?

न्यूनत्वे कर्म्मिणां सर्व्ववैफल्यं तत्र प्रमाणचतुष्टयं

तत्र श्रीबृहद्विष्णुपुराणे—

पूज्याः सर्व्वे तु लोकानां विबुधाः पितरश्च वै।
सर्व्वकर्म्मसु राजेन्द्र सर्व्वं चेत् व्यर्थमन्यथा।।१।।

लोकानां वेदाद्युदितसदसत्कर्म्माविचारातिशय देव-पितृ-पितामहादिवर्त्माचरतां संसारिणां, वै निश्चितं, सर्व्वकर्म्मसु नित्य-नैमित्तिककाम्यापरदैवपैत्रमाङ्गल्यादिषु, सर्व्वे गणेशादि-त्रयस्त्रिंशत्कोटिविबुधास्तथा सर्व्वे पितरः स्वमातृपित्रादितः

सन्देह नहीं है। फिर भी गणेश आदि तैतीस कोटि देवताओंमेंसे प्रत्येकका अर्चन करनेपर क्या देव पूजा होती है ? उसी प्रकार अपने माता-पितासे आरम्भकर सृष्टिकर्त्तासे उत्पन्न बीजस्थानीय पिता, पितामह, प्रपितामह आदि सभी मृत पूर्वपुरुषोंका श्राद्ध करनेसे क्या सभी पितृगणोंका अर्चन हो जाता है ? अन्यथा ऐसा नहीं करनेपर क्या दोष होता है ?

इस विषयमें चार प्रमाण हैं। श्रीवृहद्विष्णु पुराणमें ऐसा उल्लेख है— हे राजेन्द्र ! सभी कर्मोंमें सभी देवता और पितृगण सभीके पूज्य हैं। यदि इसके विपरीत होता है, तो सब कुछ व्यर्थ हो जाता है।।१।। लोकोंके अर्थात् वेद आदिमें कहे गये सत्-असत् कर्मके अविचार हेतु पितृगणों, देवताओं और पितामह आदि पूर्वपुरुषोंके मार्गका अनुसरण करनेवाले

समशीला भजन्ति वै। पितृभूतप्रजेशादीन् श्रियैश्वर्य्यप्रजेप्सवः।।

इसलिए सात्त्विक प्रकृति मुनियोंने विशुद्ध सत्त्वमूर्त्ति अप्राकृत वैकुण्ठाधीश्वर विष्णुका भजन किया है। इस संसारमें उन लोगोंका अनुसरण करनेवाले लोग परम कल्याण लाभ करनेमें समर्थ होते हैं।।२५।।

राजसिक और तामसिक प्रकृतिवाले लोग अपने अपने उपास्य देवता, पितृ, भूत आदि सहित समस्त भाव विशिष्ट होनेके कारण लक्ष्मी-धन-पुत्रादिकी कामनाके कारण पितृ, भूत, प्रजेशादि देवताओंकी उपसना किया करते हैं ।।२७।।

सृष्टिकर्त्तुः ब्रह्मणः सकाशात् जातबीजीभूतपुरुषादि-तत्तन्मर्य्यादापर्य्यन्ताः, चकारात् सगोत्रसकलकुटुम्बलोकाः। सर्व्वे ते सर्व्वतोभावेन विधिवदवश्यमेव पूज्या भवन्ति, हे राजेन्द्र ! हे युधिष्ठिर ! अन्यथा एतद्व्यतिरेकेण सर्व्वेषां देवता-पितृ-सगोत्र सकलकुटुम्बलोकानां मध्ये केचिदर्च्चिताः केचिदनर्च्चिताः सन्ति चेत्, तत्तत् सर्व्वं कर्म्म व्यर्थं भवतीति निर्गलितार्थः।

तथा च श्रुतिः,—

ॐ कर्म्मफलाप्तः कर्म्मी यजेत् हव्यकव्यमयैः कामवान् सर्व्वांश्च देवान् पितृनतिथींश्च, पूर्णं विफलं नो यजन्तद्वै इति।।२।।

इहलोके वै अतिनिश्चयं यः कोऽपि कामवान् सदा कामाभिलाषी कामी लोकः, तत्रापि कर्म्मी कर्म्मनैष्ठिको, हव्यकव्यमयैः सर्व्वदेवता-पितृलोकार्हद्रव्यनिवहैः सर्व्वान् देवान् तथा अतिथीन् पूर्व्वमनागतान्, चकारात् सगोत्रादिकुटुम्बलोकान्;

संसारी लोगोंको समझना चाहिए। 'वै' शब्दका अर्थ निश्चितरूपमें समस्त कर्मोंमें अर्थात् नित्य-नैमित्तिक-काम्य कर्मोंमें दूसरे-दूसरे देवता एवं पितृ मांगल्यादि कर्मोंमें गणेश आदि तैतीस करोड़ देवता, अपने माता पितासे आरम्भकर सृष्टिकर्त्ता ब्रह्मा तथा ब्रह्मासे लेकर उनसे उत्पन्न बीज स्थानीय पूर्वपुरुषोंकी सीमापर्यन्त पितृ-पुरुष सभीको समझना चाहिए। 'च'—कारके द्वारा सगोत्र कुटुम्बके सभी लोगोंको समझना चाहिए। ये सभी सर्वतोभावेन यथाविधि अवश्य ही पूज्य हैं। हे राजेन्द्र ! हे युधिष्ठिर ! इसके विपरीत होनपर सभी देवता पितृगण, सगोत्र सभी कुटुम्बके लोगोंमेंसे यदि कोई अपूजित होते हैं, तो उन सभी विधियोंके कर्म व्यर्थ हो जाते हैं—यही उक्त श्लोकका विशेष तात्पर्य है।

इस प्रकार श्रुतिमें—'कर्मफल अभिलाषी कर्मीलोग हव्य-कव्यद्रव्यादिके द्वारा सभी देवता, पितृ-पुरुष, अतिथियोंका यजन करेंगे। ऐसा होने पर कर्मोंका फल प्राप्त होगा। पूर्ण रूपमें भजन नहीं होने पर वह कर्म

अपर-चकारादभ्यागतादिसर्व्वजीवमात्रान्, कर्म्मीत्यनेन नित्य-नैमित्तिककाम्यदैवपैत्रमाङ्गल्यादिषु सर्व्वकर्म्मसु। यदि यजेत्,—यज्धातोरनेकार्थत्वात् देवानां पूजादिकं, पितृणां श्राद्ध तर्पणादिकं, अतिथीनां यथाविधिमिलनपूर्व्वकमन्नजलादिभिर्गुरुवत् यथाविधि यथाशक्ति सेवनं, एवं सर्व्वसगोत्रादिकुटुम्बलोकानां तथाऽभ्यागतादि-सर्व्वजीवमात्राणां यथाविधिमिलनपूर्व्वकं यथाशक्तिव्यवहारकुशलसेवनं, तथान्नजलादिभिः सर्व्वजीवसन्तर्पणं—यदि कुर्य्यात्, तदा कर्मफलाप्तः (अर्थात्) अवश्यमेव कृतकर्म्मणां स कर्म्मी फलं प्राप्नोति। अन्यथा चेत्, पूर्णं नो यजन् विफलम्। अयमर्थः,—यदि केषाञ्चिद्देवानामर्च्चनं कृतं केषाञ्चिन्न कृतं, एवं पितृलोकानां केषाञ्चित् श्राद्धतर्पणादिकं कृतं केषाञ्चिन्न

निश्चय ही विफल है।।२।। इस संसारमें निश्चय ही कोई भी सकाम कर्ममें निष्ठा-सम्पन्न व्यक्ति हव्य-कव्यमय अर्थात् सभी देवताओं और पितृ-पुरुषोंकी सेवाके योग्य द्रव्यराशिके द्वारा, सभी देवता और अतिथि, 'च'—कारसे सगोत्र कुटुम्ब आदिके लोग, द्वितीय 'च'—कारसे सब प्रकारके अतिथियों आदि जीवमात्रका कर्म मार्गसे नित्य-नैमित्तिक काम्य-देव-पैत्र-मंगल आदि सभी कर्मोंका यदि यजन करते हैं—यज् धातुके अनेक अर्थ होनेके कारण यजन शब्द-देवगणोंकी पूजा, पितृलोगोंका श्राद्ध तर्पण आदि यथायोग्यरूपमें सम्भाषणपूर्वक सभी सगोत्रादि कुटुम्बके लोगों एवं अभ्यागत आदि समस्त जीवमात्रकी यथाशक्ति व्यवहार कुशलके रूपमें सेवा एवं अन्न जलादिके द्वारा समस्त जीवोंको सन्तुष्ट करता है, तभी समस्त कर्मोंका फल प्राप्त होता है। यदि ऐसा नहीं करता है तो पूर्णरूपमें यजन नहीं होता, वह विफल हो जाता है अर्थात् यदि देवताओंमेंसे किसीका अर्चन हुआ और किसीका नहीं हुआ, पितृलोकमें किसीके प्रति श्राद्ध-तर्पणादि किया गया और किसीका नहीं किया गया, अतिथि सगोत्रादि कुटुम्बके लोगोंमेंसे और आनेवाले अतिथि इत्यादि जीवमात्रमेंसे किसीका

कृतं, तथाऽतिथिसगोत्रादिकुटुम्बलोकाभ्यागतादि-सर्व्वजीवमात्राणां मध्ये केषाञ्चिदन्नजलादिभिर्यथाविधि यथाशक्ति व्यवहार-सन्तर्पणपूर्व्वकं सेवनं कृतं केषाञ्चित् न कृतं, तदा (अपूर्णत्वात्) तत् कृतं कर्म सर्व्वं विफलं भवतीत्यर्थः।

किञ्च देवीपुराणे—

सर्व्वेषां पितृदेवानां माङ्गल्यादिषु कर्म्मसु।
तन्नो कृते प्रत्यवायी पूजनं कर्म्मठो नरः।।३।।

माङ्गल्यादिष्वत्यत्रादिपदेन नित्यनैमित्तिककाम्यदैवपैत्रादि-सकलकर्म्मसु, (कर्म्मठः) कर्म्मतत्परतयातिनिपुणो नरो वर्णादि-मनुष्यमात्रः सर्व्वेषां देवानां पितॄणां पूजनं—देवानामर्च्चनादिकं पितॄणां श्राद्धतर्पणादिकं—कुर्य्यात्। तत् नो कृते; अयं भावः,—(तत् तस्मिन्) तेषां गणेशादित्रयस्त्रिंशत्कोटिदेवानां सर्व्वेषां पूजने नो कृते सति, तथा सकलपितृलोकानां स्वपितृमात्रादि-

---

यथाविधि यथाशक्ति व्यवहार आदिके द्वारा सन्तुष्टि की गयी अथवा उनकी सेवा की गयी और किसीका वैसा नहीं किया गया, तो ऐसा होनेसे अपूर्णता हेतु वे समस्त कृतकर्म विफल हो जाते हैं।

देवीपुराणमें भी ऐसा उल्लेख है—कर्म निपुण व्यक्ति मांगल्यादि कर्मोंसे समस्त देवता और पितृगणोंकी पूजा करेगे। ऐसा नहीं करनेसे दोषका भागी होता है।।३।। 'मांगल्यादि' शब्दके भीतर आदि पदसे नित्य-नैमित्तिक-काम्य-दैव-पैत्रादि सब कर्मोंमें कर्मतत्परता हेतु निपुण वर्णादि मनुष्यमात्र सब देवताओंका अर्चन और सभी पितृपुरुषोंका श्राद्ध तर्पण आदि करेंगे। ऐसा नहीं करनेसे अर्थात् उन कर्मोंमें गणेश आदि तैतीस करोड़ देवताओंकी पूजा नहीं होने पर तथा माता-पितासे आरम्भकर विश्वस्रष्टासे उत्पन्न बीजभूत मृत-पूर्वपुरुषोंका श्राद्ध-तर्पण आदि अनुष्ठित नहीं होने पर, वह व्यक्ति पापका भागी होता है, अर्थात् इन सब कार्योंके अकरणके दोषमें लिप्त होता है।

विश्वसृक्सकाशजातवीजीभूतपुरुषाणां पञ्चत्वगतानां श्राद्ध-तर्पणादिके न कृते सति च प्रत्यवायी—(स्यात्), तत्तत्कर्मा-करणत्वदोषादिकं प्राप्नोति।

तथा च रुद्रयामले—

देवताः पितरः सर्व्वे शिवे पूज्याः प्रयत्नतः।
न्यूनाः स्युर्निष्फलं केचित् गृहिभिर्यदि कर्म्मसु।।४।।

हे शिवे ! कल्याणदायिनि दुर्गे ! कर्म्मसु—बहुवचनान्तत्वेन नित्यनैमित्तिककाम्यदैवपैत्रमाङ्गल्यादिषु सर्व्वकर्म्मसु, गृहिभि-वर्णादिभिर्गृहस्थमात्रैः प्रयत्नतः प्रकृष्टयत्नेन सर्व्वे देवास्तथा सर्व्वे पितरः पूज्याः स्युर्भवेयुः। यद्येतेषु कर्म्मसु (दैवपैत्रेषु) केचिन्न्यूनाः (स्युः), अयमर्थः—गणेशादित्रयस्त्रिंशत्कोटिदेवानां मध्ये यदि केचित् पूजिताः केचन न पूजितास्तथा सकल-पितृलोकानां मध्ये केषाञ्चित् श्राद्धतर्पणादिक्रिया कृता केषाञ्चिन्न कृता तद्गृहिभिरिति, तदा कर्म्मकर्त्तृनां गृहस्थानां तेषां कृतं, तत्तत् सर्व्वं कर्म्म निष्फलं भवतीत्यन्वयः। अपरं ग्रन्थबाहुल्यान्न लिखितम्।

रुद्रयामलमें भी ऐसा कहा गया है—हे शिवे ! गृहीजन सब प्रकारके कर्मोंसे सभी देवता और पितृपुरुषोंकी यत्नपूर्वक पूजा करेंगे। यदि किसीकी न्यूनता होती है, तो वह कर्म निश्चय ही निष्फल हो जाता है।।४।। हे कल्याणदायिनी दुर्गे ! 'कर्म' शब्दमें बहुवचन होनेके कारण नित्य-नैमित्तिक-काम्य-दैव-पित्र-मांगल्यादि कर्मोंको समझना चाहिए। 'गृही' से वर्णाश्रमस्थित गृहस्थोंको सभी देवताओं और पितृपुरुषोंकी अत्यन्त यत्नके साथ पूजा करनी चाहिए, वे पूज्य हैं। यदि उन कर्मोंसे कोई न्यून रहते हैं अर्थात् उन गृहस्थोंके द्वारा तैतीस करोड़ देवताओंमेंसे कोई पूजित कोई अपूजित रहते हैं एवं पितृ-पुरुषोंमेंसे किसीके प्रति श्राद्ध-तर्पण अनुष्ठित होते हैं और किसीके प्रति अनुष्ठित नहीं होते हैं, तो ऐसे

कर्म्मिनामसम्पूर्णक्रियाकरणे प्रत्यवायो भक्तानान्तु तत्तत्कर्म्मकरणे सेवानामापराधः

ननु श्रीहरिनाममन्त्रादीक्षितवर्णादिगृहस्थानां नित्यादि-सर्व्वकर्म्मसु पुराणवेदोपपुराणागमाद्युक्तप्रमाणवचनैर्गणेशादित्रय-स्त्रिंशत्कोटिदेवतार्च्चने सम्पूर्णमकृते सति, तथा स्वपितृमात्रादि-ब्रह्मसकाशजातबीजीभूतपुरुषान्तानां सम्पूर्णं श्राद्धतर्पणादावकृते सति तत्तत् सर्व्वं कर्म्मं व्यर्थं, प्रत्यवायजनक-निष्फलतादि-दोषश्रवणञ्च। तथा श्रीसद्गुरु-श्रीभगवन्नाममन्त्रोपदिष्टवर्णादि-सर्व्वलोकानां नित्यनैमित्तिककाम्यदेवतार्च्चनादि-पितृश्राद्ध-तर्पणादिसर्व्वकर्म्मकरणे (१) सेवा-नामापराध-दोषश्रवणम्।

कर्मी गृहस्थोंके द्वारा किये गये समस्त कर्म निष्फल हो जाते हैं।

ग्रन्थ विस्तारके भयसे बहुतसे प्रमाणों और उनकी व्याख्याका उल्लेख नहीं किया गया।

(कर्मियोंके क्रियाओंमें अपूर्णता रहनेसे प्रत्यवाय (पाप) होता है और उन्हीं कर्मोंके अनुष्ठानसे भक्तोंके लिए सेवापराध और नामापराध होते हैं।)—जैसे श्रीहरिनाम-मन्त्रमें अदीक्षित वर्णोंके गृहस्थ व्यक्तियों आदिके लिए नित्य-नैमित्तिक-काम्य आदि सभी कर्मोंमें गणेश आदि तैतीस करोड़ देवताओंका सम्पूर्णरूपसे अर्चन-पूजन अनुष्ठित नहीं होने पर तथा उसी प्रकार माता-पितासे आरम्भकर ऊपरमें ब्रह्मासे उत्पन्न बीजपुरुष पर्यन्त पितृगणोंमेंसे प्रत्येकके लिए श्राद्ध-तर्पण आदि क्रियाएँ सम्पूर्ण रूपमें सम्पादित नहीं होने पर वेद-पुराण-उपपुराण-आगममें कहे गये प्रमाणोंके अनुसार ये सभी कर्म व्यर्थ हो जाते हैं और व्यर्थताके साथ ही उनमें पाप आदि दोष भी लगनेकी बात सुनी जाती है। किन्तु दूसरी तरफ सद्गुरुसे श्रीभगवन्नाम-मन्त्रमें दीक्षित चतुर्वर्णादिके सभी लोगोंके लिए नित्य-नैमित्तिक-काम्य और देवताओंके अर्चन आदि अर्थात् पितृश्राद्ध-तर्पण आदि कर्मोंके

---

(१) सर्वकर्मणि कृते सतीति वा पाठः।

अतः कारणात् वर्णाश्रमसङ्करान्त्यजादीनां तथा श्रीकार्ष्ण-वैष्णवादीनाञ्च श्रीभगवान् हरिरेव पूज्यः सर्व्वेश्वरत्वान्नान्य इति निश्चयः। तथापि केचित् वर्णादयो लोकाः सर्व्वं विष्णुमयं विष्ण्वेकतानं केवलश्रीविष्ण्वेकाराध्यं न बुद्ध्वा—विष्णुमयं सर्व्वं जगत्, सर्व्वजगदेव विष्णुरिति मत्वा सर्व्वदेवतादीनामर्च्चनादौ कृते सति श्रीविष्णुपूजनादिकं भवति (इति मन्यन्ते)। (यत्) इदं मतं नो विधिः, केवलनिषेधमात्रं नश्वरत्वात् (तत्) श्रीभगवद्वचनेनात्र प्रमाणयंति।

देवतान्तरयजनस्य अविधित्वे तुच्छत्वे च प्रमाणपञ्चकम्

भगवद्वाक्यतात्पर्य्यं—अन्यदेवयजनमविधिपूर्व्वकं भगवद्भजनमेव

श्रीभगवद्गीतायां (९/२३)—

येऽप्यन्यदेवता भक्ता यजन्ते श्रद्धयान्विताः।
तेऽपि मामेव कौन्तेय यजन्त्यविधिपूर्व्वकम्।।१।। +

अनुष्ठान किये जाने पर **सेवापराध और नामापराध होनेकी** बात सुनी जाती है। अतः **वर्णाश्रमबर्हिभूत संकर-अन्त्यज आदिमें अवस्थित मनुष्यमात्रके लिए उसी प्रकार कार्ष्ण-वैष्णवादि सभीके लिए सर्वेश्वर भगवान् श्रीहरि ही पूज्य हैं, दूसरा और कोई पूज्य नहीं है; यही चरम सिद्धान्त है।** तथापि वर्णादिमें अवस्थित कोई-कोई ऐसा समझते हैं कि 'समग्र जगत् विष्णुमय है, अतएव समस्त जगत् ही विष्णु हैं। इसी विचारसे सभी देवताओंका अर्चन करनेसे विष्णुकी ही पूजा होती है। किन्तु नश्वरता हेतु अन्यान्य समग्र जगत् नश्वर होनेके कारण यह मत

+ अत्र श्रीमद्भट्टगोस्वामीचरणकृतव्याख्यानुसारतस्त्रिविधः श्लोकान्वयो यथा,—

(१) येऽपि भक्ताः (मद्भक्ता इत्यर्थः) (मय्येव) श्रद्धयान्विताः (किन्तु) अन्यदेवता यजन्ते, हे कौन्तेय ! तेऽप्यविधिपूर्व्वकं (अविधिरत्र कदाचित् देवतान्तरपूजानिषेधहेलनमात्रं, नत्वन्यथा सविघ्नं) मामेव यजन्ति (न तु देवतान्तरं, मय्यनन्यशरणत्वात्)। इत्येकः।।

ये अपि निश्चितं, भक्ता मद्‌भक्तजनाः, श्रद्धयान्विता अतिशयश्रद्धायुक्ताः श्रीसद्‌गुरूपदेशसमयात् पञ्चत्वेन भौतिकदेहपातपर्य्यन्तं, अविधिपूर्वकं कदापि निषेधमात्ररहितत्वेन (किन्त्वन्यथा) सविघ्नं यथा न भवति तथा, एवम्भूताः सन्तः

विधि संगत नहीं है'। बल्कि ऐसा करना या समझना निषिद्ध है, श्रीभगवद्वचनोंके द्वारा यहाँ प्रमाणित किया जा रहा है।

(दूसरे-दूसरे देवताओंकी पूजा अविधिपूर्वक एवं तुच्छ है—इस विषयमें पाँच प्रमाण दिये जा रहे हैं।)—श्रीमद्‌भगवद्गीता (६/२३) में 'जो भक्त श्रद्धायुक्त होकर अन्यान्य देवताओंका यजन करते हैं, हे कौन्तेय ! वे लोग मेरा ही यजन करते है; किन्तु वह यजन अविधिपूर्वक है'।।१।। भक्त अर्थात् हमारे भक्तजन यदि श्रद्धान्वित अर्थात् सद्गुरुसे उपदेश ग्रहणके समयसे आरम्भकर पाञ्चभौतिक देहपतन तक वे अतिशय श्रद्धायुक्त होते हैं; ऐसा समझना चाहिए। अविधिपूर्वक अर्थात् निषेधमात्र रहित अथच विघ्न न पड़े, इस भावसे अतिनिश्चल होकर अनन्य शरणता हेतु मेरा ही भजन करते हैं, अन्य देवताओंका नहीं। 'एवं' शब्दसे यही अर्थ

---

(२) हे कौन्तेय ! येऽप्यन्यदेवताभक्ताः (मदभक्ताः) तेऽपि (तास्वेव देवतासु) श्रद्धयान्विता अविधिपूर्वकं (अविधिरत्र तासु स्वतन्त्रदेवतापरिज्ञानं) (ताः) यजन्ते। (तेन यजनेन) यजन्ति मामेवेति काकुः (मामेव यजन्ति किम् ? नहि मामित्यर्थः)। इत्यपरः।।

(३) हे कौन्तेय ! येऽप्यन्यदेवताः (किन्तु पश्चान्मयि) श्रद्धयान्विताः सन्तो मामेव यजन्ते, अविधिपूर्वकमिति काकुः (अविधिपूर्वकं किम् ? नहीत्यर्थः) तेऽपि भक्ताः सन्तो (मां) यजन्ति। इति तृतीयः।।

श्रीभट्ट गोस्वामीचरणकृत व्याख्यानुसार तीन श्लोकके द्वारा त्रिविध प्रकारकी अविधियाँ—(१) विष्णु भक्तोंके लिए अन्य देवताओंकी पूजा निषिद्ध है। यदि विष्णु भक्त उक्त विशेष निषेधका पालन नहीं करता और देवताओंकी पूजा करता है; किन्तु मुझमें (कृष्णके प्रति) श्रद्धायुक्त रहता हुआ ऐसा करता तो उस पूजामें दोष तो प्रवेश करता है, तथापि वह विष्णु–सेवासे एकान्त रूपमें विच्युत नहीं होता; फिर भी शुद्ध वैष्णवोंके लिए यह अविधि है; इसलिए इसका सर्वथा परित्याग करना चाहिए।

तेऽप्यतिनिश्चलतयानन्यशरणत्वेन मामेव भजन्ते, न तु देवतान्तरम्। अयमर्थ एवकाराज्ज्ञातः। अतः सेव्यसेवकत्वेन केवलमद्भजनेनैव तेषां पुनरावर्त्तनं नास्ति।

सूचित होता है। अतएव सेव्य-सेवक सम्बन्धसे एकमात्र मेरे भजन द्वारा ही उनका पुनरागमन नहीं होता। इसके अतिरिक्त दूसरे देवोपासक मुझसे विमुख होकर यदि श्रद्धान्वित अर्थात् कामनावशतः शीघ्रफल प्राप्तिकी आशासे अत्यन्त दृढ़चित्त होकर केवल दूसरे-दूसरे देवताओंका भजन करते हैं, मेरा भजन नहीं करते, क्यों ? क्योंकि वे दूसरे-दूसरे देवताओंका यजन आदि अनुष्ठान जैसे अविधिपूर्वक होता है, उसी रूपमें करते हैं तो उनका वह यजन अविधिपूर्वक है। इसका तात्पर्य यह है कि हे अर्जुन ! मेरी लीलाकथाओंके श्रवण, कीर्त्तन, स्मरण, यजन आदिके अनुष्ठान

---

(२) विष्णु भक्ति रहित अन्य देवता उपासक विष्णुको छोड़कर दूसरे देवताओंको स्वतन्त्ररूपमें ईश्वर मानकर उनकी पूजा करते हैं—विष्णुभजन नहीं करते, यह गुरुतर अविधि नामापराध है। इस प्रकार अविधिके द्वारा किसी प्रकारसे विष्णु-सेवा नहीं होती। इसलिए यह अत्यन्त निन्दनीय और सब प्रकारसे परित्यज्य है।

(३) विष्णुका भी भजन करते हैं और अन्यान्य देवताओंका भी पूजन करते हैं; तुल्यबुद्धिसे अथवा दूसरे स्वार्थोंकी सिद्धिके लिए ऐसी सेवा करते हैं—यह भी अविधि और नामापराध है, इसलिए यह भी परित्यज्य है।

तात्पर्य—गीतामें कहे गये 'अहं हि सर्व यज्ञानां भोक्ता च प्रभुरेव च' (६/२४) एवं [श्रीमद्भागवत—'सर्वार्हणमच्युतेज्या' (४-३१-१४) इन श्लोकोंमें कहे गये तत्त्वज्ञानका अभाव होने पर श्रीभगवान्‌की सेवामें तथा दूसरे देवताओंकी पूजामें लोगोंकी जो स्वतन्त्र-देवताकी बुद्धि अथवा प्रयोजनका बोध होता है—वही अविधि है। उक्त त्रिविध अविधियाँ इसी मूल अविधिके प्रकाशान्तर है। कृष्ण ही एकमात्र सर्वयज्ञेश्वर और सर्वमय प्रभु हैं। उनकी सेवासे ही दूसरोंका अर्चन और तुष्टि हो जाती है। इन श्रीकृष्णके अधीन या अंग रूपमें दूसरे देवता अर्चनीय है, इस विचारसे कृष्णका और दूसरे देवताओंका यजन ही एकमात्र विधि है। इसके अनुसार दूसरे-दूसरे देवताओंकी पूजा होने पर भी विधिपूर्वक भगवत् भजनकी तथा विधिपूर्वक अन्य देवताओंकी

अतःपरं एतद्भिन्ना येऽपि (अन्यदेवताभक्ता अतो मम) अभक्ता मद्बहिर्म्मुखास्तेऽपि श्रद्धयान्विताः कामनया क्षिप्रं फलप्राप्त्यातिदृढ़ाः सन्तोऽन्यदेवताः केवलं यजन्ति, न मामेव। कथं ?—यतोऽन्यदेवतायजनादिकं तेषामविधिपूर्व्वकं (अविधिरत्र तासु स्वतन्त्रदेवताज्ञानं) यथा भवति तथा क्रियते। अत्रायं भावः,—हे कौन्तेय ! अर्ज्जुन ! मच्छ्रवण-कीर्त्तन-स्मरण-यजनादिकः सर्व्वोऽयं विधिः, सत्यत्वेन संसारबन्धनमोचनत्वात्। एतद्-भिन्नोऽन्यः सर्व्वदेवतायजन-यागयज्ञादिको निषेधो, मद्भजनं विना नश्वरत्वेन पुनः पुनरावर्त्तनत्वात्, अतएव मद्भजनादिकं सर्व्वतः श्रेष्ठम्। एतद्व्यतिरेकेण मर्त्त्यादीनामन्येषां का वार्त्ता—पुराऽमृतपानेनामरब्रह्मेन्द्रादीनां केषाञ्चित् संसृतिबन्धनतो मुक्तिरूपाऽन्या निष्कृतिर्नास्तीत्यर्थः।

यद्वा, येऽप्यन्यदेवता ब्रह्मेन्द्रादयो अन्या देवता येषां ते

नित्य होनेके कारण संसार बन्धन-मोचनका कारण होते हैं। इसलिए वे सभी विधि हैं। इसके अतिरिक्त दूसरे-दूसरे देवताओंका यजन, याग, यज्ञ इत्यादि सब कुछ नश्वर और पुनः-पुनः आवागमनके हेतु हैं। अतएव मेरा भजन ही सर्वश्रेष्ठ है। इन सब कारणोंसे भगवद्धर्म अनुष्ठानके अतिरिक्त अमृतपानसे अमर होनेवाले ब्रह्मा, इन्द्र आदि किसी भी देवताके यजन द्वारा संसार बन्धनसे मुक्त होनेका और कोई भी दूसरा उपाय नहीं है, मरणशील व्यक्तियोंकी तो बात ही क्या है ?

दूसरी व्याख्या—जो लोग अन्य देवताओंके परायण हैं अर्थात्

पूजाका आदर्श श्रीमद्भागवत कथित (५/७ म अध्याय) में महाभागवत राजा भरतके चरित्रमें देखा जाता है। भरत महाराज नानाविध यज्ञोंके द्वारा यज्ञेश्वर वासुदेवका ही यजन किया करते थे। वे श्रीवासुदेवको एकमात्र कर्त्ता समझकर यज्ञोंका फल श्रीवासुदेवको ही समर्पण करते थे, एवं यज्ञके भागी इन्द्र इत्यादि दूसरे देवताओंको परदेवता श्रीवासुदेवके ही अंगके रूपमे देखते थे। दूसरे देवताओंके यजनका यथार्थ उद्देश्य यही है।

जन्मतो मद्‌बहिर्म्मुखाः शैव-शाक्त-सौर-गाणपत्याद्याः, पश्चाद् गुरूपदेशतः साधुसङ्गतश्चाविरतं श्रद्धयान्विताः अतिशय-श्रद्धावन्तः सन्तः, हे कौन्तेय ! हे पार्थ ! यदाऽनन्याश्रयत्वेन मामेव यजन्ते नान्यान्, तदा तेऽपि निश्चयमेव भक्ता मद्‌भक्ता भवन्ति मद्‌भजनप्रतापात्। किन्तु (न) यद्यविधिपूर्व्वकमर्थार्थाय यजन्ति। किं तत् ?—**मां भजन्ते, अन्या देवता अपि पूजयन्ति, तदा अविधिर्भवति। अतः सर्व्वदा निर्व्विघ्नत्वेन मां विना-ऽन्यस्य यजनादिकं किञ्चित्—सहजेन यथाकाले तिष्ठतु—निद्रावस्थायामपि यदि न कुर्व्वन्ति तदा शुद्धसत्त्वत्वेन मद्‌भक्ता भवन्तीति निर्गलितार्थः।**

देवतान्तरार्च्चनस्य तुच्छत्वं

ननु भगवदाराधनं विनान्यत् सर्व्वं नश्वरं तुच्छत्वेन हेयम्। अत्र देवानां स्तुतिवचनेनाह श्रीभागवते (६/९/२२)—

ब्रह्मा, इन्द्र आदि देवताओंका भजन करते हैं और आजन्म मेरे विमुख शैव, शाक्त, सौर, गाणपत्य आदि जो अन्य देवोपासक हैं, यदि वे साधुसंग और सद्गुरुके उपदेशसे मेरे प्रति अनन्य श्रद्धान्वित होकर जब अनन्यरूपमें मेरे प्रति शरणागत होकर मेरा भजन करते हैं और दूसरोंका नहीं, तब वे मेरे भजनके प्रभावसे निश्चित ही मेरे भक्त होते हैं। किन्तु यदि अविधिपूर्वक नहीं अर्थात् स्वार्थसिद्धिके लिए नहीं, मेरी प्रीतिके लिए ही मेरा भजन करते हैं तब वे मेरे अनन्य भक्त हैं। वह किस प्रकार ? मेरा भी भजन करते हैं तथा दूसरे देवताओंका भी भजन करते हैं यह अविधि है। अतएव समय-समय पर सहज भावसे पूजाकी तो बात दूर रहे, **मेरा भजन ही सर्वथा निरापद है—ऐसा विचारकर अन्यान्य देवताओंका यजन आदि किञ्चित्मात्र स्वप्नमें भी यदि नहीं करते, तब वे शुद्धसत्त्वमय होकर भक्त होते हैं**—यही विशदार्थ है।

'भगवत् आराधनाको छोड़कर सब कुछ नश्वर और तुच्छ होनेके

अविस्मितं तं परिपूर्णकामं स्वेनैव लाभेन समं प्रशान्तम्।
विनोपसर्पत्यपरं हि बालिशः श्वलाङ्गुलेनातितितर्त्ति सिन्धुम्।।२।।

तं गोविन्दम् विना यो वर्णादिलोकोऽपरं बहिरङ्गादि–देवतान्तरं उपसर्पत्युपासनं करोति भजते (इत्यर्थः) स एव बालिशो महाज्ञतमः। किं भूतं—स्वेनैव लाभेन स्वकीयाणिमाद्यष्टगुणवैभवपूर्णतमत्वेन समं सह परिपूर्णकामं परिपूर्णोऽभिलाषः कामो यत्र तम्। यतः श्रीभगवति हरावस्मिन् अनन्यशरणो भक्तो जनः सर्व्वानभिलाषितकामानवाप्नोति। अतःपरं क्वापि कोऽपि सर्व्वतोभावेन पूर्णकामो नास्तीत्यर्थः। अतएवाविस्मितं नित्यत्वेन किञ्चिदपि विस्मयो नास्त्यत्र श्रीमद्गोविन्दे। अतः प्रशान्तं स्वकीयभक्तानां वाच्छनीयरूपम्। श्रीभगवन्तमेव श्रीगोविन्दं विहाय यः कोऽपि वर्णादिः

कारण अत्यन्त हेय है। श्रीमद्भागवत (६/६/२२) में देवताओं द्वारा कृत स्तुतिमें ऐसा कहा गया है कि जो व्यक्ति सुनिश्चितरूपमें परिपूर्णकाम एवं प्रशान्त श्रीगोविन्दको छोड़कर दूसरोंकी उपासना करते हैं, वे मूर्ख निश्चय ही कुत्तेकी पूँछ पकड़कर अथाह (अनन्त) महासागरको पार करनेकी इच्छा करते हैं'।।२।। वर्ण एवं आश्रममें अवस्थित जो लोग वैसे श्रीगोविन्दको छोड़कर अन्य बहिरंग आदि देवताओंकी उपासना करते हैं वे महामूर्ख हैं । वे गोविन्द कैसे हैं ? अपने लाभके सहित अर्थात् अपनी अणिमादि अष्टगुण वैभवोंसे परिपूर्णकाम हैं; अनन्य शरणागत भक्त भगवान् श्रीहरिकी आराधनाके द्वारा सब प्रकारकी अभिलषित कामनाओंको प्राप्त करते हैं। क्योंकि श्रीगोविन्दके अतिरिक्त कोई भी पूर्णकाम नहीं है। अतएव अविस्मित—नित्यत्व हेतु श्रीगोविन्दमें कुछ भी आश्चर्यकी बात नहीं है। अतएव वे प्रशान्त हैं अर्थात् अपने भक्तोंके वांछनीय रूप—विशिष्ट हैं। मायाके द्वारा मोहित किसी भी वर्णका व्यक्ति श्रीभगवान् गोविन्दको परित्यागपूर्वक दूसरे-दूसरे देवताओंकी उपासना करनेपर वह

श्रीभगवन्मायामोहितधीः सन् देवतान्तरं भजते तस्य बालिशत्वं दर्शयति,—यथा अतिशयमज्ञजनः श्वलाङ्गुलेन कुक्कुरस्य पुच्छेन अर्थात् कुक्कुरस्य पुच्छं विधृत्य सिन्धुं समुद्रमतितितर्त्ति अतिशयेन तर्त्तुमिच्छति, तथा श्रीभगवद्बहिर्मुखो वर्णाश्रम-सङ्करान्त्यजादिर्नरोऽतितुच्छकामनया (अन्यदेवताः) सेवते, किन्तु कर्त्रायत्तत्वात् फलमपि न प्राप्नोति, पुनः पुनर्जन्ममरणत्वेन संसृतिबन्धनतो (तस्य) निष्कृतिश्च नास्तीत्यर्थः।

पाद्मे—

यथा धृत्वा शुनः पुच्छं तर्त्तुमिच्छेत् सरित्पतिम्।
तथा त्यक्त्वा हरिं सेव्यमन्योपासनया भवम्।।३।।

अन्येषां बहिरङ्गतटस्थादीनामुपासनया देवानामर्च्चनादि-सेवया भवं संसारं तर्त्तुमिच्छतीत्यर्थः। सर्वमपरं स्पष्टम्। तस्मात् श्रीहरिव्यतिरेकेन संसारेऽस्मिन् भजनीयः कोऽपि नास्त्यपरः।

'महामूर्ख' बतलाया गया है। जैसे कोई महामूर्ख कुत्तेकी पूँछ पकड़कर अपार समुद्रको पार करनेकी अभिलाषा करता है तो वह कुत्तेके साथ ही समुद्रमें डूब जाता है, उसी प्रकार वर्ण, आश्रम, संकर और अन्त्यज आदिमें स्थित भगवत्बहिर्मुख व्यक्ति भी अत्यन्त तुच्छ कामनाओंके वशीभूत होकर अन्य देवताओंकी उपासना करनेपर उन अनुष्ठानोंका फल मूलभोक्ता भगवान् श्रीहरिके अधीन रहनेके कारण उन-उन फलोंको भी प्राप्त नहीं कर पाता और पुनः पुनः जन्म-मरण संसार चक्रमें भ्रमण करता रहता है।

पद्मपुराणमें भी ऐसा कहा गया है—मूर्ख लोग जैसे कुत्तेकी पूँछ पकड़कर समुद्रको उत्तीर्ण होनेकी इच्छा करते हैं, उसी प्रकारसे परम सेव्य श्रीहरिका परित्यागकर दूसरे देवताओंकी उपासनाके बलपर जो संसार-समुद्रको उत्तीर्ण होनेकी इच्छा रखते हैं, वे डूब जाते हैं अर्थात् त्रितापयुक्त आवागमनके चक्रमें सदाके लिए फँस जाते हैं। 'अन्य

तत्र श्रीनारदं प्रति सदाशिववचनेनाह, यथा—

भुवने सर्वलोकानां नाराध्यो वै हरिं विना।
भवार्णवच्छिन्नकोऽपि सर्वकामदकामदः ।।४।।

भुवने चतुर्द्दशभुवने सर्वलोकानां ब्रह्मादीनामाराध्यो हरिव्यतिरेकेन कोऽपि क्वापि न वर्त्तत इति निश्चयः। किन्तु यद्यपि वेदस्मृतिपुराणागमादीनां मतेन बहिरङ्गतटस्थादीनां देवतानां पूजादिकं करोति कोऽपि वर्णादिलोकः सकल-फलकामनया, तत्रापि सर्वकामदकामदः सर्वान् कामान् ददाति कोऽपि देवस्तस्य कामदोऽभीष्टप्रदोऽपि श्रीहरिः। अतएव तेषु बहिरङ्गतटस्थादिषु देवेषु कोऽपि भवार्णवस्य संसारसमुद्रस्य छिद् संसृतिबन्धनत्वेन पुनः पुनरावर्त्तनस्य छेत्ता न भवतीत्यर्थः। अतएव घोरसंसारमहाभयनिवारणकर्त्ता श्रीभगवन्तं विना कोऽपि नान्य इति निश्चयः।

देवताओं' यहा 'अन्य' शब्दका तात्पर्य बहिरंग या तटस्थ आदि उपासनाओं अर्थात् अन्यान्य देवताओंका पूजन, उनकी सेवा आदिके द्वारा संसार उत्तीर्ण होनेकी इच्छा रखनेसे है। दूसरी बातें सभी स्पष्ट हैं। अतएव **श्रीहरिके अतिरिक्त इस संसारमें और कोई भी भजनीय नहीं है।**

इस विषयमें श्रीनारद गोस्वामीके प्रति सदाशिवके वचनरूपी प्रमाणमें कहा जा रहा है—'इस संसारमें सभी लोकोंके श्रीहरि ही परमाराध्य हैं; उनके अतिरिक्त कोई दूसरा आराध्य नहीं हैं—यह निश्चित बात है। भगवान् श्रीहरिके अतिरिक्त और कोई भी कामदाताओंके भी कामदाता तथा संसारबन्धनको दूर करनेवाला नहीं है'।।४।। ब्रह्माण्डमें अर्थात् १४ भुवनोंमें समस्त लोकोंके (ब्रह्मादिके) आराध्य श्रीहरिके अतिरिक्त कोई दूसरा नहीं है—यह निश्चित है। किन्तु यदि किसी वर्ण और आश्रमका कोई व्यक्ति सब प्रकारकी कामनाओंसे वशीभूत होकर वेद, पुराण, आगम आदिके मतानुसार बहिरंग या तटस्थ देवताओंकी पूजा करता है; यहाँ भी

कृष्णस्य शरण्यैकत्वं

अतः श्रीभगवन्तं प्रत्युद्धववाक्येनाह श्रीभागवते (११/१६/६),—

तापत्रयेणापि (१) हतस्य घोरे सन्तप्यमानस्य भवाध्वनीश।
पश्यामि नान्यच्छरणं तवाङ्घ्रिद्वन्द्वातपत्रादमृताभिवर्षाद्।।५।।

हे ईश प्रभो ! अस्मिन् घोर अनिवारणमहाभयङ्करे भवाध्वनि संसारपथे तापत्रयेण आध्यात्मिकाधिभौतिकाधिदैविकमयेन, अपि निश्चितं, सन्तप्यमानस्य गर्भयातनादिमहाकष्टभोगत्वापरिमितक्लेशदह्यमानस्य, अतो हतस्य हन्धातोर्गत्यर्थत्वात् पुनः पुनर्जन्ममरणत्वागणितगतागतस्य, लोकमात्रस्याशरणस्य तवाङ्घ्रिद्वन्द्वातपत्रात् चरणयुगलातपत्रं विनाऽन्यच्छरणमहं न

सर्वकामदाता उन देवताओंके भी मूल अभीष्टदाता श्रीहरि ही हैं, इसलिए बहिरंग और तटस्थ आदि देवगणोंमें कोई भी संसार-बन्धनरूप पुनः-पुनः आवागमनको दूर करनेवाले नहीं हैं। अतः भगवान् श्रीहरिको छोड़कर अन्य कोई भी इस घोर संसारके महाभयको दूर करनेवाले नहीं हैं—यह सुनिश्चित है।

(एकमात्र श्रीकृष्ण ही सबके शरण्य हैं)—इसलिए श्रीमद्भागवत (११/१६/६) में श्रीभगवान्‌के प्रति उद्धवके ऐसे वचन हैं—हे भगवन् ! घोर संसारके पथमें त्रितापके द्वारा तप्त और गतागति-विशिष्ट जनोंके लिए अमृतकी वर्षा करनेवाले आपके श्रीचरणयुगलरूपी छत्रके अतिरिक्त अन्य कोई आश्रय नहीं देख पा रहा हूँ।।५।। हे ईश्वर ! इस घोर अर्थात् अनिवार्य हेतु महाभयंकर संसार-पथमें आध्यात्मिक, आधिभौतिक और आधिदैविक तापत्रयके द्वारा; 'अपि' अर्थात् निश्चित 'संतप्यमान्' अर्थात् गर्भ-यातना इत्यादि भीषण कष्टभोगरूप अपरिमित क्लेशोंसे दग्धीभूत होता हुआ, अतएव पुनः-पुनः जन्ममरणहेतु अगणित गतागति-विशिष्ट

---

(१) तापत्रयेणाभिहतस्येति पाठान्तरम्।

पश्यामि। अयं भावार्थः—लोके आतपत्रं छत्रं तस्मात् यथा महारौद्रसन्तापजलवृष्ट्यादिषु पथिकादिकस्य रक्षा भवति, तथा संसृतिरज्जुबन्धनबद्धस्य लोकमात्रस्य त्वच्चरणयुगलात् भवबन्धोद्धारकभूताच्छत्रात्, अतएवामृताभिवर्षात्,—अमृतं सायुज्यादिमुक्तिचतुष्टयं तथा भवबन्धनमोक्षस्वरूप-श्रीभगवत्पदारविन्दसेवा तत्तद्धामप्राप्तिश्च,—एतस्य अभि सर्वतोभावेन वर्षं अविरतानन्दसन्दोहप्रवाहवृष्टिर्यस्मात् तत् तस्मात्। एतेन श्रीभगवच्चरणयुगलात् कोटिकोटिमुक्ति-वृन्दमगणितवृष्टिधारावद्भवतीति भावः। तस्मादेतस्यां जगत्यां देवतासुरमनुष्यादिलोकमात्रस्यानन्यशरणत्वेन श्रीमद्भगवतस्तव चरणयुगलभजनव्यतिरेकेन भवबन्धनमोचनरूपनिष्कृतिर्न लभ्यत इत्यर्थः। यतस्त्वच्चरणसेवी लोको जीवने पञ्चत्वे वा सति सर्व्वदैव सुखीसंसारबन्धनरहित्वात्।

निराश्रय लोकमात्रके लिए आपके श्रीचरणयुगलरूप छत्रके अतिरिक्त दूसरा कोई आश्रय मैं देख नहीं पाता। भावार्थ यह है कि—संसारमें छत्रके द्वारा जिस प्रकार अत्यन्त रौद्र, ताप, जलवृष्टि इत्यादिसे पथिककी रक्षा होती है, उसी प्रकार संसार–रज्जुमें बद्ध त्रितापग्रस्त लोगोंके लिए भवबन्धनको दूर करनेवाले आपके श्रीचरणयुगलरूप छत्रके द्वारा ही लोगोंकी रक्षा हो सकती है। 'अमृताभिवर्षी'—अर्थात् सायुज्यादि चार प्रकारकी मुक्ति एवं भवबन्धनसे छुटकारारूप मुक्ति, भगवत्पदारविन्दकी सेवा एवं तदीय धाम प्राप्ति—इस प्रकार अमृतकी सर्वतोभावेन वर्षा द्वारा अर्थात् निरन्तर आनन्दसमूहकी धारा–वृष्टि जहाँसे होती रहती है, ऐसे छत्र–स्वरूप आपके श्रीचरणयुगल हैं। कोटि–कोटि मुक्तिराशि अगणित वृष्टिधाराकी भाँति श्रीहरिके श्रीचरणोंसे निरन्तर प्रवाहित होती रहती है—उक्त वचनोंसे यह सूचित होता है। अतएव हे भगवन्! इस जगतमें देवता, असुर, मनुष्य इत्यादि जीवमात्रके लिए एकमात्र आपके

अनन्यशरणताविवेकः •

देवतादिपूजादिव्यतिरेकेन वर्णादिकस्यानन्यशरणत्वं दर्शयति, यथा श्रीसनत्कुमारसंहितायां—

अनन्यशरणो नित्यं तथैवानन्यसाधनः।
अनन्यसाधनार्थश्च स्यादनन्यप्रयोजनः॥
नान्यञ्च पूञ्जयेद्देवं न नमेत स्मरेन्नच।
न पश्येन्न च गायेच्च न च निन्देत् कदाचन॥
नान्योच्छिष्टञ्च भूञ्जीत नान्यशेषञ्च धारयेत्।
अवैष्णवानां सम्भाषावन्दनादि विवर्ज्जयेत्॥

श्रीसद्गुरुभगवन्नाममन्त्रदीक्षितो वर्णादिरनन्यशरणो-नित्यमतिनिश्चयमेव स्याद् भवेदित्यर्थः,—श्रीमद्गोविन्दं विना न विद्यते ब्रह्माण्डान्तर्बाह्ये अन्यः कोऽपि शरणं सेव्यत्वेनेष्टं यस्य सोऽयम्। एवं सर्वत्र (स्यादित्यस्यान्वयः)। यथाऽनन्य-

---

श्रीचरणयुगलोंके भजनके अतिरिक्त भवबन्धनसे मुक्तिके लिए कोई दूसरा उपाय नहीं है। क्योंकि आपके श्रीचरणकमलोंकी सेवा करनेवाले मनुष्य जीवन या मरण सभी स्थितियोंमें संसार बन्धनसे मुक्त रहनेके कारण सर्वदा सुखी हैं।

अन्य देवताओंके अर्चन आदिके वर्जनके द्वारा वर्णाश्रमियोंकी श्रीहरिके प्रति **अनन्यशरणता** भी प्रदर्शित होती है। जैसे सनत्कुमार संहितामें— वर्णाश्रमियोंको 'सदासर्वदा अनन्यशरण, अनन्यसाधन, अनन्यसाधनार्थ और अनन्य-प्रयोजन होना चाहिए। कभी भी दूसरे देवताओंकी पूजा, उनको प्रणाम, स्मरण, दर्शन, स्तुति, निन्दा, उनका उच्छिष्ट भोजन, अवशेष निर्माल्य धारण आदि नहीं करना चाहिए और अवैष्णव लोगोंके साथ सम्भाषण-वन्दनादिका भी त्याग करना चाहिए।

• ३६ पृष्ठपर देखें

शरणस्तथैवावश्यमनन्यसाधनः—न विद्यते श्रीभगवद्धर्मनिष्ठा-वृत्तित्वेनाविरतश्रीगोविन्दपादसेवनपूजनवन्दनसख्यात्मनिवेदनेन तन्नामश्रवणकीर्त्तनस्मरणमननादिकं विनाऽन्यानि नित्यनैमित्तिक-काम्यदैवपैत्रमाङ्गल्यादिकर्म्माणि साधनानि यस्य स तादृशः स्यात्, श्रीभगवद्भजनधर्म्मनैष्ठिकत्वेन नैष्कर्म्म्यवत्त्वात्। अतएवानन्यसाधनार्थश्च (स्यात्), अनन्यसाधनानां महामहिम-भागवतोत्तमानां सम्प्रदायिनामेव,—न तु श्रीसद्गुरुदीक्षारहितदृष्ट-श्रुतछद्मवेशिनां,—सेवाया इत्यर्थः, अर्थो धनादि यस्यास्तीति शेषः अर्थात् **सोऽनन्यशरणसेवीति ज्ञेयम्**। अस्य व्याख्या,—अनन्यशणकृष्णैकतानादिव्यतिरेकेण अन्यशैवशाक्तसौर-गाणपत्यादि**श्रीगोविन्दबहिर्म्मुखानां** केवलातिथ्यभ्यागत-जीवमात्रवृन्दानामन्नजलादिद्रव्यं सहजदेयं विना **सेव्यसेवकवत् सेवा न कार्य्या—श्रीनामापराधभयादिति**। तथाऽनन्यप्रयोजनः स्यादभवेत्,—न विद्यते वर्णाश्रमादियुक्तविषयिवत् श्रीभगवत्-

---

व्याख्या—**श्रीसद्गुरुके निकट श्रीभगवन्नाम-मन्त्रमें दीक्षित वर्णाश्रमी व्यक्ति** निश्चितरूपमें **अनन्यशरण** होंगे—अर्थात् ब्रह्माण्डके भीतर और बाहर श्रीगोविन्दके अतिरिक्त उनका कोई दूसरा शरण्य या सेव्य नहीं होना चाहिए। 'स्यात्'—पदका सर्वत्र इसी प्रकारसे अन्वय होगा। जैसे अनन्यशरण होना आवश्यक है, उसी प्रकार अनन्य-साधन भी होना चाहिए। श्रीभगवद्धर्ममें निष्ठामयी वृत्तिके कारण नित्य-निरन्तर एकमात्र श्रीगोविन्दके ही पादसेवन, पूजन, वन्दन, सख्य, आत्मनिवेदन आदिके द्वारा श्रीगोविन्दके ही नाम, रूप, गुण, लीलाका श्रवण, कीर्त्तन, स्मरण और मनन आदि करना चाहिए। उन्हें अन्य नित्य-नैमित्तिक-काम्य, दैव, पैत्र, मांगल्यादि कर्मोंका साधन नहीं करना चाहिए। ऐसे व्यक्तियोंके साधनको अनन्य-साधन कहते हैं। क्योंकि भक्तिधर्ममें निष्ठावान व्यक्ति नैष्कर्म्यवान् होते हैं। अतः उन्हें अनन्य साधनार्थ भी होना चाहिए

चरणयुगलसेवादिव्यतिरेकेणान्यत् किञ्चित् प्रयोजनं यस्य स श्रीहरिदासत्वात्।

एवंभूतोऽनन्यशरणः कार्ष्णादिरन्यदेवं न पूजयेत्। चकारात् नित्यनैमित्तिककाम्यपितृश्राद्धतर्पणादिकमपि न कुर्य्यात्। कदाचनेत्यस्य सर्व्वत्रान्वयः। तथान्यदेवं न नमेत् न नमस्कुर्य्यात्। अन्यदेवं न स्मरेत् तत्तन्नामधेयेन स्मरणमपि न कुर्य्यात्। चकारात् प्रदक्षिणं च न कुर्य्यात्। न पश्येत् विबुधानां घटादिमूर्त्तीनां दर्शनं न कुर्य्यात्, चकारात् तत्तद्देवतामूर्तिस्पर्शनमपि न कुर्य्यात्। तथा न गायेत् तत्तद्देवतानां गानं न कुर्य्यात्, चकारात् तत्तद्देवतानां कथोपकथनञ्च न कुर्य्यात्। तथा न च निन्देत् तत्तद्देवतानां निन्दां चकारात् तत्तद्वन्दनमपि न कुर्य्यात्। अन्योच्छिष्टञ्च न भूञ्जीत—अन्यदेवतानां निर्म्माल्यं चकारात् तन्निर्म्माल्यपूष्पजला-

---

अर्थात् अनन्य-साधन महामहिम सम्प्रदायी उत्तम भागवतोंकी सेवाके लिए ही (किन्तु सद्गुरुके निकट दीक्षा-रहित अथच अनुकरणकारी कपट भक्तोंके लिए नहीं) जिनका धन आदि है वैसा **अनन्यशरणसेवी** होना चाहिए। इसकी व्याख्या इस प्रकार है कि—अनन्यशरण कृष्णैकतान् व्यतीत दूसरे शैव, शाक्त, सौर, गाणपत्य आदि भगवद्‌बहिर्मुख अतिथि-अभ्यागत आदि जीवोंको अनायास रूपमें देय अन्न-जल आदि द्रव्य दानके अतिरिक्त **सेव्य-सेवकभावसे प्रीतिपूर्वक उनकी सेवा करना कर्त्तव्य नहीं है, क्योंकि ऐसा करनेसे नामापराध होनेकी सम्भावना होती है।** उसी प्रकार अनन्य प्रयोजन होना चाहिए। हरिदास होनेके कारण श्रीभगवान्‌के चरणयुगलकी सेवाके अतिरिक्त वर्णाश्रमादियुक्त विषयीकी भाँति जिनका अन्य कोई प्रयोजन नहीं है—ऐसा होना चाहिए।

इस प्रकार अनन्यशरण कृष्णभक्त अन्य देवताओंकी पूजा नित्य, नैमित्तिक, काम्य, पितृश्राद्ध, तर्पणादि कर्म भी नहीं करेंगे। 'कदाच' इस

दीनां ग्रहणभोजनादीनि न कुर्य्यात्। तथान्यशेषं च न धारयेत्, अन्यदेवतानिर्म्माल्यपुष्पमाल्यवस्त्रगन्धचन्दनादिधारणं न कुर्य्यात्। चकारात् श्रीकार्ष्णादीनां प्रसादपुष्पमाल्यचन्दनादि-व्यतिरेकेणापरशैवशाक्तसौरगाणपत्यादीनां वर्णादीनां श्रीभगवद्-बहिर्म्मुखानां दत्तापादीनां वा तेषां प्रसादीयपुष्पमाल्यगन्ध-चन्दनवस्त्रादीनां धारणं न कुर्य्यात्। पूर्व्वावस्थायां शैवशाक्तसौरगाणपत्यादि बहिर्म्मुखव्यवहारव्यवसायत्वेन यान्युपार्ज्जितानि द्रव्यानि, पश्चात्, श्रीसद्गुरुश्रीगोविन्द-नाममन्त्रदीक्षितो भवन् पूनर्ज्जन्मसंस्कारशुद्धाशयत्वेन तेषां श्रीगोविन्दकार्ष्णादिसेवानिमित्तं विना गार्हस्थ्य-संग्रहीतत्वेन धारणं नो कुर्य्यादित्यर्थः, तद्द्रव्यं श्रीकृष्णकार्ष्णादिसम्बन्धे अपरत्वात् (अर्पितत्वात्)। तथा चावैष्णवानां श्रीभगवद्बहिर्म्मुखानां वर्णाश्रमादिशैवशाक्तसौरगाणपत्यादीनां सम्भाषा सन्तोषा-

---

पदका सर्वत्र ही अन्वय है, ऐसा समझना चाहिए। उसी प्रकार अन्य देवताओंको नमस्कार भी नहीं करना चाहिए । अन्य देवताओंका नाम ग्रहणपूर्वक स्मरण भी नहीं करेंगे। अन्य देवता आदिकी घटमूर्त्तिका दर्शन और स्पर्शन भी न करेंगे। 'च' कारके द्वारा अन्य देवताओंकी प्रदक्षिणा भी न करेंगे । अन्य देवता सम्बन्धित गीत एवं कथोपकथन भी नहीं करेंगे। अन्य देवताओंकी निन्दा तथा वन्दना भी नहीं करना चाहिए। दूसरे देवताओंका उच्छिष्ट भोजन भी नहीं करना चाहिए। अन्य देवताओंका निर्माल्य—निवेदित पुष्प-जल आदि ग्रहण और भक्षण भी नहीं करना चाहिए। इस प्रकार दूसरे देवताओंका उच्छिष्ट तथा अवशेष अर्थात् अन्य देवताओंका निर्माल्य, पुष्पमाल्य, गन्ध, वस्त्र इत्यादि भी धारण नहीं करना चाहिए। 'च' कारके द्वारा श्रीकार्ष्णजनोंका प्रसाद, पुष्प, माल्य, चन्दन आदिके अतिरिक्त भगवद्विमुख दूसरे शैव, शाक्त, सौर, गाणपत्य आदि वर्णाश्रमी लोगोंके द्वारा प्रदत्त जल आदि या प्रसादी-पुष्प, माला, गन्ध,

भाष्यत्वेन सम्मेलनं तेषां वन्दनं नमस्कारं स्तुतिञ्च,—आदिपदेन तत्स्पर्श सहोपवेशनभोजनादिकं, भोजन-पानार्थं तदन्नजलादिकञ्च सर्वमेतद्विवर्ज्जयेत्, अतिविशेषयत्नतः परित्यजेदित्यन्वयः।

अन्यदेवार्च्चने अवैष्णवानामप्यपराधः

नन्वनन्यशरण-कार्ष्णवैष्णवादीनामित्युपलक्षणं, **श्रीविष्णु-नाममन्त्राऽदीक्षित-ब्राह्मणानामप्यन्यदेवार्च्चने महान् दोषः**। तथाह श्रीनारदपुराणे, यथा—

ब्राह्मणोऽपि मुनिर्ज्ञानी देवमन्यं न पूजयेत्।
मोहेन कुरुते यस्तु सद्यश्चाण्डालतां व्रजेत्।।
सदान्यदेवताभक्तिर्ब्राह्मणानां गरीयसी।
विदूरयति विप्रत्वं चाण्डालत्वं प्रयच्छति।।

चन्दन, वस्त्र इत्यादि भी धारण नहीं करना चाहिए। अथवा पूर्वोक्त शैव, शाक्त, सौर, गाणपत्य प्रभृति बहिर्मुख लोगोंकी भाँति प्रचेष्टासे उपार्जित द्रव्योंका उपयोग भी नहीं करना चाहिए अर्थात् सद्गुरुके निकट श्रीगोविन्दके नाम-मन्त्रमें दीक्षित होकर पुनर्जन्म और संस्कारके द्वारा चित्तशुद्ध होने पर श्रीकृष्ण और कार्ष्ण आदिकी सेवाके उद्देश्यके अतिरिक्त गृहस्थ धर्मावलम्बी भक्तोंको उनका उपयोग नहीं करना चाहिए; क्योंकि वे द्रव्य-समूह कृष्ण और कृष्ण-भक्तोंके सम्बन्धी नहीं होनेसे 'अन्य' हैं। उसी प्रकार अवैष्णव (भगवद्विमुख) वर्णाश्रमी शैव, शाक्त, सौर, गाणपत्य आदिके साथ सम्भाषण अर्थात् कर्त्तव्यके लिए उनको आदरपूर्वक बुलाकर सम्मेलन, वन्दन, नमस्कार, स्तुति आदि भी नहीं करनी चाहिए। 'आदि' पदसे उनका स्पर्श, उनके साथमें उठना-बैठना, भोजन-पानके लिए अन्न-जल आदि—सभी विषयोंका सम्पूर्णरूपमें त्याग करना चाहिए।

(दूसरे-दूसरे देवताओंका अर्चन करने पर अवैष्णवोंके लिए भी अपराध होता है।)—यहाँ 'अनन्य-शरण कार्ष्ण' 'वैष्णव' आदि पद—उपलक्षणमात्र हैं। **श्रीविष्णुनाम-मन्त्रमें अदीक्षित ब्राह्मण आदि वर्णाश्रमीको**

ब्राह्मणो गायत्रीज्ञः,—ब्रह्म गायत्री श्रीमन्नारदोपदिष्टा— महाभागो तत्त्वज्ञत्वेन, अपि निश्चितं, श्रीविष्णुज्ञाता भवति। तस्माद्धि वैष्णवो विष्णुः कलेर्मध्ये विशेषत इति प्रमाणश्रवणेन श्रीविष्णुवैष्णवयोरभिन्नत्वात्—**ब्राह्मण एव आदिवैष्णवः**। तत्रापि मुनिः मननशीलः सदसद्विवेकवान्, ज्ञानी आहारभयमैथुन-निद्राद्यसज्ज्ञानव्यतिरेकेण सद्विशिष्टज्ञानः एवं विशिष्टो ब्राह्मणोऽन्यं देवं देवतामात्रं न पूजयेत्। स च यदि मोहेन कर्मवशभ्रष्टज्ञानेन कुरुते तदा पुनश्चाण्डालतां व्रजेत्। अयमर्थः,—पञ्चत्वे सति तस्य पुनरावर्त्तनं यद्भवेत तत् किं वक्तव्यं—**इदानीं साक्षाद्ब्राह्मणाचारभ्रष्टत्वात् चाण्डालवद्भवति**। अतः कारणादन्यदेवताभक्तिः केवलश्रीपरमभागवतगायत्र्युपासना-

---

भी अन्यान्य देवताओंका अर्चन करना महापराध है। इस विषयमें नारदपुराणमें उल्लेख है—मुनि और ज्ञानी ब्राह्मण अन्य देवताओंकी पूजा नहीं करेंगे। जो मोहवशतः ऐसा करते हैं, वे तत्क्षणात् चाण्डालत्वको प्राप्त होते हैं। अन्य देवताओंके प्रति भक्ति रहनेसे ब्राह्मणोंका विप्रत्व नष्ट हो जाता है तथा उनका चाण्डालत्व उपस्थित होता है।

ब्राह्मण अर्थात् गायत्रीज्ञ; यहाँ 'ब्रह्म' का तात्पर्य गायत्रीसे है, जो नारद ऋषिके द्वारा उपदिष्ट है। महाभाग्यवान् ब्राह्मण तत्त्वज्ञ होनेके कारण निश्चित रूपमें ही विष्णुतत्त्वका ज्ञाता होता है। अतः विष्णु-तत्त्वज्ञ होनेके कारण विशेषतः कलिकालमें वैष्णव 'विष्णु' ही हैं। इस प्रमाणके अनुसार विष्णु वैष्णवोंका अभेद दृष्टिगोचर होनेके कारण **ब्राह्मण ही आदि वैष्णव हैं**। इसपर भी 'मुनि' अर्थात् मननशील सत् असत् विचार-परायण एवं 'ज्ञानी' अर्थात् आहार, भय, मैथुन, निद्रादि असत्-ज्ञान-रहित, विशिष्ट सज्ज्ञानी (वास्तविक ज्ञानी) हैं। इस प्रकार वैशिष्ट्ययुक्त ब्राह्मण अन्य देवतामात्रकी पूजा नहीं करेंगे। वे यदि मोहवशतः अर्थात् कर्मवश भ्रष्टज्ञान हेतु ऐसा करते हैं, तो पुनः चाण्डालत्वको प्राप्त होते हैं।

व्यतिरेकेण अन्यदेवतासेवा तद्वृत्तिर्वा ब्राह्मणानां गरीयसी गरिष्ठा अभिनन्दिता (अपि) एषां विप्रत्वं ब्रह्मत्वं विदूरयति विनाशयति, चाण्डालत्वं प्रयच्छति प्रकर्षेण ददातीत्यर्थः।

ननु ब्राह्मणस्येत्युपलक्षणं,—**वर्णाश्रमादीनां सर्व्वेषां विष्णुं विहायान्यदेवतार्च्चने महान् दोषः**। तत्राह स्कान्दे ब्रह्मनारदसंवादे, यथा—

वासुदेवं परित्यज्य योऽन्यदेवमुपासते।
त्यक्त्वामृतं स मूढ़ात्मा भुङ्क्ते हालाहलं विषम्।।

यः कश्चिन्मनुष्यमात्रो वर्णाश्रमादिर्वासुदेवमित्यनेन श्रीजगदीश्वरत्वेन परम्पदाख्यधामस्थायिनं विहायान्यदेवं देवतामात्रमुपासत (इत्यार्षमुपास्त इत्यर्थः) सेवनीयत्वेनोपासनां कुरुते सोऽमृतं त्यक्त्वा हालाहलं कालकुटं विषं भुङ्क्ते। यतो मूढ़ात्मा अतिशयाज्ञतमत्वेनाव्यसितचित्तः। अयं भावः—

इसका तात्पर्य यह है कि मृत्युके पश्चात् उनका जो पुनरागमन होता है, इस विषयमें सन्देह नहीं है। **वर्तमान अवस्थामें भी ब्राह्मणोचित आचारसे भ्रष्ट हो जानेके कारण साक्षात् चाण्डालके सदृश हो जाते हैं**। इसलिए अन्य देवताओंके प्रति भक्ति अर्थात् परमभगवती गायत्री उपासनाके अतिरिक्त अन्य दूसरे-दूसरे देवताओंकी सेवा और वैसी वृत्ति गरीयसी अर्थात् अत्यन्त प्रशंसनीय होने पर भी वह ब्राह्मणोंके ब्राह्मणत्वको विदूरित करती है तथा सर्वतोभावेन चाण्डालत्व प्रदान किया करती है।

यह कथन ब्राह्मणके सम्बन्धमें उपलक्षणमात्र है, अर्थात् ब्राह्मण कहनेसे वर्णाश्रमी सभीके लिए विष्णुकी सेवाके अतिरिक्त अन्य देवताओंका अर्चन करनेसे महापराध होता है। इस विषयमें स्कन्दपुराणके ब्रह्म-नारद संवादमें ऐसा कहा गया है,—जो लोग श्रीवासुदेवको छोड़कर दूसरे-दूसरे देवताओंकी उपासना करते हैं, वे मूढ़ात्मा अमृत त्यागकर हलाहल विषका पान करते हैं। कोई भी वर्णाश्रमी व्यक्ति परमधाममें

श्रीवासुदेवबहिर्म्मुखत्वेन यो मूढ़ात्मा सोऽमृतं संसृतिबन्धन-विनाशकारकत्वेन मोक्षस्वरूपं श्रीमद्वासुदेवभजनं त्यक्त्वा हालाहलमवश्यातिनिश्चयविनाशित्वेन विषतुल्यं महाघोरतमं संसारबद्धता-चतुरशीतिलक्षयोनिभ्रमण-विविधयातना-कर्म्मभोगं करोति,—'अवश्यमेव भोक्तव्यं कृतं कर्म्म शुभाशुभमि'त्यादि-वचनप्रमाणात् ।

तथा श्रीमहाभारते हरिवंशे, यथा—

यस्तु विष्णुं परित्यज्य मोहादन्यमुपासते ।
स हेमराशिमुत्सृज्य पांशुराशिं जिघृक्षति ।।

मोहात् श्रीविष्णुमायाभ्रान्तत्वात्, यस्तु इत्यनेन यः कोऽपि नरमात्रः, विष्णुं सर्वव्यापिनं श्रीजगदीश्वरं, परित्यज्य अनन्यशरणाचरणेष्टसेव्यत्वेन त्यक्त्वा, अन्यं देवोपदेवादिकं उपासत (उपास्ते) इष्टत्वेनाथवा काम्यकर्मादिफलदातृत्वेन सेवते,

---

श्रीजगदीश्वर-स्वरूपमें विराजमान श्रीवासुदेवको परित्याग करने पर हलाहल विषका भक्षण करता है। उसका कारण यह है कि वह मूढ़ात्मा अर्थात् अतिशय मूर्ख व्यक्ति अस्थिर चित्तवाला है। भावार्थ—यह है कि श्रीवासुदेवसे विमुख होनेके कारण जो अतिशय मूढ़ है। अमृत अर्थात् संसारबन्धनको दूरकर अपनी सेवामृत-रूप मोक्षको देनेवाले श्रीवासुदेवका भजन जो परित्याग करता है, वह सुनिश्चित रूपमें विनाशकारी कालकूट विषके समान महाघोरतम संसार-बन्धन रूप चौरासी लक्ष योनियोंमें भ्रमण करता हुआ विविध यातनाओंका भोग करता है। अपने द्वारा कृत शुभाशुभ कर्मोंका फल अवश्य ही भोगना होता है—इत्यादि शास्त्र-वचन यहाँ पर प्रमाण हैं।

श्रीमहाभारतके हरिवंशमें भी ऐसा कहा गया है—'जो व्यक्ति मोहवशतः विष्णुको परित्यागकर अन्य देवताओंकी उपासना करते हैं, वे स्वर्ण-राशिका परित्यागकर धूलिराशिको ग्रहण करनेकी इच्छा रखते हैं'।

स हेमराशिं-कनकसमूहमुत्सृज्य पांशुराशिं धूलीनां प्राचुर्यं जिघृक्षति ग्रहीतुमिच्छति। यद्वा यस्त्विति—अनेकजन्म गोविन्दभजनप्रतापात् य इह मनुष्यजन्म पुनः प्राप्य श्रीसद्-गुरूपदिष्ट श्रीभगवन्नाममन्त्रोऽनन्यो भवन् अन्यविविधविबुधवृन्दं परित्यज्य कायवाङ्मनोभिर्दूरीकृत्य **केवलैकं** श्रीमद्विष्णुमुपासते स्वामिव्रतत्वेन भजते पांशुराशिं अपरिमितधूलिवत् (१) विविधयोनिभ्रमणगतागति—जन्ममरणसंसारबन्धनपद्धति-मुत्सृज्य सर्वतोभावेनत्यक्त्वा हेमराशिं कनकनिधिप्राप्तिवत् **श्रीगोविन्दनिजदासपदवीं** जिघृक्षति प्राप्नोति—धातुनाम-नेकार्थत्वादिति प्रामाण्यात् (२)। **अतएव** श्रीगोविन्दैकतान-भक्तानां सदसद्विचारकत्वेन सर्व्वकर्म्मसु श्रीभगवद्धर्म्मोक्त-सद्ग्रहणमपरसकलपरित्यागः।

मोहवशतः अर्थात् विष्णुमायासे भ्रान्त होनेके कारण कोई **भी मनुष्य** सर्वव्यापी जगदीश्वर श्रीविष्णुको परित्यागकर अर्थात् अनन्य शरणागत जनोंके आचरणके अनुयायी इष्ट—सेव्य-रूपमें ग्रहण नहीं कर अपनी सांसारिक कामना-वासनाओंके फलदाता रूपमें अन्य देवता और उपदेवताओंकी पूजा करनेपर, वह कनक-राशिको परित्यागकर धूलि-राशि ग्रहण करनेकी इच्छा रखता है, अथवा दूसरी व्याख्या—अनेक जन्मोंके गोविन्द-भजनके प्रभावसे जो व्यक्ति संसारमें पुनः मनुष्यजन्म लाभकर सद्गुरुके निकट श्रीहरिनाम-मन्त्र ग्रहणपूर्वक अनन्य-शरण होकर

---

(१) धूलिनामपरिमितवत्

(२) तथा श्रीभागवते (११/५/२-३)—

मुखबाहूरुपादेभ्यः पुरुषस्याश्रमैः सह।
चत्वारो जज्ञिरे वर्णा गुणैर्विप्रादयः पृथक्।।
य एषां पुरुषं साक्षादात्मप्रभवमीश्वरम्।
न भजन्त्यवजानन्ति स्थानादभ्रष्टाः पतन्त्यधः।।

सच्छब्दविवेकः

एतस्मिन् प्रस्तावे श्रीभगवान् अर्जुनं प्रति सत्**शब्दस्यार्थं** श्लोकद्वयेनाह, यथा श्रीमद्भगवत्गीतायां (१७/२६,२७)—

सद्भावे साधुभावे च **सदि**त्येतत् प्रयुज्यते।
प्रशस्ते कर्मणि तथा **सच्छब्द**: पार्थ युज्यते।।

(क) **सद्भावे** सता सत्त्वगुणेन भावो जन्म यस्य स तस्मिन्

अन्यान्य देवताओंको तन, मन और वचन सब प्रकारसे परित्यागकर पतिनिष्ठ रूपमें एकमात्र विष्णुकी उपासना करते हैं, वे विविध-योनि आवागमन—जन्ममरण, संसार बन्धन-प्रवाहको अपरिमित धूलि-राशिकी भाँति सब प्रकारसे त्यागकर सुवर्ण-निधि प्राप्तिकी भाँति श्रीगोविन्दके दासकी पदवीको प्राप्त करते हैं। एक धातुके अनेक अर्थ होते हैं—इस वचनके प्रमाणसे 'जिघृक्षति'—पदका अर्थ 'प्राप्ति' लगाया गया है।

[श्रीमद्भागवत (४/५/२-३) में ऐसा कहा गया है कि विराट् पुरुषके मुख, बाहु, उरु और पदसे सत्त्वादि गुण और ब्रह्मचर्य आदि चारों आश्रमोंके साथ यथाक्रमसे ब्राह्मण आदि चारोंवर्ण उत्पन्न हुए हैं, इनमेंसे जो साक्षात् अपने पिता ईश्वरका भजन नहीं करते, परन्तु उनकी अवज्ञा किया करते हैं, वे अपने-अपने स्थानोंसे भ्रष्ट होकर अधः पतित हो जाते हैं]।

इसलिए एकनिष्ठ गोविन्द-भक्तोंके लिए सत्-असद् विचारमें परायण होनेके कारण उन्हें श्रीभगवद्धर्ममें उपदिष्ट **'सत्' को ग्रहण** करना चाहिए।

(सत् शब्दका विचार)—इस प्रसंगमें भगवान् श्रीकृष्ण अर्जुनको दो

नारदपञ्चरात्रे (२/७/३७)—

चतुर्णामपि वर्णानां गुरुकृष्णार्च्चनं परम्।

श्रीचैतन्यचरितामृते—

चारि वर्णाश्रमी यदि कृष्ण नाहि भजे।
स्वकर्म करितेओ से रौरवे पड़ि' मजे।।

श्रीगोविन्दभक्तविबुधे गायत्रीपूतभूसुरे च; तथा सता शुद्धसत्त्वेन भावः आविर्भावः स्वरूपप्रभवो यस्य यस्माद्वा स तस्मिन् श्रीमद्**विराड्युपनारायणे च द्विविधावतारे**; एवं सरसत्वेन सति भावः—परंपदाख्यं वैकुण्ठधाम सत्, तस्मिन् सतत-स्थायित्वेनाविर्भावो यस्य स तस्मिन् **श्रीमन्नारायणाख्यवासुदेवे**; अपरञ्च सता अतिविशुद्धसत्त्वत्वेन भावः स्वाणिमादिविविध-सुखविभव-नामगुणकर्म्मलीलादि-स्वेच्छामय प्राकट्यं यस्य स तस्मिन् **श्रीमत्कृष्णे** तद्धाम्नि श्रीमद्वृन्दावने च; तथा सतां कार्ष्णादीनां—पित्रुपात्तभौतिकदेहजन्म शौक्रं पूर्वार्ज्जित-संस्कारतः—अस्मादन्यो भावः श्रीभगवन्नाममन्त्रोपदेश-तत्तद्धर्म्मशास्त्रादिशिक्षादितोऽत्यन्ताश्चर्यं पुनर्जन्म यस्मात् स तस्मिन् **श्रीगुरो**। तथा (ख) **साधुभावे** च साधूनां श्रीमत्—

श्लोकोंमें (गीता १७/२६-२७) 'सत्' शब्दका उपदेश करते हैं। हे पार्थ! सद्भावमें और साधुभावमें 'सत्'-इस शब्दका प्रयोग होता है। उसी प्रकार प्रशस्त कर्ममें भी 'सत्' शब्दका प्रयोग हुआ करता है।

(क) **सद्भावमें 'सत्' शब्दका प्रयोग**—सत् अर्थात् सत्त्व गुणके द्वारा भाव या जन्म है जिनका, वे श्रीगोविन्द-भक्त देवता एवं गायत्री द्वारा पवित्र ब्राह्मणमें तथा सत् या विशुद्ध भाव अर्थात् आविर्भाव अर्थात् विशुद्ध रूपमें जिनका स्वरूप प्रकाशित है, **उन श्रीविराट् और द्विविध नारायणके अवतारोंमें**। इस प्रकार सरसत्व हेतु सत्में भाव है जिसका, वह परमपदाख्य वैकुण्ठधाम ही सत् है, उस वैकुण्ठधाम रूप सत्में नित्य विराजमान रूप आविर्भाव है जिनका, **उन श्रीनारायण नाम धारण करनेवाले श्रीवासुदेवमें** 'सत्' शब्दका प्रयोग संगत होता है। और भी सत् अर्थात् अति विशुद्ध-सत्त्वमयताके कारण भाव अर्थात् अपनी अणिमादि विविध सुख-वैभव, नाम, गुण, कर्म लीला आदिके सहित स्वेच्छामय प्राकट्य है जिनका, **उन श्रीकृष्ण और तदीय धाम वृन्दावनमें**;

कृष्णैकतानादीनामनन्यभक्तानां भावः परमोत्कृष्टः—स्वभावोऽतिशयमनोनैर्म्मल्यं यस्मात् स तस्मिन् **श्रीभगवन्नाममन्त्रगुण कर्मलीलादौ**, तथा **श्रीभगवद्धर्मोक्त**श्रुतिस्मृतिपुराणोपपुराणागम-सिद्धान्तपञ्चरात्र **शास्त्रादौ च** तथा **साधूसङ्गादौ च**, तथा श्रवणादिसकल **भक्तिविषये तदङ्गे च**। सदित्येतत्, रजस्तमोगुणव्यतिरेकेण केवलशुद्धसत्त्व-परसत्त्व-विशुद्धोसत्त्वतो नित्यत्वात सत्यत्वाच्च देवब्राह्मणादिष्वेतेषु श्रीभगवदाश्रयपरेषु वस्तुष्वपि प्रकर्षेण युज्यते वर्त्तते—तेषु तात्पर्यात्। तथा (ग)

और भी सत् या कार्ष्ण आदिके पूर्वार्जित संस्कारके वश माता-पिताके निकट प्राप्त भौतिक देह लाभरूप शौक्र जन्मसे भिन्न भाव अर्थात् भगवन्नाममन्त्र उपदेश तथा उन धर्मशास्त्र आदि शिक्षाके प्रभावसे अत्यन्त आश्चर्यजनक पुनर्जन्म जिससे होता है, **उन श्रीगुरुदेवमें** भी सत् शब्दका प्रयोग होता है।

(ख) **साधुभावमें 'सत् शब्दका प्रयोग**—साधुजनोंके अर्थात् कृष्णैकनिष्ठ अनन्य भक्तजनोंके भाव अर्थात् परमोत्कृष्ट स्वभाव—मनकी अतिशय निर्मलता जिनसे होती है, वे **श्रीभगवन्नाम-मन्त्र, गुण, कर्म, लीला आदि** उसीप्रकार श्रीभगवद्धर्मोक्त श्रुति, स्मृति, पुराणोपपुराण, आगम, सिद्धान्त, पञ्चरात्र **शास्त्र आदि, साधुसंग आदि** श्रवण आदि समस्त भक्ति-विषय और भक्ति अंगोंमें, रजस्तमोगुण-रहित केवल शुद्ध-सत्त्व, परमसत्त्व, विशुद्ध-सत्त्वमय वस्तुके नित्यत्व एवं सत्यत्त्वके हेतु उपयुक्त सभी विषयोंमें श्रीभगवत्पदाश्रय करनेवाले देवता-ब्राह्मण आदि एवं वस्तुओंमें 'सत्'—यह पद प्रकृष्ट रूपसे प्रयुक्त होता है, क्योंकि इन सभी विषयोंमें भी सत् शब्दका तात्पर्य होता है।

उसी प्रकारसे—(ग) प्रशस्तकर्मोंमें अर्थात् श्रीगोविन्द-विमुख-कर्तृ-विरहित, परम मंगलातिमंगलरूप **सात्त्विक कार्योंमें**, शास्त्रोंमें लिखे गये विधानोंके अनुरूप सभी **भगवत्सेवा आदि कार्योंमें**, श्रीगुरु, वैष्णव, कार्ष्ण, ब्राह्मण आदिकी विधिमत सर्वविध सेवाओंमें, श्रीगोविन्दके यात्रा, महोत्सव,

प्रशस्ते कर्म्मणि श्रीगोविन्दबहिर्मुख-कर्त्तृव्यतिरेकेण परम-मङ्गलातिमङ्ले **सात्त्विक-कर्म्मणि**, यथाविधानोक्तयावत्-श्रीभगवत्सकलसेवादौ, तथा श्रीगुरुवैष्णवकार्ष्णब्राह्मणादीनां विधिवत् **सर्व्वसेवने**, तथा श्रीमद्गोविन्दस्य सकल **यात्रामहोत्सव-नामकीर्त्तनसंकीर्त्तनादौ च**। हे पार्थ! अर्जुन! एतेषु अपर **श्रीभगवत्कृष्णकार्ष्णादि-सकलकर्म्मसु सच्छब्दः** युज्यते सङ्गत इत्यर्थः।

किञ्च (१७/२७)—

यज्ञे तपसि दाने च स्थितिः सदिति चोच्यते।
कर्म्म चैव तदर्थीयं सदित्येवाभिधियते॥

यज्ञे (घ) **श्रीविष्णुयज्ञे** ब्राह्ममुहूर्त्ते मङ्गलवन्दनादि-शयन-पुष्पाञ्जलिकृत्यपर्यन्ते श्रवणादिभक्तिपूर्व्वके श्रीभगवत्-सकलसेवनकर्म्मणि; तथा (ङ) **तपसि** नित्यनैमित्तिककाम्या-

---

नामकीर्त्तन, संकीर्त्तन आदि सभी विषयोंमें एवं भगवान् श्रीकृष्ण और कार्ष्णोंके लिए सब प्रकारके कार्योंमें, हे पार्थ ! सत् शब्दका प्रयोग है। और भी "**यज्ञ, तप और दानमें स्थिति** अर्थात् अविचलित रूपमें स्थिति भी सत् शब्दके द्वारा अभिहित होती है। तत्सम्बन्धीय सभी कर्म 'सत्' शब्दके द्वारा अभिहित होते हैं" (गीता-१७/२७)

यज्ञके अर्थमें (घ) **श्रीविष्णु-यज्ञ**—श्रवण आदि भक्तिपूर्वक ब्रह्ममुहूर्तमें मंगल-वन्दनादिसे रात्रिकालमें शयन पुष्पाञ्जलि तक भगवान्‌के सभी सेवाकार्य श्रीविष्णु यज्ञके अन्तर्गत हैं। (ङ) **तपः** अर्थात् नित्य, नैमित्तिक,काम्य आदि कर्मोंका परित्यागकर केवल भगवद्-भजन निष्ठाके अनन्य सेवामय सदाचारोंके अनुष्ठान कार्य। (च) **दान अर्थमें**—भक्ति श्रद्धामें तन, मन और वचनसे यथाशक्ति महाभागवत कार्ष्णके सब प्रकारसे सेवा-कार्य, 'च'-कारके द्वारा—ब्राह्मण आदि सभी जीवोंके प्रति अनुकम्पावशतः अन्न-जलादिके द्वारा यथाशक्ति संतोष विधायक जीव सन्तर्पण कार्य, अथवा

दित्यागेन केवल श्रीभगवद्भजननिष्ठानन्याचाराचरणकर्म्मणि; (च) **दाने** च भक्तिश्रद्धया कायवाङ्मनोभिर्यथाशक्ति श्रीमन्महाभागवतकार्ष्णादिसकलसेवाकर्म्मणि; चकारात् ब्राह्मणादिसर्व्वजीवानुकम्पया यथाशक्त्यन्नजलादिभिः सन्तोषकारकत्वेन जीवसन्तर्पणकर्म्मणि। अथवा यज्ञो विष्णुस्तस्मिन् सेव्यसेवकत्वेन यथाविध्युक्ततदनन्यभजनकर्म्मणि। एतदाश्रया स्थितिश्च (१) तत्तदाचरणकर्त्तृत्वेन निष्ठावस्थितिः—एतदवश्यमेवकर्त्तव्यं नान्यदिति। स्यादिति शब्द एषु यज्ञादिषु तत्स्थितौ चोच्यते कथ्यते, नत्वपरयागयज्ञादिसर्व्वकर्म्मसु, यतस्तत्तद्यागादिकं सकलं कर्म्मासत्। तथा (छ) **तदर्थीयमेव**—तत्तत्यज्ञतपोदानादिनिर्वाहार्थं कायक्लेशोऽङ्गीकृतः, कृषीवलाद्यवेतन भिक्षासेवादिभिः तदर्थं द्रव्योपार्जनादिकं कूपवापीखाततड़ागदीर्घिकारामपुष्पोद्यान-

---

अर्थमें सेवक-सेव्य भावसे शास्त्रोक्त विधानानुसार श्रीविष्णुके भजनका कार्य। इन सबके आश्रयमें स्थिति अर्थात् ऐसा करना अवश्य ही कर्त्तव्य है; अन्य कुछ भी करना कर्त्तव्य नहीं है, इस विचारसे भगवद्भावमें आचरणकारीके रूपमें निष्ठापूर्वक स्थिति ही यज्ञमें स्थिति कहलाती है। 'सत्'—शब्द पूर्वोक्त यज्ञादि तथा उनमें स्थितिके लिए प्रयुक्त होता है। किन्तु भगवद्भाव-रहित दूसरे याग-यज्ञादि सभी कर्म असत् हैं; इसलिए यहाँ इन सब अनुष्ठानोंके लिए सत् शब्दका प्रयोग नहीं किया गया है।

उसी प्रकार (छ) **तदर्थीय** अर्थात् उन यज्ञ, तप, दान आदि निर्वाहके लिए अवलम्बित काय-क्लेश, कृषक आदिसे अवैतनिक भिक्षा—सेवा आदिके द्वारा भगवान्‌की सेवाके उद्देश्यसे द्रव्य संग्रह आदि, उसी उद्देश्यसे कूप, तालाब, सरोवर, दीर्घिका, आराम, बाग-बगीचा, पुष्पोद्यान आदि विविध प्रकारके वृक्षोंका आरोपण, मन्दिर आदि कार्य तदर्थीय कर्म हैं।

---

(१) एषु स्थितिराश्रय इत्यर्थः ।

विविधवृक्ष-रोपण-मन्दिरादिकञ्च यत्तदर्थं तत् तदर्थीयंकर्म्म च सकलं विद्वद्भिः सदित्येव निश्चितमभिधीयते सर्वतोभावेन कथ्यते इति नात्र सन्देहः।

अतएव श्रीभगवन्नाममन्त्रोपदिष्टोऽनन्यकार्ष्णादिगृहस्थः सद्भावगृहीतत्वेन सर्व्वकर्म्मसु श्रीभगवत्पूजामात्रं कुर्य्यात्, न देवतापित्रन्तरादीन्। यतः श्रीमद्गोविन्दे पूजिते सति सर्व्वे देवाः पितरश्च पूजिता भवन्ति।

गोविन्दपूजया सर्व्वपूजनं

तत्राह श्रीस्कन्दपुराणे—

अर्च्चिते देवदेवेश अब्जशङ्खगदाधरे।
अर्च्चिताः पितरोदेवा यतः सर्वमयो हरिः।।

देवानां त्रयस्त्रिंशत्कोटिनां अमरावतीश्वरस्तदधिकारी

इन सबके लिए पण्डितजन 'सत्' शब्दका प्रयोग करते हैं। यह सब प्रकारसे निश्चित रूपमें सत्य है, इसमें तनिक भी सन्देह नहीं है।

अतएव भगवान्‌के नाम-मन्त्रमें दीक्षित अनन्य कृष्णभक्त गृहस्थ पूर्वोक्त सद्भावमें गृहीत अर्थात् शुद्धसत्त्वमें पुनर्जन्म प्राप्त होनेके कारण समस्त कर्मोंके द्वारा श्रीभगवत्पूजा करेंगें। अन्यान्य देवताओं तथा पितृ आदिकी पूजा न करेंगें। क्योंकि श्रीगोविन्द पूजित होने पर सभी देवता और पितृगण पूजित हो जाते हैं।

(एकमात्र श्रीगोविन्दकी पूजासे सबकी पूजा)—स्कन्दपुराणमें ऐसा ही कहा गया है—पद्म, शंख, चक्र और गदाको धारण करनेवाले देवदेवेश सर्वेश्वर भगवान् श्रीगोविन्द अर्चित होने पर देववृन्द और पितृगण अर्चित हो जाते हैं क्योंकि हरि सर्वमय हैं। तैतीस करोड़ देवताओंके अधीश्वर देवराज इन्द्र हैं और उनके भी पूज्य और वन्दनीय देवता 'ब्रह्मा' हैं और उनके भी ईश्वर प्रभु 'श्रीहरि' हैं। इस प्रकार श्रीगोविन्द पितृ-पुरुषोंके भी प्रभु हैं। उन पद्म, शंख, चक्र, गदाधारी

इन्द्रोदेवस्तस्य देवो वन्दनीयो ब्रह्मा तस्यापीशः प्रभुः श्रीहरिः, तथा सर्व्वपितॄणामपि । अतस्तस्मिन्नब्जशङ्खचक्रगदाधरे वासुदेव अर्च्चिते पूजिते सति, देवाः पितरश्चेत्यनेन सर्व्वेषु नित्यनैमित्तिककाम्यमाङ्गल्यादिकर्म्मसु देवाः पितरश्च प्रत्यवायपरिहारार्थं पूज्याः, सर्व्वे त अर्च्चिताः भवन्ति। यतः सर्व्वमयः सकलदेवतापित्रादीनां मूलं सर्व्वेश्वरत्वात्, अतएव श्रीहरिरनन्यनिजसेवकानामाध्यात्मिकादितापत्रयहर्त्तेति।

ननु कलियुगे श्रीहरिनामकीर्त्तनपूजादिपरायणवर्णादयो लोकयात्रानित्यादिकर्म्माकरणत्वेनापि सम्पूर्णकर्म्मकर्त्तारो भवन्तीत्यत्राह बृहन्नारदीये—

हरिनामपरा ये च हरिकीर्त्तनतत्पराः।
हरिपूजापरा ये च ते कृतार्थाः कलौयुगे।।

ये च श्रीसद्गुरुश्रीभगवन्नामग्रहणसत्सङ्गश्रीभगवद्धर्म्म-

श्रीवासुदेवकी पूजा होने पर देवतावृन्द पितृगण (नित्य-नैमित्तिक-काम्य-मांगल्यादि प्रत्यवायको दूर करनेके लिए देवताओं और पितृ-पुरुषोंकी जो पूजा की जाती है) आदि सभीकी पूजा करनी हो जाती है; क्योंकि श्रीहरि अपने अनन्यशरण सेवकोंके त्रितापको हरण करनेवाले हैं। श्रीभगवान् सर्वमय अर्थात् सर्वेश्वर होनेके कारण देव और पितृ पुरुषोंके भी मूल हैं।

कलियुगमें श्रीहरिनाम-संकीर्त्तन और पूजा आदि परायण वर्णाश्रमी आदि व्यक्ति लोकयात्रा-नित्यादि कर्मोंके अकरणमें भी सर्वकर्मोंके अनुष्ठाता हुआ करते हैं। इस विषयमें बृहन्नारदीय पुराणमें कहा गया है—'जो लोग हरिनाम परायण, संकीर्त्तनमें तत्पर और भगवत्पूजा परायण होते हैं, वे कलियुयगमें कृतार्थ हैं'। जिन्होंने श्रीसद्गुरुसे श्रीभगवन्नाम-मन्त्र ग्रहण किया है, सत्संग और भगवद्धर्मकी शिक्षा ग्रहणकर अत्यन्त निर्मल चित्त होकर तन, मन और वचनसे **केवल श्रीहरिनाम कीर्त्तन आदिमें संलग्न रहते हैं**, उनका जीवन सफल है; यही भावार्थ है। **हरिकीर्त्तनमें तत्पर**

शिक्षातिशयशुद्धाशयत्वेन कायवाङ्मनोभिः **केवलश्रीहरिनामपरा** इत्ययं भावः **श्रीहरिकीर्त्तनतत्परत्वेन** श्रीहरिनामगुणकर्मलीलादि-स्मरणानुमोदनमननश्रवण सङ्कीर्त्तनमहोत्सव श्रीभागवत-श्रीभगवद्गीता-श्रीकृष्णोपनिषद् श्रीनारायणोपनिषदाद्यपर-श्रीभगवद्धर्म्मोक्तवेदागमपुराणोपपुराणस्मृतिभारताद्यपर-वैष्णव-शास्त्रपाठतच्छ्रवणतत्तत्पक्षानुसारविचार-सत्कर्म्मकरणव्यतिरेकेण संसारबन्धसकलकर्म्मकर्त्तृत्वेनावश्यमेव रहिताः; तथा **हरिपूजापरा** पितृ-देवाद्यर्च्चनसर्व्वकर्म्मादिकमृते केवलश्रीहरिपूजायां पराः एकान्तभजनतत्पराः, चकारात् श्रीकृष्णैकतानादिसेवापूर्व्वक-जीवदयासर्वप्राणिसन्तर्पणरताः, एवंविशिष्टा ये जनाः संसृतावपि स्थिताः सन्तः, कलौयुग इत्यनेनायं भावार्थः,—सत्यत्रेताद्वापरयुगे

रहनेके कारण श्रीहरिका नाम, रूप, गुण, कर्म, लीला इत्यादिका स्मरण, अनुमोदन, भजन, श्रवण, संकीर्त्तन, महोत्सव, श्रीमद्‌भागवत, श्रीभगवद्गीता, श्रीकृष्णोपनिषद्, श्रीनारायणोपनिषद् आदि एवं श्रीभगवद्धर्मोक्त दूसरे वेद, आगम, पुराण, उपपुराण, स्मृति, भारत और अन्यान्य वैष्णव-शास्त्रोंका श्रवण और उन सबके पक्षानुसारी विचारसे उन-उन कर्मोंके अनुष्ठानके अतिरिक्त संसार बन्धनके हेतुभूत सब प्रकारके कर्मोंके कर्तृत्वसे सर्वथा रहित होकर **श्रीहरिपूजा-परायण**—पितृ और देवताओंकी पूजा आदि सभी कर्मोंको छोड़कर केवल हरिके एकान्त भजनमें तत्पर; 'च'—कारके द्वारा केवलमात्र श्रीकृष्णके शरणागत होकर श्रीकृष्णके अनन्य–भक्तोंकी सेवापूर्वक जीव दया हेतु समस्त प्राणियोंको संतुष्ट करनेमें निरत होकर—ऐसा भी समझना चाहिए। इस प्रकार विशेष गुणोंसे युक्त व्यक्तिओंका संसारमें स्थित होकर भी कलियुगमें सफल जीवन है। इसका भावार्थ यह है कि सत्य, त्रेता, द्वापर युगमें तप-यज्ञ-अर्चन दान आदि विविध प्रकारसे भगवदुपासना करके दीर्घकालमें लोगोंका मनोरथ पूर्ण होता है। श्रीगोविन्द सम्बन्धीय यज्ञ, दान, व्रत, कूप, वापी, तड़ाग, दीर्घिका, बाग-बगीचा, विविध

तु तपोयज्ञार्च्चनदानादिभिर्विविधश्रीभगवद्भजनप्रकारैः श्रीभगवदुपासनां कुर्व्वन्तोऽनेककालेन सम्पूर्णार्था भवन्ति लोकाः, इह कलियुगे तु श्रीमद्गोविन्दसम्बन्धीयतया यज्ञव्रतदान-कूपवापीतड़ागखातारामविविधपुष्पोद्यानसेतुबन्धनोत्तममन्दिर-निर्माणद्वादशमासीययात्रामहोत्सवस्रवद्रससंयुतान्नजलापूप-पायसविविधवस्त्रालङ्कारसुगन्धिपुष्पगन्धमलयजागुरुकर्पूर-ताम्बूलधूपदीपवन्दापनीयशङ्खघण्टादिनानावाद्यप्रातःसायं-सङ्कीर्त्तनादिभिः प्रत्यहं श्रीभगवत्-सेवायां यद्भवति तद्ब्रह्मादी-नामप्यगोचरसुखकृत्यम्। एतन्निष्ठास्तु ये नित्यादिसकलं कर्मविहाय केवलानन्यशरणत्वात् श्रीहरिनामतत्कीर्त्तन-तत्पूजापरायणा भवन्ति ते कृतार्था **सेवानामापराधरहितता**विरत श्रीहरिनामस्मरणतत्पूजानिष्ठावृत्तित्वेन कृतो नित्यनैमित्तिका-द्यपरसर्व्वकर्म्मसमस्तदेवता-पितृपूजायागयज्ञदानव्रतादिकोऽर्थः प्रयोजनं येषां तादृश्या भवन्ति। ते अवश्यमेव भवबन्धनरज्जुतो मुक्ता भवन्तीत्यर्थः।

पुष्पोद्यान, सेतुबन्धन, उत्तम मन्दिर निर्माण, द्वादश महीनोंमें होनेवाले यात्रा-महोत्सव, रस प्रवाहयुक्त अन्न, जल, मालपूआ, खीर अर्पण, विविध प्रकारके अलंकार, सुगन्धित पुष्प, गन्ध, मलयज चन्दन, अगुरु, कर्पूर, ताम्बूल, धूप, दीप, वन्दनीय शंख-घंटा आदि नानाप्रकारके वाद्योंके सहित प्रातः और संध्या संकीर्त्तन आदिके द्वारा प्रतिदिन भगवत्सेवा आदि जो सब अनुष्ठित और सम्पन्न होते हैं, वे समस्त कार्य ब्रह्मा आदिके लिए भी अगोचर एवं आनन्दमय हैं। ऐसे भजननिष्ठ ऐकान्तिक भक्त अनन्य शरणागत होनेके कारण नित्य-नैमित्तिक आदि सभी कर्मोंका वर्जनकर केवल श्रीहरिके नाम-संकीर्त्तन और पूजापरायण होकर कृतार्थ हो जाते हैं। अर्थात् **सेवा** और **नामापराधसे रहित होकर** नित्य-निरन्तर श्रीहरिका

तथा पाद्मे श्रीदुर्गां प्रति सदाशिववाक्यं—

घोरे कलियुगे प्राप्ते सर्व्वधर्म्मविवर्ज्जिताः।
वासुदेवपरा मर्त्त्यास्ते कृतार्था न संशयः।।

घोरे महाभयङ्करे सामान्यतः, अथवा संसाररज्जु-बन्धनानिवार्यजालसङ्कटसङ्कुले, एवम्भूते कलियुगे प्राप्ते, द्वापरशेषकलियुगप्राप्तत्वेन द्वात्रिंशत्सहस्रवत्सराधिकं चतुर्लक्षं ज्ञापितं—सर्व्वधर्म्मविवर्ज्जिताः,—श्रीगोविन्दैकतानतया पितृ-देवतार्च्चन नित्यनैमित्तिककाम्यकर्म्मादिकरणत्यागस्य का वार्त्ता—वर्णाश्रमादिसर्व्वधर्म्मविशेषरहिता अपि मर्त्त्या मरणधर्म्मवन्तो ये, केवलं यद्यपि वासुदेवपराः कृतार्थास्ते भवन्तीत्यर्थः संशयो नास्ति कश्चन। (१)

नाम-संकीर्त्तन और हरिकी आराधनारूप नैष्ठिक वृत्तिसे युक्त होनेके कारण नित्य-नैमित्तिक आदि अन्य सभी कर्म समस्त देवताओं और पितृपुरुषोंकी पूजा, याग, यज्ञ, दान, व्रत आदि अर्थ या प्रयोजन आदि सब कुछ जिनका सिद्ध हो गया है, वे अवश्य ही भवबन्धनसे मुक्त हो जाते हैं।

पद्मपुराणमें श्रीसदाशिवका भगवती दुर्गाजीके प्रति कथन है—'घोर कलियुगके उपस्थित होने पर सर्वधर्म-विवर्जित होने पर भी श्रीवासुदेवके परायण मरणशील मनुष्य निःसंशयरूपमें कृतार्थ हो जाते हैं'। यहाँ घोर अर्थात् साधारणतः महाभयंकर अथवा संसारबन्धन हेतु अनिवार्य रूपमें भीषण जाल और संकटपूर्ण कलियुगके उपस्थित होने पर (द्वापरके अन्तमें कलियुगका परिमाण ४३२००० वर्ष है) सर्वधर्म विवर्जित अर्थात् पितृ-देवार्चन, नित्य-नैमित्तिक-काम्य कर्मानुष्ठान, वर्णाश्रम आदि सब प्रकारके विशेष धर्मोंसे रहित होकर भी मरणशील मनुष्य यदि श्रीवासुदेवके

---

(१) तथा पाद्मे—

सर्व्वधर्म्मोज्झिता विष्णोर्नाममात्रैकजल्पकाः।
सुखेन यां गतिं यान्ति न तां सर्व्वोपधार्म्मिकाः।।

श्रीहरिनामादिपरत्वेन श्रीवासुदेवपरत्वं ज्ञातं ज्ञापितञ्च कृतार्थत्वमपि तथा, पूर्व्वं वै तद्द्वयं व्याख्यातम्। तथा च स्कान्दे—

स कर्त्ता सर्व्वधर्माणां भक्तो यस्तव केशव।
स कर्त्ता सर्व्वपापानां यो न भक्तस्तवाच्युत।।

श्रीब्रह्मा स्वयं वदति,—हे केशव ! तव यो भक्तः सामान्यतः कोऽपि वर्णाश्रमादिलोकस्त्वां विनाऽन्यं न यदि भजते तदा त्वद्भक्तत्वात् सर्व्वधर्म्माणां कर्त्ता भवति। अयमर्थः—केवलैकान्तोऽनन्यत्वात्त्वत्पूजनादिकर्त्तृत्वेन वर्णाश्रमादिस्व-स्वधर्म्मावश्यकर्त्तव्यानि पितृदेवतादिपूजन-नित्यादीनि यानि तानि सर्व्वाणि करोत्यसंशयम्। (१) तथा हे अच्युत ! तव यो न

परायण होते हैं, तो वे कृतार्थ हो जाते हैं—इसमें तनिक भी सन्देह नहीं है। [पद्मपुराणमें भी ऐसा कहा गया है—सब प्रकारके धर्मोंसे हीन, किन्तु एकमात्र श्रीविष्णु नामका कीर्त्तनकारी व्यक्ति सुखपूर्वक जिस गतिको प्राप्त होते हैं; सब प्रकारके उपधर्मोंका भलीभाँति पालन करनेवाले व्यक्ति भी वैसी गति कदापि नहीं प्राप्तकर सकते हैं।]

श्रीवासुदेव परायणता तथा कृतार्थता भी श्रीहरिनाम आदि परायणताके रूपमें जानी और समझी गयी है। इन दोनों विषयोंकी पहले ही व्याख्या की गई है।

स्कन्द पुराणमें भी ऐसा कहा गया है—'हे केशव ! जो तुम्हारे भक्त हैं, वे सब धर्मोंका अनुष्ठान कर चुके हैं। हे अच्युत ! जो तुम्हारे भक्त नहीं हैं, वे समस्त पापोंके अनुष्ठानकारी हैं'। ब्रह्माजीने स्वयं कहा है—हे केशव ! आपका भक्त चाहे वर्णाश्रमके अन्तर्गत हो या बहिर्भूत, वह तुम्हारे अतिरिक्त और किसीका भी यदि भजन नहीं करता है, तो वह तुम्हारा

---

(१) तथा नारायणीये—

या वै साधनसम्पत्तिः पुरुषार्थचतुष्टये।
तया विना तदाप्नोति नरो नारायणाश्रयः।।

भक्तः श्रीसद्गुरुत्वन्नाममन्त्रोपदेशसद्धर्म्माचाराचरणव्यतिरेक-बहिर्म्मुखत्वेन सततं कर्म्माभिलाषः कर्मी लोक स सर्वपापानां कर्त्ता भवति। कथमेतत् ?—केवलशुद्धसत्त्वस्वरूपत्वदनन्य-शरणभावार्च्चनादिरहिततापातिव्रत्यधर्म्मपरित्यागेन शुद्धराजस-तामसश्रुतिस्मृतिपुराणाद्युक्तविविधयोगयज्ञहोमदानव्रत-विबुधार्च्चनादिकर्म्माचरणं वेश्यावृत्तिवत् कुर्व्वन् यथाकाले पञ्चत्वे सति स्वकर्म्मफलभुक् पुमानिति प्रमाणतस्तत्तत्कर्मफलभोक्तृत्वेन चतुरशीतिलक्षयोनिभ्रमणः स्यात्। तत्र तत्र मनुष्यजन्म प्राप्यापि पूर्व्वजन्मार्ज्जितकर्म्मद्वारा तानि तानि सर्व्व पापानि करोतीत्यर्थः श्रीभगवद्धर्म्माचाराचरणरहित्वात्।

अनन्य भक्त होनेके कारण समस्त धर्मोंका अनुष्ठान करनेवाला है। तात्पर्य यह है कि शुद्ध ऐकान्तिक भक्त अनन्यताके कारण तुम्हारी पूजा आदिका अनुष्ठान करनेवाला अपने-अपने वर्णाश्रम-धर्मोंका जो अवश्य कर्त्तव्य है, वह पितृ-देवता आदिकी पूजा और नित्यादि सभी कर्मोंको संशय रहित होकर करता है; अर्थात् उनका सब कुछ करना हो जाता है। [धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष इन चार प्रकारके पुरुषार्थोंकी प्राप्तिके लिए जो साधन सम्पद् है, इसके अतिरिक्त भी नारायणके आश्रित व्यक्ति सब कुछ प्राप्त कर लेते हैं।] हे अच्युत ! जो तुम्हारे **भक्त नहीं** हैं अर्थात् **सद्गुरुसे तुम्हारे नाम-मन्त्रमें अदीक्षित रहकर सद्धर्मके आचरणके विपरीत बहिर्मुख स्वभाववशतः निरन्तर कर्म और उसके फलमें आसक्त हैं**, ऐसे कर्मी समस्त पापोंके करनेवाले होते हैं। यह कैसे सम्भव है ?—एकमात्र शुद्धसत्त्व-स्वरूप आपके अनन्यरूपमें अर्चन आदिके अभावमें पातिव्रत्य-धर्म-त्यागके कारण केवल राजस-तामस श्रुति, स्मृति, पुराणादि कथित विविध प्रकारके योग, यज्ञ, होम, दान, व्रत, देवार्चन आदि कर्मोंका आचरण (वेश्या-वृत्तिकी भाँति) कर मनुष्य मृत्युको प्राप्त होने पर 'स्वकर्मफलभूक् पुमान्'—इस प्रमाण वचनके अनुसार वे सब कर्मोंके फल

किञ्च तत्र—

पापं भवति धर्म्मोऽपि तव भक्तैः कृतं हरे।
निःशेषकर्म्मकर्त्ता वाप्यभक्तो नरके पतेत्।।

भक्ताभक्तयोरर्थ पूर्व्वश्लोके व्याख्यातः। हे हरे! तव भक्तैः कृतं पितृगीर्व्वानादियजन-नित्यनैमित्तिककाम्याद्यपरवेदाद्युक्त सांसारिककर्म्माद्यकरणे प्रत्यवायजनितं (१) यत् पापं तदपि निश्चितं धर्म्म श्रीभगवद्धर्म्मो भवति-श्रीभगवदेकान्तानन्यभजन-निष्ठाचरणत्वात्। वा पक्षान्तरे यदि तवाभक्ते निःशेषकर्म्मकर्त्तापि (नरके पतेत्) अयं भावार्थः,—नित्यादि कर्म्मणां का कथा, अथ रजस्तमोव्यवहारप्रमाणवेदाद्युक्तसोमयागवाजपेय-षड़ङ्गादि-

---

भोक्ताके रूपमें चौरासी लाख योनियोंमें भ्रमण करते हुए मनुष्य जन्म लाभ करके भी पूर्वजन्मार्जित कर्म और कर्मफलोंके द्वारा विविध पापकर्म आचरण करते हैं, क्योंकि वे सब प्रकारके भगवद्धर्मके आचार-विचारसे रहित हैं।

स्कन्द पुराणमें भी ऐसा उल्लेख है—'हे हरि ! तुम्हारे भक्तोंके द्वारा आचरित पाप भी धर्म होते हैं। इसके विपरीत अभक्त व्यक्ति पुण्य कर्मोंका अनुष्ठान करके भी नरकमें पतित होता है'। भक्त और अभक्तका अर्थ उक्त श्लोकमें बताया जा चुका है। हे हरि ! तुम्हारे भक्तोंके द्वारा अनुष्ठित पापकर्म अर्थात् पितृ और देवताओंके यजन, नित्य, नैमित्तिक, काम्य आदि तथा वेद आदि कथित दूसरे-दूसरे करणीय सांसारिक कर्म आदिके नहीं करनेसे जो पाप होते हैं, वे सभी एकान्त भगवद्भक्तोंके अनन्य भजन एवं निष्ठापूर्वक भगवद्भक्तिमें निरन्तर संलग्न रहनेके कारण ही नहीं किये गये हैं, इसलिए वे भी श्रीभगवद्धर्म ही हुआ करते हैं। दूसरी ओर आपके श्रीचरणकमलोंकी

---

(१) प्रत्यवायजनकं (?)

चान्द्रायणव्रतादि-महामहोत्तम-कष्टसाधन-पञ्चाग्निसाधन-वायुभोजनाद्यपराश्वमेधादि-पशुहिंसायज्ञ-यागव्रतहोमविविध-विबुधार्च्चनादिसकलकर्म्माणि इहलोके कृत्वा परत्र तत्तत्कर्मफल-भोक्तृत्वेन कदापि तत्रलोके निवसति, कदापि स्वर्गे तिष्ठति कदापि नरके पतति (तवाभक्त इत्यर्थः) 'हे हरे'—इति सम्बोधनपदद्वयेनातिशयत्वेन सत्यवचननिवेदनोक्त्या विधात्रा श्रीभगवान् निजदासानुदास कलिभयेनोक्तः।

किञ्च तत्रैव पुनः—

ब्राह्मणः क्षत्रियो वैश्यः शूद्रो वा यदि वेतरः।
विष्णुभक्तिसमायुक्तो ज्ञेयः सर्व्वोत्तमोत्तमः।।

क्रमेण वर्णतः श्रेष्ठत्वं

विष्णुभक्तिसमायुक्तस्य सर्व्वोत्तमोत्तमत्वेन वर्णाश्रम-

भक्ति नहीं करनेसे अभक्त लोग पूर्णरूपसे समस्त कर्मोंका अनुष्ठान करनेपर भी नरकमें गमन करते हैं। इसका भावार्थ—अभक्तजन नित्य आदि कर्मोंकी तो बात ही क्या है, राजस-तामस व्यवहारिक एवं वेद आदिमें कहे गये सोमयज्ञ-वाजपेय-षडंग आदि, चान्द्रायण व्रत आदि, महामहोत्तम कष्ट-साध्य पञ्चाग्नि साधन, वायु-भोजन आदि, अश्वमेध आदि, पशु हिंसामय याग, यज्ञ, व्रत, होम, विविध देवार्चन आदि कर्मोंका इस जगतमें अनुष्ठान करनेपर भी उन कर्मोंके फल भोक्ताके रूपमें कभी इस लोकमें, कभी स्वर्गमें और कभी नरकमें गमन करते हैं। 'हे हरि!' इस सम्बोधन पदके द्वारा भगवान्‌के निज दासानुदास ब्रह्माजीने कलियुगके भयसे भगवान्‌के श्रीचरणकमलोंमें सम्पूर्ण सत्य वचनोंके द्वारा प्रार्थना की थी।

अधिकन्तु पुनः स्कन्द पुराणमें ही ऐसा कहा गया है—ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य, शूद्र अथवा कोई भी विष्णु भक्तिसे युक्त होने पर उसे सर्वोत्तम समझना चाहिए ।

अन्त्यजादीनां-सर्व्वेषां (विष्णुभक्तानां) सर्व्वतः श्रेष्ठ्यमुक्तं, सर्व्वतोभावेन तेषां पितृ-देवतापूज्याद्यपरविविधराजसतामस-वेदपुराणाद्युक्तसर्व्वकर्म्मनित्यनैमित्तिक काम्यादि कर्म्मान्यपि दूरीकृतानि च, अत्रायं भावार्थः। वेति क्रमे, पक्षे यदि। सङ्करान्त्यजादीनां शुद्रवदाचारव्यवहारस्तथापि संसृति-बन्धनजनकसर्व्वकर्म्मपरित्याग केवलैकान्तभक्तिद्विजसेवित्वेन तेषां उत्तमत्वं विप्रक्षत्रियविशां सेवकात्तस्मात् भक्तद्विजसेवी शूद्र उत्तमः।

शूद्रस्तु जात्या एकादश। तत्र प्रमाणं यथाह हारीतः,—

पलगण्डस्तन्त्रवायो मालाकारश्च तैलिकः।
कर्म्मकारस्ताम्बूलिको मोदको थालिको नरः।
ताम्बुलीकृत्तथा शूद्राः सत्शूद्रौ गोपनापितौ।।

पलगण्डः कुम्भकारः। अपरं सर्व्वं स्पष्टम्।

(यथा क्रमानुसार वर्णोंका श्रेष्ठत्व)—विष्णु भक्तिसे युक्त मनुष्य वर्णाश्रमके अन्तर्गत एवं बहिर्भूत सभी लोगोंमें सर्वश्रेष्ठ माने गये हैं। उनके लिए पितृ-देवता पूजा आदि दूसरे सब प्रकारकी राजस-तामस वेदपुराण आदिमें कथित नित्य-नैमित्तिक-काम्य आदि सभी कर्म सब प्रकारसे निषिद्ध हैं—यही उक्त श्लोकका तात्पर्य है। 'वा'—पद क्रमानुसारके लिए कहा गया है। 'यदि'—पद पक्षके अर्थमें समझना चाहिए। संकर, अन्त्यज आदि पद शूद्रवत् आचार और व्यवहारके लिए प्रयुक्त है तथापि संसार बन्धनजनक समस्त कर्मोंका परित्यागपूर्वक केवल ऐकान्तिक भक्तिपरायण द्विजोंके सेवक होनेके कारण उनकी श्रेष्ठता स्वीकृत है। केवलमात्र ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्यके सेवक शूद्रसे भी भक्त द्विजसेवी शूद्र उत्तम हैं।

शूद्र जातियाँ ग्यारह प्रकारकी होती हैं। इस विषयमें हारीत संहितामें प्रमाण है। जैसे—पलगण्ड (कुम्भकार), तन्त्रवाय (कपड़े बुननेवाले), माली,

तथा द्विजसेविनः शूद्रात् स्वर्गनरकभोगफलप्राप्तिकर्म्म-व्यतिरेकेण कृषिवाणिज्यगोपालनादिपूर्वकं केवलविप्रक्षत्रियसेवी वैश्य उत्तमः। तथैवम्भूताद्वैश्यात् पुनः संसारार्णवानुद्धार-कर्म्मकर्त्तव्यरहितत्वेन शूरवीरत्वक्षत्रधर्म्मदृढ़तर-निपूणस्वा-श्रमसर्व्वलोकगोद्विजपरिपालनपूर्व्वकं केवलैकान्तश्रद्धाभक्ति-विप्रसेवी क्षत्रिय उत्तमः। तथैवम्भूतात् क्षत्रियात् भवरज्जु-बन्धनाशेषयोनिभ्रमणजन्ममरणस्वोपार्ज्जनासंख्यनरकभोग-विविधगर्हितकर्म्मकर्त्तृत्वव्यतिरेकेण केवलब्रह्मगायत्री-भागवतीयाष्टद्वादशगुणयुक्तो ब्राह्मण उत्तमः।

द्वादशगुणाः यथा (महाभारते सनत्सुजातोक्ताः)—

धर्मश्च सत्यञ्च दमस्तपश्च ह्यमात्सर्यं ह्रीस्तितिक्षाऽनसूया।

तेली, बढ़ई, तमोली, मोदक (१), थालीकर, ताम्बूलीकृत—ये शूद्र हैं तथा गोप और नाई सत्-शूद्र हैं।

स्वर्ग-नरक भोगरूप फलप्रद कर्मोंके अनुष्ठानके अतिरिक्त कृषि, वाणिज्य, गोपालनादि पूर्वक केवल विप्र और क्षत्रियोंके सेवक वैश्य द्विजसेवी शूद्रोंकी अपेक्षा उत्तम हैं। संसार समुद्रसे उद्धार करानेवाले कर्मोंका अनुष्ठान करनेवाले तथा शूर-वीरत्वादि क्षात्रधर्मके द्वारा दृढ़तर रूपसे निपुण होकर अपने आश्रममें सर्वलोक-गो-द्विजोंका परिपालनपूर्वक केवल ऐकान्तिक शुद्धाभक्तियुक्त विप्रोंके सेवक क्षत्रिय पूर्वोक्त वैश्य की अपेक्षा उत्तम हैं। उसी प्रकार ऐसे क्षत्रियोंकी अपेक्षा संसार रज्जुके द्वारा बन्धन, अशेष योनियोंमें भ्रमण, जन्म-मरण और अपने उपार्जित असंख्य नरकभोगके कारणीभूत विविध निन्दित कर्मोंके कर्त्ता अभिमान—इनसे रहित केवल ब्रह्मगायत्री, भागवतोक्त आठ गुणों एवं द्वादश गुणोंसे अलंकृत ब्राह्मण उत्तम हैं। महाभारतके सनक-सुजातमें कहे गये द्वादश गुण ये

---

(१) एक वर्णसंकर जाति जिसकी उत्पत्ति क्षत्रिय पिता और शूद्रा मातासे बतायी गयी है।

यज्ञश्च दानञ्च धृतिः श्रुतञ्च व्रतानि वै द्वादश ब्राह्मणस्य।। (१)

वै निश्चितं, श्रीगायत्रीपूतब्राह्मणस्य द्वादश व्रतान्येतानि भवन्ति। एतेषु धर्म्म, चकारात् यत्किञ्चिन्मात्राधर्म्मक्रिया व्यतिरेकेण शिष्टाचारधर्म्मव्रतत्वम्। तथा सत्यं च-कारात् प्राणान्तेऽपि

हैं—'धर्म, सत्य, दम, तपः, अमत्सरता, लज्जा, तितिक्षा, अनसूया, यज्ञ, दान, धृति और श्रुत—यही बारह ब्राह्मणके व्रत हैं'।

[जो ब्राह्मण इस संसारमें मेरे नित्य और विशुद्ध वेदरूप शरीरको धारण करते हैं, उन ब्राह्मणोंमें परम पवित्र सत्त्वगुण, शम, दम, सत्य, अनुग्रह, तपस्या, सहिष्णुता और वेदार्थ-ज्ञान भागवतमें उल्लिखित ये

---

(१) भागवतीयाष्टगुणाः,—

धृता तनूरुशती मे पुराणी येनेह सत्त्वं परमं पवित्रम्।
शमो दमः सत्यमनुग्रहश्च तपस्तितिक्षानुभवश्च यत्र।।(भा. ५/५/२४)

भागवतीयद्वादशगुणाः—

मन्ये धनाभिजन-रूप-तपः-श्रुतौज-
स्तेजः-प्रभाव-बल-पौरुष-बुद्धि-योगाः।
नाराधनाय हि भवन्ति परस्य पुंसो
भक्त्या तुतोष भगवान् गजयुथपाय।। (भा. ७/६/६)

अथवा,—

शमो दमस्तपः शौचं क्षान्त्यार्ज्जवविरक्तताः।
मौनविज्ञानसन्तोषाः सत्यास्तिक्ये द्विषड् गुणाः।। (स्वामीटीकाधृत)

उपरोक्त अष्ट वा द्वादश गुण ब्राह्मणके साधारण गुणमात्र श्रीमद्भागवतमें कहे गये हैं, किन्तु प्रकृत सात्त्विक दैव-वर्णाश्रमी ब्राह्मणके लक्षण निम्नलिखित हैं—

शमो दमस्तपः शौचं सन्तोषः क्षान्तिरार्ज्जवम्।
ज्ञानं दयाच्युतात्मत्वं सत्यञ्च ब्रह्मलक्षणम्।। (भा. ७/११/२१)

वस्तुतः अच्युतात्मता अर्थात् कृष्णसेवापरायणता ही ब्राह्मणका मुख्य लक्षण है—

ब्राह्मणानां स्वधर्मश्च सततं कृष्णसेवनम्।
नित्यं ते भुञ्जते सन्तस्तन्नैवेद्यं पादोदकम् ।। (ना. प. १/२/४२)

मिथ्याकथाभाषणरहित्वेन सदा सत्यवादित्वम्। तथा दमो जितेन्द्रियत्वम् तथा तपः चकारात् कायबृहत्कष्टसाधनकाम्यतपो विना ब्रह्मणो नित्याचारतपोनिष्ठत्वम्। तथा ह्रीः अतिशयशिष्टतया निन्दाकर्म्मप्रवृत्तिलोकलज्जाभीतितः सर्व्वदैव लज्जाशीलत्वम्। अमात्सर्य—परस्याशेषगुणविघातनग्राह्रस्थैश्वर्य्याद्युत्कर्षादर्शनत्वं मात्सर्यं, एतदृते अपरसकलोत्कर्षदर्शनोत्साहत्वममात्सर्य्यम्। तथा तितिक्षाकटुवचनतिरस्कारापमानपराभवामानाद्यपरशरीरविविधपीड़ादिसहिष्णुता। तथा अनुसूया सर्व्वस्तावकत्वेनादोषदर्शित्वम। तथा यज्ञः

आठ गुण सदैव विद्यमान रहते हैं। श्रीप्रह्लादजीने कहा धन, आभिजात्य, रूप, तपः, श्रुत, ओजः, तेजः, प्रभाव, बल, पौरुष, बुद्धि, योग-ये बारह गुण परमपुरुष भगवान्के श्रीचरणकमलोंमें प्रीति उत्पन्न करनेके कारण नहीं होते, ऐसा समझता हूँ। भगवान् भक्तिके द्वारा ही गजेन्द्र आदिके प्रति प्रसन्न हुए थे।]

पूर्व श्लोकमें 'वै'—पदका अर्थ 'निश्चित' है, 'तु'—पदका अर्थ 'पुनः' है। श्रीगायत्रीके द्वारा पवित्र हुए ब्राह्मणोंके यह बारह गुण (व्रत) हैं। उनमें 'धर्म', पुनः 'च'—कारके द्वारा यत्किञ्चिन्मात्र अधर्म क्रियाके अतिरिक्त शिष्टाचार अर्थात् धर्ममें निष्ठाका प्रतिपादनके लिए है। 'सत्य' च-कारके द्वारा—मृत्युके पश्चात् भी मिथ्याभाषण—वर्जनहेतु नित्यसत्यवादिताको समझनके लिए है। 'दम' का तात्पर्य जितेन्द्रियता, 'तपः', च-कारके द्वारा शारीरिक महाकष्टपूर्ण काम्य'तपस्याके अतिरिक्त ब्राह्मणोंके नित्य आचाररूप तपोनिष्ठता; 'ह्री' अर्थात् अत्यन्त शिष्टतावशतः निन्दनीय कर्मोंमें प्रवृत्ति और लोक लज्जाके भयसे सर्वदा लज्जाशीलता; 'अमात्सर्य, तत्पश्चात् अशेष गुण-विघातक गार्हस्थ ऐश्वर्य आदि उत्कर्षोंके प्रति ईर्ष्या करनेको मात्सर्य कहते हैं। इसके विपरीत दूसरोंके सभी विषयोंमें उत्कर्षताके प्रति प्रसन्न होना ही अमात्सर्य है। 'तितिक्षा'—से कटुवाक्य, तिरस्कार, अपमान, पराभव, अमान आदि तथा विविध शारीरिक पीड़ा आदिके सहनेको

चकारात् कामनाविविधयज्ञादिव्यतिरेकेण शतसहस्रायुतलक्षादि-संख्या केवलश्रीगायत्रीजपयज्ञव्रतत्वम् (१) । तथा दानं, च-कारात् अन्नजलाद्यशेषदानफलभोगनिमित्तसङ्कल्पवाक्यं विना निमन्त्रितेभ्योऽथवा स्वेच्छोपस्थिताभ्यागतातिथिस्वकुटुम्बलोकादिसर्व्वर्णाश्रमसङ्करान्त्यजादिभ्यश्च भक्तिश्रद्धापूर्व्वकं यथाशक्ति जलान्नवस्त्रादिनिवेदनं सहजतः (२) तथा धृतिः संसाररूपोपद्रववोपद्रुतत्वराहित्येन सदा सन्तोष चित्तधैर्य्यता। तथा श्रुतं, च-कारात् राजसतामसवेदाध्ययनव्यतिरेकेण सात्त्विकवेदपाठाध्यापनश्रवणस्वभावत्वमित्यर्थः।

तितिक्षा कहते हैं। 'अनसूया'—अर्थात् सभीके गुणोंकी प्रशंसा करना और उनमें दोष नहीं देखना ही अनसूया है। 'यज्ञ', च-कारके द्वारा कामना, विविध यज्ञ इत्यादिके अतिरिक्त शत-सहस्र-लक्षादि संख्यापूर्वक केवल श्रीगायत्री जपरूप यज्ञपरायणताको समझना चाहिए। 'दान', च-कारके द्वारा—अन्न, जल, वस्त्र, धन आदि अनन्त प्रकारके दानके फल भोगनेके उद्देश्यसे संकल्पवाक्यके बिना ही निमन्त्रित स्वेच्छापूर्वक आये हुए उपस्थित-अभ्यागत-अतिथि-स्वकुटुम्बी आदि सभी वर्णाश्रमी, संकर तथा अन्त्यज आदि सभीको भक्तिश्रद्धापूर्वक यथाशक्ति जल, अन्न, वस्त्रादि स्वाभाविक रूपसे प्रदान करना समझना चाहिए। 'धृति'—विविध प्रकारके सांसारिक दुःखों और उपद्रवोंसे उद्विग्न न होकर सर्वदा सन्तोषपूर्वक चित्तकी धैर्यशीलताको धृति कहते हैं। राजस-तामस वेद पाठके अतिरिक्त सात्त्विक वेदपाठ, अध्यापन और श्रवणमें स्वाभाविक विशिष्टता ही 'श्रुत' च-कारका अर्थ है।

(वर्णोंकी अपेक्षा आश्रमोंका क्रमशः श्रेष्ठत्व)—

जन्मसे लेकर मृत्युपर्यन्त पूर्वोक्त ब्राह्मणव्रतका निष्ठापूर्वक आचरण

---

(१) केवलश्रीगायत्रीशतसहस्रायुतलक्षादि संख्यया जपयज्ञव्रतत्वम्।

(२) जलान्नवस्त्रादिकं निवेदयित्यवं सहजतः।

वर्णादप्याश्रमानां क्रमतः श्रेष्ठत्वम्

तथैवम्भूतात् ब्राह्मणाज्जन्मादिदेहपातपर्यन्तं पूर्व्वोक्तब्राह्मण-व्रतनिष्ठावृत्तिपूर्व्वकापरश्रुतिस्मृतिपुराणाद्युक्तब्रह्मचर्य्यव्रताचारकर्त्तृत्वेन ब्रह्मचारी उत्तमः। तथा तस्मात् ब्रह्मचारिणः पूर्व्वोक्तब्राह्मणव्रत-धर्मस्थःसन् आमन्त्रणाह्वानव्यतिरेकयदृच्छागृहोपस्थितवर्णाश्रमादि सर्व्वलोकातिथ्यभ्यागतातिशयदयाश्रद्धापूर्वकान्नजलादि-यथाशक्तिसन्तर्पणादिसेवाकर्त्तृत्वेन गृहस्थ उत्तमः। तथैव तस्मात् गृहिणो ब्राह्मणव्रताचाराचरणनिष्ठत्वगृहाश्रमपरित्यागसस्त्रीक-वनवसतित्वेन वनाश्रमी भवन् वानप्रस्थ उत्तमः । तथैवम्भूताद् वानप्रस्थात् वेदपुराणोपपुराणभारत-धर्म्मशास्त्रादियथोक्तं सन्न्यासधर्ममाचरन् सन्न्यासी उत्तमः।

सन्न्यासं यथा श्रीभगवान् अर्जुनं प्रत्याह श्रीमद्‌भगवद् गीतायां (१८/२)—

काम्यानां कर्म्मणां न्यासं सन्न्यासं कवयो विदुः।
सर्व्वकर्म्मफलात्यागं प्राहुस्त्यागं विचक्षणाः।।

करते हुए दूसरे-दूसरे श्रुति, स्मृति, पुराण आदिमें कहे गये ब्रह्मचर्य व्रतका भी आचरण करनेवाला ब्रह्मचारी पूर्वोक्त ब्राह्मणसे उत्तम है। पूर्वोक्त ब्राह्मण-व्रत धर्ममें अवस्थित होकर आमन्त्रण-आह्वानके विना स्वेच्छासे घर में रहनेवाला वर्णाश्रमी सभी लोगों—अतिथि अभ्यागतोंके प्रति दया और श्रद्धा सहित अन्न-जलादिके द्वारा यथाशक्ति सबको सन्तुष्ट और सेवा करनेवाला गृहस्थ पूर्वोक्त ब्रह्मचारीसे भी उत्तम है। ब्राह्मण व्रताचारपालनमें निष्ठापरायण, गृहस्थ आश्रमको परित्यागकर स्त्रीके साथ वनमें वास करनेवाला वनाश्रमी वानप्रस्थ पूर्वोक्त गृहस्थसे उत्तम है। वेद-पुराण-उपपुराण-महाभारत-धर्मशास्त्र आदिमें वर्णित यथार्थ संन्यास-धर्मका आचरणकारी संन्यासी उपरोक्त वानप्रस्थकी अपेक्षा उत्तम है।

भगवान् श्रीकृष्णने अर्जुनको संन्यासके विषयमें गीता (१८/२) में

अस्य तात्पर्यविचारः

श्रीभगवता काम्यानां कर्म्मणां न्यासं कवयः पण्डिताः सन्न्यासं विदुर्जानन्तीति पदं, सर्व्वकर्म्मफलत्यागं विचक्षणा विवेकनिपुणाः पण्डितास्त्यागं प्राहुर्वदन्तीति पदञ्च यदुक्त-मत्रान्तर्गतार्थो विद्यते, अन्यथा सन्देहः स्यात्।

किं ततो यावत्काम्यकर्म्मव्यतिरेकेण नित्यनैमित्तिकादिकं सकलं कर्म्म करोतु? तस्मिन् कृते वाः सन्न्यासः कुतः? यथा श्रुतिः—ॐ तद्वान् वै कर्म्मकृत्, सन्न्यासो नैगमं कर्म्म च, अन्यासात् कर्म्मी, (न्यासात्) सन्न्यासः हे हीति।

हि त्ववधारणे, इहलोके नैगमं वेदिविहितं नित्यादिकर्म्म, (तत्)—कृत् पुमान् वै निश्चितं कर्म्मी भवति, तत्तत्कर्म्मनिपुणत्वात् कर्म्मठो भवति। अतःपरं न्यासात् तत्तत्कर्म्माकरणात् सन्न्यासः सन्न्यासधर्म्मो जायते। तद्वान् तं सन्न्यासधर्म्ममाचरन् सन् सन्न्यासी भवतीत्यर्थः।

कहा है—"कवि या पण्डित लोग काम्यकर्मोंके परित्यागको 'संन्यास' कहते हैं। बुद्धिमान् व्यक्ति समस्त कर्मोंके फलके त्यागको 'त्याग' कहते है।"

(श्लोकका तात्पर्य)—काम्य-कर्मोंके न्यास या वर्जनको पण्डितजन 'संन्यास' कहते हैं, अर्थात् विवेक निपुण बुद्धिमान व्यक्ति कर्मफलके त्यागको 'त्याग' कहते हैं—श्रीभगवान्‌के द्वारा कहे गये उक्त वाक्यका यह निगूढ़ अर्थ है, अन्यथा सन्देह हो सकता है।

फिर क्या सब प्रकारके काम्य कर्मोंको छोड़कर नित्य, नैमित्तिक कर्म-समूह कर्त्तव्य हैं ? फिर ऐसा होने पर संन्यास ग्रहण करनेका तात्पर्य ही क्या रहा ?

श्रुतिमें ऐसा कहा गया है—वैदिक कर्मोंका करनेवाला कर्मी कहलाता है तथा वैदिक कर्मोंका न्यास अर्थात् त्याग करनेवालोंको संन्यासी कहा

सन्न्यासार्थः

तथोत्तरगीतायाञ्च—

नित्यं नैमित्तिकं काम्यं कर्म्म त्रिविधमुच्यते।
सन्न्यासः कर्म्मणां न्यासो न्यासी तद्धर्म्ममाचरन्।।

नित्यादिकं त्रिविधं कर्म्मेति कर्म्मविद्‌भिरुच्यते। तेषां कर्म्मणां न्यासोऽकरणं सन्न्यासः। तद्धर्म्ममाचरन् न्यासधर्म्माचरणं कुर्व्वन् सन् पुरुषो न्यासी सन्न्यासी स्यादित्यन्वयः।

तथा **सर्व्वकर्म्मफलत्यागस्त्यागो** वा **कथं भवेत्**? यतः फलकामनाव्यतिरेकेण (अपि) नित्यादिकर्म्ममात्रेषु सत्सु तत्तत्कर्म्मकर्त्तृत्वेनावश्यमेव फलं भवतीति नात्र सन्देहः।

गया है। 'हि' शब्दका निश्चयात्मक रूपमें प्रयोग हुआ है, इस संसारमें नैगम अर्थात् वेदविहित नित्य आदि कर्मोंको करनेवाले व्यक्ति निश्चितरूपमें कर्मी कहलाते हैं उन कर्मोंमें निपुण होनेके कारण वे कर्मठ कहलाते हैं। वैसे कर्मोंके अकरण अर्थात् नहीं करनेसे संन्यास धर्मकी उत्पत्ति हुई है। न्यास धर्मोंका आचरणकारी व्यक्ति ही संन्यासी होता है।

संन्यासका अर्थ—उत्तरगीतामें भी "नित्य-नैमित्तिक और काम्य—ये तीन प्रकारके कर्म कहे गये हैं। कर्मोंके न्यास या वर्जनको 'संन्यास' कहा गया है, उस न्यास धर्मका आचारणकारी 'संन्यासी' है।" कर्मविद्‌गण भी ऐसा मानते हैं कि नित्य, नैमित्तिक और काम्य इन तीनों कर्मोंका अकरण ही संन्यास है, इस न्यास धर्मका आचारणकर मनुष्य संन्यासी होते हैं।

समस्त कर्मोंका त्याग अथवा कर्मफलोंका त्याग कैसे संभव है? क्योंकि **फलकामनाके बिना भी** नित्यादि कर्म अनुष्ठित होनेसे इनमें कर्तृत्वका अभिमान रहनेसे **अवश्य ही फलकी प्राप्ति होती है**—इसमें सन्देह नहीं है।

'प्रतिदिन सन्ध्योपासना करनी चाहिए'—इस श्रुति प्रमाणसे उसके अकरणमें दोष लगता है, उस दोषसे बचनेके लिए सन्ध्योपासना आदि

अथाहरहः संध्यामुपासीतेति श्रुत्यादि प्रमाणतोऽकरण-प्रत्यवायपरिहारार्थं संध्योपासनादिकं नित्यं कर्म क्रियते, **न तु तत्फलाकाङ्क्षया क्रियते, तथापि फलं भवति**। यथा श्रीहारीतः,—

प्रत्यहं यस्त्रिकालज्ञः संध्योपासनकृद्द्विजः।
ब्रह्मलोकमवाप्नोति गायत्रीजपतत्परः।।

प्रत्यहं प्रतिदिवसे यः सन्ध्योपासनाकृत् द्विजो विप्रः,—द्विजत्वेन क्षत्रियो वैश्यश्च ज्ञातव्यः—त्रिकालज्ञः प्रातर्मध्याह्न-सायंकालं जानातीति, तथा गायत्रीजपतत्परः अर्थात् तत्र सन्ध्योपासनायां गायत्रीमतिशयेन पुनः पुनः जपन् सन् पश्चादन्ते पञ्चत्वे सति ब्रह्मलोकमवाप्नोति,—फलाकाङ्क्षारहितत्वेन सहजस्वभावतो (तस्य) ब्रह्मलोकप्राप्तिफलं स्यात्।

नित्यकर्म अनुष्ठित हुआ करते हैं। **किन्तु फल आकांक्षाके लिए वे अनुष्ठित नहीं होते तथापि फलकी उत्पत्ति तो होती ही है**। जैसा हारीत-संहितामें कहा गया है—'प्रतिदिन त्रिकालज्ञ संध्योपासनाकारी गायत्री जपमें तत्पर ब्राह्मण ब्रह्मलोकको प्राप्त होते हैं।' जो द्विज अर्थात् ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य प्रतिदिन सन्ध्योपासना करनेवाले; त्रिकालज्ञ अर्थात् प्रातःकाल, मध्याह्न और सायंकाल—इनको जाननेवाले हैं एवं गायत्री जपमें तत्पर अर्थात् सन्ध्योपासनाके समय पुनः-पुनः अत्यन्त श्रद्धाके साथ गायत्रीका जप करते हैं, वे मृत्युके पश्चात् ब्रह्मलोकको प्राप्त होते हैं—फलाकांक्षासे रहित होनेके कारण सहज स्वाभाविक रूपमें ब्रह्मलोक प्राप्ति-फलको प्राप्त होते हैं।

इस प्रकार **नैमित्तिक** श्राद्धादि कार्योंमें भी फलसंकल्पके अतिरिक्त भी **फल प्राप्त होता है**। स्कन्द पुराणमें कहा गया है—'गया, विरजाक्षेत्र, महेन्द्रपर्वत तथा जाह्नवी तट आदि क्षेत्रोंमें पिण्डदान करनेवाला व्यक्ति अनामय ब्रह्मलोकमें गमन करता है। 'गया'—श्रीविष्णुपद आदि एक कोस तककी भूमि सर्वत्र अथवा दूसरे पुराणोंके मतानुसार एक योजन

एवं **नैमित्तिके** श्राद्धादिके कर्म्मणि (अपि) फलसङ्कल्पं विना तु **फलं भवति**। तत्राह स्कान्दे,—

गयायां विरजे चैव माहेन्द्रे जाह्नवीतटे।
अत्र पिण्डप्रदो याति ब्रह्मलोकमनामयम्॥

गयायां श्रीविष्णुपदाद्येकक्रोशपर्यन्तभूमौ सर्व्वतः। अथवा पुराणान्तरमते योजनपरिमिते विष्णुपदे गयाभूमिक्षेत्रे, विरजे विरजक्षेत्रे, माहेन्द्रक्षेत्रे। चकारात्,—एवेति निश्चयं, कुरुक्षेत्र-बदरीकेदारक्षेत्रवेङ्कटाचलक्षेत्रश्रीरङ्गनाथक्षेत्रश्रीपुरुषोत्तम-क्षेत्राद्यपरसकलतीर्थपुण्यभूमिषु। तथा जाह्नवीतटे यत्र क्वापि श्रीगङ्गागर्भजलाद्येकक्रोशपरिमितभूमित्वेनायत जाह्नवीतटमिति सम्भवति तत्र च। अत्रैतत्स्थले श्राद्धकृत्ये पिण्डः प्रदीयते यस्मै पुत्रादिना स तु पिण्डप्रदः सन् ब्रह्मलोकप्राप्तत्वेन कृतार्थो भवत्यवश्यमेव। तथा श्राद्धकर्त्तृत्वेन पिण्डं प्रददातीति पिण्डप्रदः पुत्रादिरपि त्वनामयं द्विपरार्द्धपर्यन्तरोगशोकादितापत्रयापर-सर्व्वोपद्रवरहितं ब्रह्मलोकं याति सत्यलोकं प्राप्नोतीत्यर्थः।

तक विष्णुपाद क्षेत्र है, च-कारका तात्पर्य—कुरुक्षेत्र, बदरीक्षेत्र, केदारक्षेत्र, वेंकटाचलक्षेत्र, श्रीरंगनाथक्षेत्र, श्रीपुरुषोत्तमक्षेत्र आदि दूसरे सभी तीर्थ और पुण्यभूमिसे है। 'जाह्नवी तट'—गंगाके गर्भजलसे एक कोस तककी विस्तृत भूमिमें स्थित कोई भी स्थान; इन सब स्थानोंमें श्राद्ध कार्यमें जिनको पिण्ड दिया जाता है, वे 'पिण्ड पानेवाले व्यक्ति' ब्रह्मलोकको प्राप्त होकर अवश्य ही कृतार्थ होते हैं। उसी प्रकार श्राद्ध करनेवालेके रूपमें पिण्डप्रदानकारी पुत्र इत्यादि भी अनामय अर्थात् द्विपरार्द्धकाल पर्यन्त रोग-शोक आदि तीन प्रकारके तापोंसे रहित और सब प्रकारके उपद्रवोंसे रहित ब्रह्मलोकको गमन करते हैं अर्थात् **सत्य लोकको** प्राप्त होते हैं।

काम्यं तु कर्म्म केवलफलसङ्कल्पेनैव भवति। तत्रापि **काम्यकर्म्मणः** फलकामनाव्यतिरेकेणापि **फलं भवति**। यथा श्रीबृहद्विष्णुपुराणे,—

य कश्चित् पुरुषोऽपीह कृत्वा चान्द्रायणं व्रतम्।
मुच्यते सर्व्वपापेभ्यस्तथा द्वादशवार्षिकम्।।

इहलोके पुरुषो वर्णसङ्करान्त्यजान्तर्गतो यः कश्चित् कामपि फलाकाङ्क्षामृते स्वेच्छया चान्द्रायणव्रत कृत्वा, तथा फलकामनां विना द्रव्याढ्यस्वभावतः केवलद्वादशवार्षिकं कृत्वा सर्वपापेभ्यः पातकोपपातकमहापातकातिपातकानुपातकादिभ्यो मुच्यते। अयम्भावः,—एतत्पातकादिनिरयभोगव्यतिरेकेण संसृति-बन्धनरहितत्वेन च मुक्तो भवतीत्यर्थः।

किन्तु केवल फल-संकल्पमें ही काम्य कर्मोंकी सम्भावना होती है। उसमे भी **काम्यकर्मकी** फल-कामनाके बिना ही फल हुआ करता है। यथा, श्रीबृहद्विष्णु पुराणमें ऐसा उल्लेख है—इस लोकमें चान्द्रायण और द्वादश वार्षिक व्रतका अनुष्ठान करनेवाले सभी लोग समस्त पापोंसे मुक्त हो जाते हैं। इस संसारमें वर्णसंकर अथवा अन्त्यजके अन्तर्गत कोई भी व्यक्ति किसी प्रकारकी फलकी कामनाके बिना ही स्वेच्छापूर्वक चान्द्रायण व्रत करनेपर, पुनः फल-कामनासे रहित होने पर भी धनवान होनेके कारण स्वभावतः ही केवल 'द्वादश वार्षिक व्रत' का अनुष्ठान करते हैं तो वे पातक, उपपातक, महापातक, अतिपातक, अनुपातक आदि सारे पापोंसे मुक्त हो जाते हैं, उन पातकोंके कारण नरकभोगके बिना ही संसार-बन्धनसे मुक्त हो जाते हैं—यही इसका भावार्थ है।

त्यागका तात्पर्य—अतएव **नित्य, नैमित्तिक और काम्यकर्म आदि सभी कर्मोंके परित्यागके द्वारा ही 'संन्यास' होता है**—तथा नित्य, नैमित्तिक और काम्य कर्मोंको स्वरूपतः त्याग न कर केवल उन कर्मोंका

अतएवोच्यते—**नित्यनैमित्तिक काम्यकर्म्मादिसर्व्वन्यासेन सन्न्यासो भवति**। तथा नित्यादिसर्व्वकर्म्मात्यागेन सर्व्वकर्म्मफल-त्यागस्त्यागः स्यादित्यन्तर्गर्भान्वयोनात्र सन्देहः कर्त्तव्यः।

फल परित्याग करने पर—'त्याग' होता है—यही निगूढ़ तात्पर्य है। इसमें सन्देह करना कर्त्तव्य नहीं है ।

(१) अथ मङ्गलाचरणम्

अथ प्रथमं विवाहादिकृत्यादौ **मङ्गलाचरणं** कर्त्तव्यम्। तत्र प्रथमं **प्राङ्गणे** चतुर्मुष्ट्याधिकचतुर्हस्तपरिमितां चतुष्कोणां छायामण्डपसहितां **वेदीं** कुर्य्यात्।

अत्र प्रमाणमाह श्रीकपिलपञ्चरात्रे—

संस्कृतायामुत्तमायां प्रयतायां विशेषतः।
भूमौ कुर्य्याच्चतुष्कोणां वेदिकां शुभदायिनीम्॥
चतुर्हस्तचतुर्मुष्टिपरिमाणेन चिह्निताम्।
शुद्धाभिर्मातृकाभिश्च सल्लोकेनापि निर्म्मिताम्॥
मृद्भिर्वाभिः पवित्राभिः सद्यो गोमयलेपिताम्।
खर्पराङ्गारकेशास्थितूषादिपरिवर्ज्जिताम्॥
ततः कुर्य्यात् प्रयत्नेन छायामण्डपवर्द्धनम्।
जम्बाम्रवकुलादीनां दलतोरणमण्डितम्॥
नानावर्णपताकाश्च दद्यात् अष्टघटोपरि।
घटाश्च चित्रिताः कार्य्याः पञ्चवर्णैः सुमङ्गलाः॥

---

(१) **अथ मंगलाचरण**—अनन्तर विवाह आदि सारे मांगलिक कार्योंमें सबसे पहले मंगलाचरण करना चाहिए। मंगलाचरणसे पूर्व आँगनमें चार हाथ और चार मुष्टि परिमित चतुष्कोण और छायामण्डप युक्त वेदीकी रचना करें। इस विषयमें कपिल-पंचरात्रका प्रमाण है—

विशेषरूपसे संस्कारयुक्त, उत्तम और पवित्र भूमिमें दोनों ओरसे चार हाथ और चार मुष्टि परिमित, विशुद्ध मातृका चिह्न द्वारा शोभित, उपयुक्त निपुण लोगोंके द्वारा निर्मित, पवित्र मिट्टी, जल और सर्वथा नवीन गोबरसे लिपे-पुते हुए, खपरैल, कोयला (राख), केश, हड्डी, अपवित्र छिलके (भूसी) आदिसे रहित चतुष्कोंण मंगल वेदीका निर्माण करें। अनन्तर जामुन, आम, मौलश्री आदिके पत्तोंसे तोरण-द्वार बनाकर

पूर्व्वादि क्रमतश्चाष्टौ घटाः स्थाप्या विधानतः।
अष्टौ ध्वजाः सपताकाः शुभ्रा वेद्याश्च पूर्व्वतः।।
तत्रच्छायामण्डपोर्ध्वे चन्द्रातपविमण्डितम्।
नानापुष्पादिरचितस्रग्भिर्मञ्जुलशोभनम्।।
पञ्चवर्णकृतैश्चूर्णैर्वेदिकां सधवाङ्गनाः।
साध्व्यो विचित्रितां कुर्युर्द्वारं विविधलिम्पकैः।।
मङ्गलाचरणं चैतत् वाद्यभाण्डस्य वादनैः।
शङ्खघण्टादीनां घोषैःस्थलमत्यन्तमंगलम्।
मुखवाद्यैर्ललुलाख्यैः सधवानाञ्च योषिताम्।।

(क) ततः प्रथमं मङ्गलदायकं सर्व्वविघ्नविनाशकारकं षड्दर्शनमतेन पृथङ्नामधेयं श्रीमद्भगवन्तं भक्त्या प्रणमेत्।

यथा बृहद्विष्णुपुराणे—

यं ब्रह्म वेदान्तविदो वदन्ति परे प्रधानं पुरुषं तथान्ये।
विश्वोद्गतेः कारणमीश्वरं वा तस्मै नमो विघ्नविनाशनाय।।

ततो वेदोक्तं मन्त्रं पठेत्, यथा सामवेदे,—

छाया-मण्डपको सुसज्जित करें। पूर्व दिशा आदिके क्रमसे आठों दिशाओंमें आठ मंगल घटका विधिवत् स्थापनकर घटके ऊपर रंग-बिरंगी पताकाओंकी स्थापना करें। घटोंको पांच प्रकारके रंगोंसे चित्रित करें। वेदीके पूर्वादि दिक्से पताका सहित आठ ध्वजाओंको स्थापित करें। छायामण्डपके ऊपरी भागमें चन्द्रातपके द्वारा मण्डित और अनेकों पुष्पोंसे रचित माला आदिके द्वारा मनोरम रूपसे सुशोभित करें। सधवा स्त्रियाँ पांच प्रकारके रंगोंसे वेदीके ऊपर चित्रांकन करें। मंगलाचरणमें अनेकों प्रकारके वाद्य, शंख और घण्टाध्वनि और सधवा स्त्रियोंकी उलुध्वनिसे उस स्थानको मंगलमय करें।

(क) अनन्तर सबसे पहले मंगलदायक, सर्वविघ्नविनाशन, छह दर्शनोंके विचारसे पृथक्-पृथक् नाम विशिष्ट श्रीभगवान्को भक्तिपूर्वक

ॐ तद्विष्णोः परमं पदं सदा पश्यन्ति सुरयो दिवीव चक्षुराततम्।

अपरमृग्वेदे कृष्णोपनिषदि,—

ॐ कृष्णो वै सच्चिदानन्दघनः, कृष्ण आदिपुरुषः, कृष्णः पुरुषोत्तमः, कृष्णो हा उ कर्म्मादिमूलं, कृष्णः स ह सर्व्वैकार्यः, कृष्णः काशंकृदादीशमुखप्रभुपूज्यः, कृष्णोऽनादिस्तस्मिन्नजाण्डान्तर्बाह्ये यन्मङ्गलं तल्लभते कृती।

अपराणि च मङ्गलस्वरूपाणि सामयजुर्वेदाद्युक्तानि श्रीपुरुषसूक्तमन्त्राणि च पठेत्,—

ॐ सहस्रशीर्षा पुरुषः सहस्त्राक्षः सहस्रपात्।
स भूमिं विश्वतो वृत्वाऽत्यतिष्ठद्दशाङ्गुलम्।।१।।
ॐ पुरुष एवेदं सर्वं यद्भूतं यच्च भव्यम्।
उतामृतत्वस्येशानो यदन्नेनातिरोहति।।२।।
ॐ एतावानस्य महिमाऽतो ज्यायांश्च पुरुषः।
पादोऽसय विश्वा भूतानि त्रिपादस्यामृतं दिवि।।३।।
ॐ त्रिपादूर्ध्व उदैत् पुरुषः पादोऽस्येहाऽभवत् पुनः।
ततो विष्वङ् व्यक्रामत् साशनाऽनशने अभि।।४।।
ॐ तस्मात् विराडजायत विराजो अधिपुरुषः।
स जातो अत्यरिच्यत पश्चाद्भूमिमथो पुरः।।५।।
ॐ तस्मात् यज्ञात् सर्वहुतः सम्भृतं पृषदाज्यम्।

प्रणाम करें—जैसे बृहद्विष्णुपुराणमें कहा गया है—'यं ब्रह्म' इत्यादि मन्त्र। उसके पश्चात् सामवेदोक्त मन्त्रका पाठ करें—'ॐ तद्विष्णोः परमं पदम्' इत्यादि। अतःपर ऋग्वेदके अन्तर्गत कृष्णोपनिषदके मन्त्रका पाठ करें—'ॐ कृष्णो वै सच्चिदानन्दघनः' इत्यादि। तदनन्तर श्रीपुरुषसूक्त मन्त्रका पाठ करें—'ॐ सहस्रशीर्षा पुरुषः' इत्यादि अथर्ववेदोक्त श्रीनारायणोपनिषत् पाठ करना भी उचित है—'ॐ अथ पुरुषो ह वै नारायणः' इत्यादि।

पशूंस्तांश्चक्रे वायव्यानारण्या ग्राम्याश्च ये।।६।।
ॐ तस्मात् यज्ञात् सर्वहुत ऋचः सामानि जज्ञिरे।
छन्दांसि जज्ञिरे तस्मात् यजुस्तस्मादजायत।।७।।
ॐ तस्मादश्वाऽजायन्त ये के चोभयादतः।
गावो ह जज्ञिरे तस्मात्तस्माज्जाता अजा वयः।।८।।
ॐ तं यज्ञं बर्हिषि प्रौक्षन् पुरुषं जातमग्रतः।
तेन देवा अयजन्त साध्या ऋषयश्च ये।।९।।
ॐ यत् पुरुषं व्यदधुः कतिधा व्यकल्पयन्।
मुखं किमस्य कौ बाहू का ऊरुपादा उच्येते।।१०।।
ॐ ब्राह्मणोऽस्य मुखमासीत् बाहू राजन्यः कृतः।
ऊरुः तदस्य यद्वैश्यः पद्भ्यां शूद्रो अजायत।।११।।
ॐ चन्द्रमा मनसो जातश्चक्षोः सूर्यो अजायत।
मुखादिन्द्रश्चाग्निश्च प्राणात् वायुरजायत।।१२।।
ॐ ॐ नाभ्यासीदन्तरिक्षं शीर्ष्णो द्यौः समवर्त्तत।
पद्भ्यां भूमिर्दिशः श्रोत्रात्तथा लोकाँ अकल्पयन्।।१३।।
ॐ यत्पुरुषेण हविषा देवा यज्ञमतन्वत।
वसन्तो अस्यासीदाज्यं ग्रीष्म इध्मः शरद् हविः।।१४।।
ॐ सप्तास्यासन् परिधयस्त्रिः सप्त समिधः कृता।
देवा यद्यज्ञं तन्वाना अवध्नन् पुरुषं पशुम्।।१५।।
ॐ यज्ञेन यज्ञमयजन्त देवास्तानि धर्माणि प्रथमान्यासन्।
ते ह नाकं महिमानः सचन्त यत्र पूर्वे साध्याः सन्ति देवाः।।१६।।
ॐ अद्भ्यः सरः भृतं पृथ्वी वै रसाच्च विश्वकर्म्मणः समवर्त्तताग्रे।
तस्य त्वष्टा विदधद्रूपमेति तन्मर्त्तस्य देवत्वमायातमग्रे।।१७।।
ॐ वेदाहमेतं पुरुषं महान्तमादित्यवर्णं तमसः परस्तात्।
तमेव विदित्वा अतिमृत्युमेति नान्यः पन्था विद्यते अयनाय।।१८।।

ॐ प्रजापतिश्चरति गर्भे अन्तरजायमानो बहुधाभिजायते।
तस्य योनिं परिपश्यन्ति धीरास्तस्मिन् ह तस्थूर्भुवनानि विश्वा।।१६।।
ॐ यो देवेभ्य आतपति यो देवानां पुरोहितः।
पूर्व्वो यो देवेभ्यो जातो नमो रुचाय ब्राह्मये।।२०।।
ॐ रुचं ब्राह्मं जनयन्तो देवा अग्रे तदब्रुवन्।
यस्त्वेवं ब्राह्मणो विन्द्यात् तस्य देवा आसन् वशे।।२१।।
ॐ श्रीश्च ते लक्ष्मीश्च पत्न्या अहोरात्रे पार्श्वे नक्षत्राणि।
रूपमश्विनौ व्यात्तं इध्ममिषाणामुष्म इषाण सर्व्वलोकं म इषाण।।२२।।

अपरो मङ्गलप्रदोऽथर्व्ववेदोक्तनारायणोपनिषद्पाठश्च कर्त्तव्यो, यथा—

"ॐ अथ पुरुषो ह वै नारायणोऽकामयत प्रजाः सृजेयति प्रजाः सृजेरन्। नारायणाद्ब्रह्मा जायते, नारायणादिन्द्रो जायते, नारायणाद्द्वादशादित्या रुद्राः, सर्व्वा देवताः सर्व्वे ऋषयः सर्व्वाणि भूतानि नारायणादेव समुत्पद्यन्ते। नारायणे प्रलीयन्ते।।"
"अथ नित्यो देव एको नारायणो ब्रह्मा च नारायणः शिवश्च नारायणः शक्रश्च नारायणो रुद्राश्च नारायणो वसवोऽश्विनौ च नारायणः सर्व्वे ऋषयश्च नारायणः कालश्च नारायणो दिशश्च नारायणोऽधश्च नारायण ऊर्ध्वञ्च नारायणो मूर्त्तोऽमूर्त्तश्चनारायणोऽन्तर्बहिश्च नारायणः। नारायण एवेदं सर्व्वं यद्भूतं यच्च भव्यम्। अथ नित्यो निष्कलो निराख्यातो निर्व्विकल्पो निरञ्जनः शुद्धो देव एको नारायणो न द्वितीयोऽस्ति कश्चित्। य एवं देव,—बोधञ्च सारथिं कृत्वा मनः प्रग्रहवान् पुमान्। प्रयाति परमं पारं विष्ण्वाख्यं पदमव्ययम्।। विष्ण्वाख्यं पदमव्ययमिति।। एतद्वै नारायणोपनिषदं यो वै नारायणोपनिषदमध्येति स सर्व्वेभ्यो दोषेभ्यो विमुक्तो भवति, स सर्व्वान्

कामानवाप्नोति। अमृतत्वञ्च लब्ध्वाऽमृतत्वञ्च गच्छतीति।" "ओमित्यग्रे व्याहरेत्। नम इति पश्चात्। नारायणायेत्युपरिष्टात्। ओमित्येकाक्षरम्। नम इति द्वे अक्षरे। नारायणायेति पञ्चाक्षराणि। एतद्वै नारायणस्याष्टाक्षरं पदम्। यो ह वै नारायणस्याष्टाक्षर पदमध्येति। अनपब्रुवः (१) सर्व्वमायुरेति। विन्दते प्रजापत्यं रायस्पोषं गौपत्यं ततोऽमृतत्वमश्नुत इति।। प्रत्यगानन्दं ब्रह्मपुरुषं प्रणवस्वरूपम्। अकार उकार मकार इति। ता अनेकधा समभवत्तदेतदोमिति। यमुक्त्वा मुच्यते योगी जन्मसंसार-बन्धनात्।। ॐ नमो नारयणायेति मन्त्रोपासको (२) वैकुण्ठ-भुवनं गमिष्यति। तदिदं पुण्डरीकं विज्ञानघनं तस्मात्-तड़िदाभमात्रम्। ब्रह्मण्यो देवकीपुत्रो ब्रह्मण्यो मधुसूदनः। ब्रह्मण्यः पुण्डरीकाक्षो ब्रह्मण्यो विष्णुरच्युत इति। सर्व्वभूतस्थमेकं वै नारायणं कारणपुरुषमकारणं परं ब्रह्म ॐ। प्रातरधीयानो रात्रि-कृतं पापं नाशयति। सायमधीयानो दिवसकृतं पापं नाशयति। मध्यन्दिनमादित्याभिमुखोऽधीयान पञ्चमहापातकोपपातकानि (३) नाशयति। सर्व्ववेदपारायणपुण्यं लभते। नारायणात् सायुज्य-माप्नोति।।" (४)

ततः कुङ्कुमाक्ततण्डुलान् अभावे हरिद्राक्ततण्डुलान् गृहीत्वा (ख) **स्वस्तिवाचनं** करणीयं, यथा—ऋग्वेदे कृष्णोपनिषदि,—

(ख) उसके पश्चात् कुंकुमयुक्त (चावल) उसके अभावमें हल्दी मिश्रित चावल हाथमें लेकर स्वस्तिवाचन करें—'ॐ स्वस्ति नो गोविन्द' इत्यादि। अतःपर हाथ जोड़कर पाठ करें—'करोतु स्वस्ति मे कृष्णः' इत्यादि, 'कृष्णो ममैव सर्वत्र' इत्यादि।

---

(१) सोऽनुपलब्धः। (२) तस्मान्मन्त्रोपासनात्।
(३) पञ्चमहापातकोपपातकात् प्रमुच्यते। (४) नारायणात् सायुज्यमवाप्नोति।

ॐ स्वस्ति नो गोविन्दः स्वस्ति नोऽच्युतानन्तौ, स्वस्ति नो वासुदेवो विष्णुर्दधातु। स्वस्ति नो नारायणो नरो वै, स्वस्ति नः पद्मनाभः पुरुषोत्तमो दधातु।। स्वस्ति नो विष्वक्सेनो विश्वेश्वरः, स्वस्ति नो ऋषिकेशो हरिर्दधातु। स्वस्ति नो वैनतेयो हरिः, स्वस्ति नोऽञ्जनासुतोहनूर्भागवतो दधातु।। स्वस्ति स्वस्ति सुमङ्गलैकेशो महान् श्रीकृष्णः, सच्चिदानन्दघनः सर्व्वेश्वरेश्वरो दधातु।।

ततः पुटाञ्जलिं बद्धा पठेत् यथा सम्मोहनतन्त्रे,—

करोतु स्वस्ति मे कृष्ण सर्व्वलोकेश्वरेश्वरः।
कार्ष्णादयश्च कुर्व्वन्तु स्वस्ति मे लोकपावनाः।।

विष्णुयामलसंहितायां,—

कृष्णो ममैव सर्व्वत्र स्वस्ति कुर्य्यात् श्रिया समम्।
तथैव च सदा कार्ष्णिः सर्व्वविघ्नविनाशनः।।

अतःपरं (ग) **मङ्गलवाचनं** पद्यं पठेत्—

विष्णुरहस्ये,—

अतसीकुसुमोपमेयकान्तिर्यमुनाकुलकदम्बमूलवर्त्ती।
नवगोपवधूविलासशाली वितनोतु नो मङ्गलाणि।।

नारदीयपुराणे,—

कृष्णः करोतु कल्याणं कंसकुञ्जरकेशरी।
कालिन्दीजलकल्लोलकोलाहलकुतूहलः।।

नारसिंहे,—

माधवो माधवो वाचि माधवो माधवो हृदि।
स्मरन्ति साधवः सर्व्वे सर्व्वकार्येषु माधवम्।।

(ग) अनन्तर मङ्गलवाचन पद्यसकल पठनीय—'अतसी-कुसुमोपमेयकान्तिः' इत्यादि।

पाण्डवगीतायां,—

लाभस्तेषां जयस्तेषां कुतस्तेषां पराभवः।
येषामिन्दीवरश्यामो हृदयस्थो जनार्द्दनः।।

बृहद्विष्णुपुराणे,—

मङ्गलं भगवान् विष्णुर्मङ्गलं मधुसूदनः।
मङ्गलं हृषिकेशोऽयं मङ्गलायतनो हरिः।।
विष्णूच्चारणमात्रेण कृष्णस्य स्मरणाद्धरेः।
सर्व्वविघ्नानि नश्यन्ति मङ्गलं स्यान्न संशयः।।

पाद्मे,—

सत्यं कलियुगे विप्र श्रीहरेर्नाम मङ्गलम्।
परं स्वस्त्ययनं नृणां नास्त्येव गतिरन्यथा।।

विष्णुधर्मोत्तरे,—

पुण्डरीकाक्ष-गोविन्द-माधवादींश्च यः स्मरेत्।
तस्य स्यान्मङ्गलं सर्व्वकर्म्मादौ विघ्ननाशनम्।।

रुद्रयामले,—

मङ्गलायतनं कृष्णं गोविन्दं गरुडध्वजम्।
माधवं पुण्डरीकाक्षं विष्णुं नारायणं हरिम्।।
वासुदेवं जगन्नाथमच्युतं मधुसूदनम्।
तथा मुकुन्दानन्तादीन् यः स्मरेत् प्रथमं सुधीः।।
कर्त्ता सर्व्वत्र सुतरां मङ्गलानान्त कर्म्मणः।। (१)

---

(१) तथा गोपालपूर्वतापन्यां—

नमो विश्वस्वरूपाय विश्वस्थित्यन्तहेतवे। विश्वेश्वराय विश्वाय गोविन्दाय नमो नमः।।
नमो विज्ञानरूपाय परमानन्दरूपिणे। कृष्णाय गोपीनाथाय गोविन्दाय नमो नमः।।
नमः कमलनेत्राय नमः कमलमालिने। नमः कमलनाभाय कमलापतये नमः।।
बर्हापीड़ाभिरामाय रामायाकुण्ठमेधसे। रमामानसहंसाय गोविन्दाय नमो नमः।।
कंसवंशविनाशाय केशिचाणूरघातिने। वृषभध्वजवन्द्याय पार्थसारथये नमः।।

(२) अथाधिवासः

अथाधिवास-कर्त्तव्यम्—(पूर्वेद्युः) गोधूलिसमये तदभावे (कृत्यदिवसे) प्रातःकाले वाऽधिवासद्रव्याण्यानीय यथाक्रममधिवासयेत्। तानि यथा—मही गन्धः शिला धान्यं दूर्वा पुष्पं फलं दधि। घृत-स्वस्तिक-सिन्दूर-शङ्ख-कज्जल-रोचनाः। सिद्धार्थं काञ्चनं रौप्यं ताम्रं दीपश्च दपर्णम्। ततः सुगन्धि स्नानीयं हरिद्रा वसनं तथा। सूत्रकं चामरं योज्यं चन्दनं चाभिवन्दनम् ।। (आचमन-विष्णुस्मरण-स्वस्तिवाचनादि-पूर्व्वकमेव अधिवासोक्तं कार्य्यं कुर्य्यात्।)

---

(२) **अधिवास**—किसी भी यज्ञ आदि शुभ अनुष्ठानके प्रारम्भमें किये जानेवाले कृत्यको अधिवास कहते हैं—शुभकार्यके पूर्वदिन सायंकालमें अथवा शुभकार्यके दिन ही प्रातःकालमें अधिवासके द्रव्यको एकत्रकर अधिवास सम्पन्न करें। अधिवासके द्रव्य ये हैं—मिट्टी, गन्ध, शिला, धान्य, दूर्वा, पुष्प, फल, दधि, घृत, स्वस्तिक (घृताक्त अरवा चावल), सिन्दूर, शंख, काजल, रोचना, सिद्धार्थ (श्वेत सरसों), सोना, चाँदी, ताँबा, दर्पण, सुगन्धित तेल, हल्दी, वस्त्र, सूत्र, चामर, चन्दन, अभिवन्दन (सभी द्रव्यों द्वारा एकत्र वन्दना), निर्मञ्छन। (इसके पश्चात् आचमन, विष्णुका स्मरण और स्वस्ति-वाचन करें)।

वेणुनादविनोदाय गोपालायाहिमर्दिने। कालिन्दीकूललोलाय लोलकुण्डलधारिणे ।।
वल्लवीवदनाम्भोजमालिने नृत्यशालिने। नमः प्रणतपालाय श्रीकृष्णाय नमो नमः।।
नमः पापप्रणाशाय गोवर्द्धनधराय च। पूतनाजीवितान्ताय तृणावर्त्तासुहारिणे।।
निष्कलाय विमोहाय शुद्धायाशुद्धवैरिणे। अद्वितीयाय महते श्रीकृष्णाय नमो नमः।।
प्रसीद परमानन्द प्रसीद परमेश्वर। आधिव्याधिभुजङ्गेन दष्टं मामुद्धर प्रभो।।
श्रीकृष्ण रुक्मिणीकान्त गोपीजनमनोहर। संसारसागरे मग्नं मामुद्धर जगद्गुरो।।
केशव क्लेशहरण नारायण जनार्दन। गोविन्द परमानन्द मां समुद्धर माधव।।

तत्र प्रथमं (१) **गङ्गामृत्तिकया**—भूमिः असि, अदितिः असि, विश्वधाया विश्वस्य भुवनस्य धर्त्री, पृथिवीं यच्छ, पृथिवीं दृंह, पृथिवीं मा हिंसीः।—अनया गङ्गामृत्तिकया शुभाधिवासः अस्तु।

प्रथमं श्रीविष्णोः पश्चात् वरकन्ययोरधिवासः कर्त्तव्यः।

(२) ततो **गन्धेन**—ॐ गन्धद्वारा दुराधर्षां नित्यपुष्टां करीषिणम्, ईश्वरीं सर्व्वभूतानां त्वाम् इहोपाह्वये श्रियम्। अनेन गन्धेन शुभाधिवासः अस्तु।—एवं सर्व्वत्र।

(३) ततः **शिलया**—ॐ प्रपर्व्वतस्य वृषभस्य प्यूष्टान् नारश्चरन्ति स्वसिच इ अनन्तो आरवृत्तं न धरा गुदत्ता अहिं व्रध्न मनुवीयमाना, विष्णोर्विक्रमणमसि विष्णोर्विक्रान्तमसि।

(४) ततो **धान्येन**—ॐ धान्यमसि, धिनुहि देवान्, धिनुहि यज्ञं धिनुहि यज्ञपतिं, धिनुहि मां यज्ञन्यम्।

(५) ततो **दूर्व्वया**—ॐ काण्डात् प्ररोहन्ती परुषः परुषः परि। एवा नो दूर्वे प्रतनु सहस्रेण शतेन च।

(६) ततः **पुष्पेण**—ॐ श्रीश्च ते लक्ष्मीश्च पत्न्या अहोरात्रे पार्श्वे। नक्षत्राणि रूपमश्विनौ व्यात्तम्। इध्म मिषाण अमुष्मा इषाण सर्वलोकं म इषाण।

(७) ततः **फलेन**—ॐ याः फलिनीः याः अफला अपुष्पा याश्च पुष्पिणीः। बृहस्पतिप्रसूतास्ता नो मुञ्चन्तु अहंसः।

(८) ततो **दध्ना**—ॐ दधि क्राव्णः अकार्षं जिष्णोः अश्वस्य वाजिनः। सुरभि नो मुखाकरोत् प्राण आयुंषि तारिषत्।

(९) ततो **घृतेन**—ॐ घृतवती भुवनानाम् अभि श्रियोर्वी पृथिवी मधुदुघे सुपेशसा। द्यावापृथिवी वरुणस्य धर्म्मणा विस्कभिते अजरे भूरिरेतसा।

(१०) ततः **स्वस्तिकेन**—ॐ स्वस्ति नो गोविन्दः स्वस्ति नः अच्युतानन्तौ स्वस्ति नो वासुदेवो विष्णुः दधातु। स्वस्ति नो नारायणो नरो वै, स्वस्ति नः पद्मनाभः पुरुषोत्तमो दधातु। स्वस्ति नो विष्वक्सेनो विश्वेश्वरः, स्वस्ति नो हृषिकेशो हरिः दधातु। स्वस्ति नो वैनतेयो हरिः, स्वस्ति नः अञ्जनासुतो हनूः भागवतो दधातु। स्वस्ति स्वस्ति सुमङ्गलैकेशो महान् श्रीकृष्णः, सच्चिदानन्दघनः सर्व्वेश्वरेश्वरो दधातु।

(११) ततः **सिन्दूरेण**—ॐ सिन्धोरिव प्राध्वने शूघनासो वातप्रमीयः पतयन्ति यह्वाः। घृतस्य धारा अरुषो नः बाजी काष्ठा भिन्दन् उर्म्मिभिः पिम्वमानः।

(१२) ततः **शङ्खेन**—ॐ प्रतिश्रुत्काया अर्त्तनं घोषाय बहुवादिनम् अनन्ताय मूकं शब्दाय आडम्बराघातं महसे वीणावादं क्रोशाय तूणवध्मम् अपरम्पराय शङ्खध्वं बलाय बनमपतो वन्याय दावपम्।

(१३) ततोऽञ्जनेन—ॐ समिद्धोऽञ्जन् कृदम्मतीनां घृतम् अग्ने मधुमत् पिम्वमानः। वाजी वहन् वाजिनं जातवेदो देवानां वक्षि प्रियम् आसधस्थम्।

(१४) ततो **रोचनया**—ॐ युजन्ति व्रध्नं अरुषं चरन्तं परितस्थूषः रोचन्ते रोचना दिवि।

(१५) ततो **सिद्धार्थेन**—ॐ रक्षोहनो वल्गहनः प्रोक्षामि वैष्णवान्, रक्षोहनो वल्गहनो बलयामि वैष्णवान् रक्षोहनो वल्गहनो वः स्तृणामि वैष्णवान्, रक्षोहनौ वां वल्गहनौ उपदधामि वैष्णवी, रक्षोहनौ वां वल्गहनौ पर्यूहामि वैष्णवी, वैष्णवमसि वैष्णवाः स्थ।

(१६) ततः **काञ्चनेन**—ॐ हिरण्यगर्भः समवर्त्तताग्रे भूतस्य

जातः पतिरेक आसीत्। स दाधार पृथिवीं द्यामुतेमां कस्मै देवाय हविषा विधेम।

(१७) ततो **रजतेन**—ॐ कृशनो रुक्मतरुव्याप्यभो दुर्म्मषं आपुः श्रेये रूचानः अग्निः अमृतः अभवत्। वयोभिर्यदेनं घोरजनयन् स्फुरैताः।

(१८) ततस्**ताम्रेण**—ॐ असौ यस्ताम्रः अरुणः उतवभ्रुः सुमङ्गलः। ये चैनहुं रुद्रा अभितो दिक्षु श्रिताः, सहस्रशो वैषा हेड़इमहे।

(१९) ततो **दीपेन**—ॐ मनो जूतिः जुषताम् आज्यस्य बृहस्पतिः यज्ञम् इमं तनोतु। अरिष्टं यज्ञम् इमं दधातु, विश्वे देवास इह मादयन्तां ॐ प्रतिष्ठ।

(२०) ततो **दर्पणेन**—ॐ कृष्णो वै सच्चिदानन्दघनः, कृष्ण आदिपुरुषः, कृष्णः पुरुषोत्तमः, कृष्णो हा उ कर्मादिमूलं, कृष्णः स ह सर्व्वैकार्यः कृष्णः काशंकृदादीशमुखप्रभुपूज्यः, कृष्णः अनादिः, तस्मिन् अजाण्डान्तर्बाह्ये यत् मङ्गलं तत् लभते कृती।

(२१) ततः **सुगन्धितैलेन**—ॐ तद्विष्णोः परमं पदं सदा पश्यन्ति सूरयः दिवीव चक्षुराततम्।

(२२) ततो **हरिद्रया**—ॐ विष्णोः विक्रमणम् असि, विष्णोः विक्रान्तम् असि, विष्णोः क्रान्तमसि, विष्णोः क्रान्तमसि, युज्यन्त्यस्य काम्या हविः विपञ्चसारथे शोनो घृष्णुः नवाहसा।

(२३) ततो **वस्त्रेण**—ॐ युवा सुवासाः परिवीतः आगात् स उ श्रेयान् भवति जायमानः। तं धीरासः कवय उन्नयन्ति साध्यो मनसा देवयन्तः।

(२४) ततः **सूत्रेण**—ॐ सूत्रामाणं पृथिवीं द्याम् अनेहसं सुशर्माणम् अदितिं सुप्रणीतं देवो नारं सुविद्राम् अनागसम्

अस्मरतीं आरुहे मास्म स्यये।। अनेन मन्त्रेण, 'ॐ तद्विष्णोरिति' मन्त्रेण च, 'ॐ कृष्णो वै सच्चिदानन्दघन' इति मन्त्रेण च वरस्य नवगुणपरिमितं वैष्णवब्राह्मणेन, कन्यायाः सप्तगुणपरिमितं वैष्णवीभिः सधवाङ्गनाभिश्च श्रीकृष्णस्मरणपूर्व्वकं कुङ्कुम-चन्दन-हरिद्राक्तसूत्रबन्धनं कार्य्यम्।

(२५) तत**श्चामरेण**—ॐ वातो वा मनो वा गन्धर्वा वा सप्तविंशतिः ते त्वग्रे समयुञ्जन् ते अस्मिन् यवं आदधूः।।

(२६) तत**श्चन्दनेन**—ॐ कः असि कतमः असि कस्मै त्वा काय त्वा सुश्लोक सुमङ्गल सत्य राजन्।

(२७) ततः सर्व्वद्रव्याण्येकीकृत्य वन्दापनं कुर्य्यात्—ॐ प्रतिपनसि प्रतिपदे त्वा, अनुपदसि अनुपदे त्वा, सम्पदसि सम्पदे त्वा, तेजोऽसि तेजसे त्वा।। इत्यनेन सर्वाङ्गं स्पृष्ट्वा,

(२८) चतुःप्रदीपं पञ्चप्रदीपं सप्तप्रदीपं वा प्रज्वाल्य निर्मञ्छनं कुर्य्यात्।

एवंविधिना वरकन्ययोरधिवासः।।

आचमन करनेके पश्चात् मूल ग्रन्थमें लिखे मन्त्रोंका पाठपूर्वक **श्रीविष्णुका स्मरण** करें। इसके पश्चात् **स्वस्ति-वाचन** करें—कुंकुम अथवा हल्दीचूर्णसे मिश्रित तण्डुल (चावल) हाथमें लेकर 'ॐ स्वस्ति नो गोविन्दः' इत्यादि मन्त्रोंका पाठ करते हुए उक्त तण्डुलको निक्षेपकर पुनः हाथ जोड़कर 'करोतु स्वस्ति मे कृष्णः' इत्यादि दोनों श्लोकोंका पाठ करें। तत्पश्चात् पाद्यादिके द्वारा विष्णुका अर्चन करें ।

अनन्तर एक-एक द्रव्यको हाथमें लेकर मन्त्रपाठपूर्वक पहले श्रीविष्णुके पादपद्मसे स्पर्श करावें, उसके बाद वर-कन्याके मस्तकका स्पर्श करावें। विवाह कार्यमें सूत्र द्वारा अधिवास करानेपर, उस स्थानमें लिखित मन्त्रोंका

नामापराधभयात् नान्दीमुखश्राद्धमत्र न कर्त्तव्यम्। किन्तु तेषां पितृणां परमसुखार्थं **श्रीगुरुपरम्परापूजनं कुर्य्यात्, तेभ्यो महाप्रसादञ्च दद्यात्,** वैष्णवब्राह्मणेभ्योऽन्नवस्त्रादिकं यथाशक्ति सहजेनैव देयं विष्णुप्रीतये विष्णुस्मरणपूर्व्वकम्। (१) अतःपरं कुड्योपरि घृतेन पञ्च सप्त वा परिमिता वसुधारा देया। तत्र महाभागवतं श्रीचेदिनं राजानं श्रीविष्णुमहाप्रसाद-पुष्पजल-नैवेद्यादिभिः प्रपूजयेत्।

उच्चारण और श्रीकृष्ण स्मरणपूर्वक, किसी वैष्णव ब्राह्मण द्वारा वरके हाथमें कुंकुम, चन्दन, हल्दी द्वारा रंगे हुए नौ गुण सूत्र एवं वैष्णवी सधवा महिलाके द्वारा कन्याके हाथमें सात गुण वैसा ही सूत्र बंधवा देना चाहिए।

नान्दीमुख श्राद्ध करनेसे नामापराध होनेका भय रहता है। इसलिए नान्दीमुख श्राद्ध नहीं करना चाहिए। किन्तु पितृपुरुषोंके परम सुख सम्पादनके लिए श्रीश्रीगुरुपरम्पराकी पूजा करें तथा पितृपुरुषोंको महाप्रसाद प्रदान करें। वैष्णवों एवं ब्राह्मणोंको सामर्थ्यके अनुसार प्रसन्नतापूर्वक विष्णुकी प्रीतिके लिए विष्णुका स्मरण करते हुए दान करें। तत्पश्चात् दीवालपर घीके द्वारा पांच अथवा सात वसुधारा दें। वहींपर महाभागवत चेदीराजकी महाप्रसाद, जल, नैवेद्य आदि द्वारा पूजा करें।

---

(१) पहले श्रीश्रीगुरु-गौरांगका अर्चन करें, फिर वासुदेवका अर्चन करें, तत्पश्चात् भगवत्प्रसाद, निर्माल्य आदिके द्वारा यथाविधि श्रीगुरुपरम्पराका अर्चन करें। उसके पश्चात् विष्णु-वैष्णव सेवार्थ दान आदि करें, तदनन्तर श्रीभगवान्‌को भोग देकर उनकी आरती करें, उसके पीछे श्रीगुरु-वैष्णवोंको महाप्रसाद निवेदन करें। तत्पश्चात् वसुधारा दें। इस प्रकारके क्रमका अनुसरण करें।

(३) अथ श्रीवासुदेवार्च्चनम्

अथ विवाहदिवसे श्रीगोविन्दभक्तोऽनन्यशरणो दीक्षितो वर्णादिः प्रातः कृताह्निकः कृतस्नानः कृतनित्यकृत्यस्तत्र छायामण्डपे मण्डिते (श्रीविष्णुमन्दिरे वा) कृतकुशाद्यासन आचान्तः श्रीविष्णुस्मरणं कृत्वा (अर्च्चनपद्धतौ द्रष्टव्य) परममनोहर-विचित्रमण्डले घटं संस्थाप्य तद्घटोपरि ताम्रपात्रे संस्थाप्य श्रीशालग्रामं पुरुषसूक्तमन्त्रैः पूजयेत्। तत्रापि श्रीशालग्रामस्थ-श्रीमन्नारायणपूजने विवाहादिसर्व्व-कर्म्मणि नामापराध-सेवापराधभयात् गणेशादिपञ्चदेवान् आदित्यादिनव-ग्रहान् इन्द्रादिलोकपालान् गौर्यादिमातृगणादीनि च न पूजयेत्, किन्तु वैष्णवादीन् पूजयेत्।

यथा, प्रमाणं हि पाद्मे,—शुद्धसत्त्वमयो विष्णुः कल्याणगुण-सागरः। नारायणः परंब्रह्म विप्राणां दैवतं हरिः।। ब्रह्मण्यः

---

(३) **श्रीवासुदेवार्चन**—किसी भी वर्णका व्यक्ति सद्गुरुसे पंचसंस्कारोंमें दीक्षित और श्रीराधागोविन्दका अनन्य शरणागत भक्त होनेपर अपने विवाहके दिन प्रातःकालमें स्नान, आह्निक, नित्यकृत्य समापनकर सुसज्जित छायामण्डपमें अथवा श्रीविष्णुगृहमें प्रवेशकर कुश आदिके पवित्र आसनपर बैठकर आचमन और श्रीविष्णुका स्मरण करे (विष्णु स्मरणके लिए मंगलाचरण देखें)। इसके पश्चात् परम मनोहर विचित्र मण्डपमें घट स्थापन कर उसके ऊपर तांबेके पात्रमें श्रीशालिग्राम शिलाका स्थापनकर पुरुषसूक्त मन्त्रके द्वारा अर्चन करना चाहिए। विवाह आदि सभी कार्योंमें श्रीशालिग्रामरूपी नारायणके श्रीचरणमें **नामापराध और सेवापराधके भयसे गणेश आदि पंच देवता, आदित्य आदि नवग्रह, इन्द्र आदि लोकपाल और गौरी आदि मातृगणकी पूजा नहीं करनी चाहिए।**

इस विषयमें शास्त्रोंमें भूरि-भूरि प्रमाण हैं। पद्मपुराणमें—श्रीविष्णु

श्रीपतिर्विष्णुर्वासुदेवो जनार्द्दनः। ब्रह्मण्यः पुण्डरीकाक्षो गोविन्दो हरिरच्युतः।। स एव पूज्यो विप्राणां नेतरे पुरुषर्षभाः। मोहाद् यः पूजयेदन्यं स पाषण्डी भवेद्ध्रुवम्।। स्मरणादेव कृष्णस्य विमुक्तिः पापिनामपि। तस्य पादोदकं सेव्यं भुक्तोच्छिष्टञ्च पावनम्।। स्वर्गापवर्गदं नृणां ब्राह्मणानां विशेषतः। विष्णोर्निवेदितं नित्यं देवेभ्यो जुहुयाद्धरिः।। पितृभ्यश्चैव तद्दद्यात् सर्व्वमानन्त्यमश्नुते।। यो न दद्याद्धरेर्भुक्तं पितृणां श्राद्धकर्म्मणि। अश्नन्ति पितरस्तस्य विन्मूत्रं सततं द्विजाः।। तस्माद्विष्णोः प्रसादो वै सेवितव्यो द्विजन्मना। इतरेषां तु देवानां निर्म्माल्यं गर्हितं भवेत्।। सकृदेव हि योऽश्नाति ब्राह्मणो ज्ञानपूर्व्वतः। निर्म्माल्यं शङ्करादीनां स चाण्डालो भवेद्ध्रुवम्। कल्पकोटिसहस्राणि पच्यते नरकाग्निना।। निर्म्माल्यं तु द्विजश्रेष्ठा रुद्रादीनां

श्रीमद्भागवतमें उल्लिखित श्रीकृष्णकी आज्ञा संन्यासाधिकारी व्यक्तिके लिए परमहंस-अवधूत अवस्थामें प्रवेशके लिए विधि-वाक्य है। ज्ञाननिष्ठ विरक्त व्यक्ति मायावादके विचारसे ब्रह्म-संन्यास और निरपेक्ष भगवद्भक्तगण विष्णु-संन्यास ग्रहणपूर्वक अन्तमें परमहंस-अवधूत अवस्था प्राप्त करनेके लिए साधन करेंगें। पारमहंसी संहिता श्रीमद्भागवतके विचारसे केवल ऐकान्तिकी शुद्धाहरिभक्तिके द्वारा ही यथार्थ सुनिर्मल परमहंसपद प्राप्त किया जा सकता है।

'एतां समास्थाय' इत्यादि श्लोकमें 'एतां'—शब्दसे कौपीन-कन्थादि संन्यास चिह्नोंको समझना चाहिए। ब्रह्म-संन्यासी और विष्णु-संन्यासी दोनोंके लिए कौपीन-कन्थादि संन्यास चिह्नोंको धारण करना आवश्यक है। कर्मी उदयनाचार्यने संन्यासके प्रति स्वाभाविक द्वेषवशतः श्रीशंकराचार्यको लक्षकरके कहा था,—रे दुर्बुद्धे ! गधेकी भाँति कठिनतासे वहन किये जानेवाले कन्थाको (गुदड़ीको) तो तुम ढो रहे हो, किन्तु आश्चर्यकी बात

किञ्चेत्यादिवचनात् श्रीहरिदासादीनां विधिपूर्व्वक-ब्रह्मचर्य्यादिग्रहणं लोकसंग्रहमात्रं, वस्तुतस्तु मुकुन्दाङ्घ्रिनिषेवयैवेति, संसारतरणावधारणात् यथाकथञ्चित्प्रकारेण तत्तच्चिह्नादिधारणेन तत्तद्वर्णाश्रमाभिमानत्यागेन च श्रीभगवद्भजनमेव विधेयमिति तत्त्वं सूचितम्।।२६।।

तस्मादेव तत्तत्पुत्रप्रभृतीनां तांस्तानुद्दिश्य वैदिक-पैत्रादिकृत्यमप्यनुचितं तत्कृत्येन पुनः संसारप्राप्तिसम्भवादिति दिक्।।२७।।

है शिखा-सूत्र और यज्ञोपवीत तुम्हारे निकट भार प्रतीत हो रहा है, ऐसा क्यों, बतलाओ तो ?।।२५।।

'किञ्च' इत्यादि वाक्योंसे ऐसा प्रतिपन्न होता है कि श्रीहरिदास आदिका विधिपूर्वक ब्रह्मचर्य ग्रहण करना केवल लोक-शिक्षाके लिए है। किन्तु श्रीमुकुन्दके चरणकमलोंकी सेवाके द्वारा वास्तविक ब्रह्मचर्य और संन्यास सिद्ध होता है। संसारको उत्तीर्ण करनेका संकल्प निश्चित हो जानेपर विविध प्रकारके आश्रम चिह्नों और सारे वर्णाश्रमाभिमानको त्यागकर किसी भी प्रकारसे एकमात्र भगवद्भजन करना ही कर्त्तव्य है—यही परिज्ञात हो रहा है।।२६।।

ऐकान्तिक या अनन्यरूपमें भजन करनेका नाम ही संन्यास है। तो भी लोक-संग्रहके लिए कौपीन इत्यादि धारणपूर्वक संन्यासी अभिमान परित्याग करना—उसी महत्कार्यकी दृढ़ताके लिए प्रदर्शन मात्र है। इसलिए संन्यासके बाह्य चिह्न संसार-बन्धनको छेदन करनेके लिए प्रधान उपायके रूपमें ग्रहणीय है।

इसलिए ऐसे ऐकान्तिक भगवद्भक्तोंके पुत्र आदिके द्वारा उनके उद्देश्यसे वैदिक-पितृ-श्राद्धादि कर्मानुष्ठान भी अनुचित हैं। क्योंकि उन-उन अनुष्ठानोंके द्वारा संसार-बन्धन होनेकी सम्भवना है। उक्त विचारका यही दिग्दर्शन है।।२७।।

श्रीमद्भागवतं पुराणममलं यद्वैष्णवानां प्रियं
यस्मिन् पारमहंस्यमेकममलं ज्ञानं परं गीयते।
यत्र ज्ञानविरागभक्तिसहितं नैष्कर्म्यमाविष्कृतं +
तच्छृण्वन् सुपठन् विचारणपरो भक्त्या विमुच्येन्नरः।।२८।।

एवमादि श्रीमद्भागवतवाक्यैर्वैष्णवानामेवाच्युतगोत्रत्वं, परमहंसत्वञ्च विहितं, यतो वैष्णवानां भागवतप्रियत्वम्। तस्मात् पारहंस्यज्ञानत्वेन परमहंसत्वमपि तेषामेव नान्येषाम्। यतश्चतुर्व्वर्णानां मध्ये ब्राह्मणाद्येकतरोऽपि कश्चिदच्युतगोत्रोऽहमिति न ब्रूते। चत्वारः साम्प्रदायिका भेकधारिणस्तु सर्व्वेऽप्यच्युतगोत्रोऽहमिति वदन्ति (इति) लौकिक-शास्त्रीय व्यवहारनिष्पत्तौ न किञ्चिदनुपपन्नमितिस्थितम्। तस्मादेव

श्रीमद्भागवत—अमल पुराण है। ये वैष्णवोंके परम प्रिय हैं। उनमें एकमात्र विशुद्ध परमहंस ज्ञानका वर्णन किया गया है। उनमें ज्ञान-विराग-भक्तिके सहित नैष्कर्मका आविष्कार हुआ है। उन श्रीभागवतका श्रवण, पठन-पाठन और विवेचन होनेपर भक्तिके द्वारा लोक मायासे मुक्त हो सकेंगे।।२८।।

उक्त प्रकारके भगवद्वचनोंके द्वारा वैष्णवोंका ही अच्युतगोत्रत्व और परमहंसत्व स्थिर हुआ। क्योंकि वैष्णवोंमें ही श्रीमद्भागवतके प्रति प्रीति देखी जाती है। उन श्रीमद्भागवतमें कहे गये पारमहंस-ज्ञानके द्वारा वैष्णवोंको ही परमहंसत्वकी प्राप्ति होती है, दूसरोंको नहीं। क्योंकि चारों वर्णोंमें ब्राह्मणादि किसी वर्णका कोई भी व्यक्ति अपनेको अच्युत गोत्र नहीं कहता है। दूसरी ओर चारों शुद्ध भक्ति सम्प्रदायोंके भेकधारी सभी लोग अपनेको 'मैं अच्युत गोत्रका हूँ' ऐसा कहते हैं। इससे लौकिक और शास्त्रीय व्यवहार सम्पादनमें तनिक भी अयौक्तिकता नहीं होती,

---

+ गोपालपूर्वतापन्यां—भक्तिरस्य भजनम्। तदिहामुत्रोपाधिनैराश्येनाम्मस्मिन् मनःकल्पनम्। एतदेव च नैष्कर्म्यम्।

श्रीरामानुजाचार्य्यादीनां मतावलम्बिनो वैष्णवाः प्रथमं यागादि-स्थानं विधाय यान् कान् शूद्रादिबालकानपि संगृह्य क्षौरादिकं कारयित्वा, स्वयं विष्णुहोमादिकं कृत्वा, पूर्व्वाचार्य्यादीन् विधिवत् सम्पूज्य च, तान् बालकादिकान् पञ्चसंस्कारान् धारयित्वा द्विजत्वमासाद्य, पश्चात् याज्ञवल्क्यादिकृत-पद्धतिमतानुसारेण गर्भाधानाद्युप-नयनान्तान् संस्कारान् कारयित्वा, वेदमातरं सावित्रीमपि दीक्षयित्वा, पश्चाद् स्व-सम्प्रदायिमन्त्रस्य दीक्षयित्वा,—श्रीगुर्व्वादीन् श्रीशालग्रामादी-नप्यर्च्चयित्वा, पश्चात् भिक्षूपयोगि-कौपीन-बहिर्व्वास-झुलि-कन्था-संन्यासमन्त्रानपि दत्वा पुनः संन्यासिनः कुर्व्वन्तीति प्रसिद्धं सर्व्वैः दृष्टं श्रुतञ्चेति ।।२६।।

अस्माकन्तु श्रीमन्महाप्रभोरनुमतेन श्रीगोस्वामिचरणादयः (१) प्रथमतः श्रीभगवदालयादिषु गृहादिस्थानानि संशोध्य, तत्र

अतएव यही व्यवस्था है। इस विचारसे श्रीरामानुजाचार्य आदि मतावलम्बी वैष्णवगण पहले याग आदिके स्थानकी व्यवस्था करते हैं; पीछे शूद्रादि वर्णोंसे प्राप्त बालकोंका क्षौर कराकर स्वयं विष्णु-होमादि सम्पादनकर, पूर्वाचार्योंकी यथाविधि पूजाकर उन बालकोंको पञ्चसंस्कार प्रदानपूर्वक द्विजत्व विधान करते हैं। उसके पश्चात् याज्ञवल्क्य आदि द्वारा रचित पद्धतिके अनुसार गर्भाधानसे उपनयन पर्यन्त संस्कारोंको सम्पादन कराकर वेदमाता गायत्रीके मन्त्रमें दीक्षित करते हैं। उसके पश्चात् अपने-अपने साम्प्रदायिक मन्त्रमें दीक्षितकर श्रीगुरु-परम्परा और श्रीशालग्राम शिला आदिका अर्चन करते हैं। तत्पश्चात् भिक्षुक (संन्यास) के उपयोगी बर्हिवास-झोली-कन्था और संन्यास-मन्त्र प्रदानकर संन्यासी बनाते हैं। यह प्रसिद्ध प्रथा सभी देखते और सुनते हैं।।२६।।

हमारी गौड़ीय-वैष्णव-सम्प्रदायकी प्रथा यह है,—श्रीगोस्वामीवर्ग श्रीमन्महाप्रभुकी आज्ञासे (१) सर्वप्रथम श्रीमन्भगवन्मन्दिरादिमें गृह इत्यादिके

श्रीविष्णु होमं कृत्वा, विधिवदाचार्य्यादीन् सम्पूज्य च शूद्रादिकान् यथावत् दीक्षितांश्चक्रिरे। किम्वा (२) तत्र केवलमासनादीन् संस्थाप्य श्रीमध्वाचार्य्यादीन् सपार्षद-श्रीकृष्णचैतन्यादींश्च पञ्चोपचारैः पूजयित्वा, किम्वा (३) तत्र श्रीकृष्णचैतन्य-श्रीमन्नित्यानन्द-श्रीअद्वैत-श्रीगदाधर-श्रीवासान् पञ्चतत्त्वात्मकान् पाद्यादिभिः पञ्चोपचारैर्विधिवत् सम्पूज्य स्त्री-शूद्रादि-बालकादिकान् यान् कानपि संगृह्य क्षौर-स्नानादिकं कारयित्वा, ताप-पुण्ड्रादिकञ्च धारयित्वा श्रीहरेर्नामोपदिश्य च, पश्चाद् षड़क्षराद्यष्टादशाक्षरान्तेषु मन्त्रेषु मध्ये कमपि भगवन्मन्त्र-मुपदिश्य, तान् वैष्णवान् विधाय, तत्पूर्वकालीन वैष्णवत्व-प्राप्तान् वा, वैष्णवत्वेन द्विजत्वसिद्धेः पुनस्तांस्तान् श्रीभवदेवाद्यनुमतेन विधिना गर्भाधानाद्युपनयनान्तसंस्कारान् कारयित्वैव भिक्षूपयोगि-संन्याससंस्कारादिकं धारयन्तीति प्रथा।।३०।।

स्थानको शोधनकर वहाँ श्रीविष्णु होम और यथाविधि आचार्य-परम्पराकी पूजा सम्पन्नकर शूद्र आदि सभीको (अधिकार विचारपूर्वक) दीक्षित करते आ रहे हैं। (२) अथवा वहाँ (भगवद् गृहादिमें) आसन आदि स्थापनपूर्वक श्रीमध्व प्रभृति आचार्यगण और सपार्षद श्रीकृष्णचैतन्य आदिकी पंचोपचारसे पूजा कर, (३) अथवा वहाँ पञ्चतत्त्व-स्वरूप-श्रीकृष्णचैतन्य, श्रीमन्नित्यानन्द प्रभु, श्रीअद्वैताचार्य, श्रीगदाधर और श्रीवासादि पञ्च तत्त्वकी पंचोपचारसे यथा-विधान पूजाकर-स्त्री, शूद्र, बालक आदि किसी भी व्यक्तिको (अधिकार विचारकर) क्षौर, स्नान आदि तथा (शीतल) ताप और ऊर्ध्व पुण्ड्र तिलक आदि धारण कराकर श्रीहरिनामका उपदेश दिया करते हैं। पीछे षडाक्षर या अष्टादशाक्षर मन्त्रोंमेंसे कोई एक मन्त्र उपदेश करते हुए उनको वैष्णव बनाते हैं। वैष्णवताके द्वारा स्वयं ही द्विजत्वकी सिद्धि होती है। इसलिए उनको पहले सद्गुरुके निकट पंचसंस्कारमें दीक्षा विधानकर वैष्णवता प्राप्त व्यक्तियोंके भवदेव प्रभृतिके अनुमोदित विधानके अनुसार

तत्रादौ पूजायां आचार्य्यादीन् यथा—
श्रीकृष्ण-ब्रह्म-देवर्षि-बादरायण-संज्ञकान्।
श्रीमध्व-श्रीपद्मनाभ-श्रीमन्नृहरि-माधवान्।।
अक्षोभ्य-जयतीर्थ-श्रीज्ञानसिन्धु-दयानिधीन्।
श्रीविद्यानिधि-राजेन्द्र-जयधर्म्मान् क्रमाद्वयम्।।
पुरुषोत्तम-ब्रह्मण्य-व्यासतीर्थांश्च संस्तुमः।
ततो लक्ष्मीपतिं श्रीमन्माधवेन्द्रञ्च भक्तितः।।
तच्छिष्यान् श्रीश्वराद्वैत-नित्यानन्दान् जगद्गुरुन्।
देवमीश्वरशिष्यं श्रीचैतन्यञ्च भजामहे।।
निमाञ्याद्याख्यया योऽसौ विख्यातः क्षितिमण्डले।
श्रीकृष्ण प्रेमदानेन येन निस्तारितं जगत्।।
देवं श्रीकृष्णचैतन्यं नित्यानन्दं जगद्गुरुम्।
श्रीलाद्वैतं गदाधरं श्रीवासं भक्तवर्य्यकम्।।
श्रीगुरुं पूजयित्वा च गौरांग पार्षदांस्ततः।
संस्कारान् कारयेद् वालान् यथायोग्यं समन्ततः।।३१।।

गर्भाधान आदि उपनयन संस्कारका सम्पादन सम्पन्नकर उनको भिक्षुके उपयोगी संन्यास संस्कार प्रदान करते हैं।।३०।।

पूजामें सबसे पहले आचार्य वर्गका अर्चन करना परम कर्त्तव्य है। श्रीगुरुपरम्परा यथा,—श्रीकृष्ण, ब्रह्मा, नारद, व्यासदेव, मध्वाचार्य, पद्मनाभ, नृहरि, माधव, अक्षोभ्य, जयतीर्थ, ज्ञानसिन्धु, दयानिधि, विद्यानिधि, राजेन्द्र, जयधर्म, पुरुषोत्तम, ब्रह्मण्य, व्यासतीर्थ, लक्ष्मीपति, माधवेन्द्रपुरी, ईश्वरपुरी, श्रीअद्वैताचार्य, श्रीनित्यानन्द, श्रीईश्वर पुरीके शिष्य श्रीचैतन्यदेव जो निमाई नामसे जगतमें विख्यात हैं तथा जिन्होंने कृष्णप्रेम वितरणके द्वारा जगत्का उद्धार किया है।

भगवान् श्रीकृष्णचैतन्य, जगद्गुरु श्रीनित्यानन्द प्रभु, श्रीअद्वैताचार्य, श्रीगदाधर, भक्तश्रेष्ठ श्रीवास और श्रीगुरुदेवकी पूजाकर श्रीगौरपार्षदोंकी

तत्र तावत् प्रणवशिरस्क-तत्तन्नाम चतुर्थ्यन्तमन्त्रेणादौ गुर्व्वादीन् पूजयेत्। यथा—एतदासनम् ॐ श्रीगुरवे नमः,—इत्यादि क्रमेण षोड़शोपचारेण पूजयेत्। (ततः)—इदमासनम् ॐ श्रीकृष्णाय नमः, इदमासनम् ॐ श्रीनारायणाय ऋषये नमः, एतदासनम् ॐ श्रीब्रह्मणे नमः इत्यादि, तदनन्तरं—(इदमासनं) ॐ श्रीकृष्णचैतन्याय नम इत्यादि । (एवं) सर्व्वान् पूजयेत्।।३२।।

यथा 'स्वर्गकामोऽश्वमेधेन यजेत, कृष्ण-केशी ब्राह्मणोऽग्निना आदधीतेति' विधिवाक्यं कर्म्मकाण्डादावपेक्ष्यते, तद्वत् न्यासोऽपि विधिवाक्यमपेक्षते च,—"तद् यथेह कर्म्मचितो लोकः क्षीयत एवमेवात्र पुण्यचितो लोकः क्षीयत इति परीक्ष्य लोकान्

पूजा करनी चाहिए। तदनन्तर योग्य बालकका सभी संस्कार करना चाहिए।।३१।।

नामके आदिमें प्रणव और पीछे चतुर्थी विभक्ति युक्तकर उस मन्त्रमें सबसे पहले गुरुवर्गकी पूजा करें। यथा,—"एतदासनं ॐ श्रीगुरुवे नमः" इत्यादि क्रमसे षोडषोपचारसे पूजा करनी चाहिए।।३२।।

कर्मकाण्ड आदिमें जैसे शास्त्रोपदेश और विधि-वाक्योंकी आवश्यकता रहती है, संन्यासमें भी उसी प्रकार विधि-वाक्य प्रयोजनीय हैं। इसलिए श्रुतिमें संन्यासके विधि-वाक्य देखे जाते हैं—'इस संसारमें कर्मार्जित लोक जैसे क्षीण हो जाते हैं, वैसे ही पुण्यार्जित लोक भी क्षीण हो जाया करते हैं; इस प्रकार कर्मफलोंके द्वारा प्राप्त लोक-समूह नश्वर हैं, ऐसा भलीभाँति विचारकर ब्राह्मण उससे निर्विन्न अर्थात् विरक्त होंगे; क्योंकि कृत अर्थात् कर्मके द्वारा, अकृत अर्थात् मोक्ष प्राप्त नहीं होता'। 'जिस दिन वैराग्यका उदय हो, उसी दिन प्रव्रज्या (संन्यास) ग्रहण करे'। गृह इत्यादिके प्रति वैराग्य-सम्पन्न व्यक्ति गुरुके निकट प्रार्थना करे,—'हे गुरुदेव ! साम्प्रदायिक साध्य-साधनानुष्ठान तत्त्वमें विशेषरूपसे प्राज्ञ ! मैं घोर संसारमें पतित हूँ। हे करुणावरुणालय ! इस दुष्पार-समुद्रसे मेरी

कर्म्मचितान् ब्राह्मणो निर्व्वेदमायात्, नास्त्यकृतः कृतेन"; [तेन कृतेन कर्म्मणा अकृतं मोक्षो नास्तीति भाष्यम्।] "यदहरेव विरजेत् तदहरेव प्रव्रजेदिति" च विधिः। गेहादिविरक्तिमान् गुरुं प्रार्थयेत्,—भो गुरो ! सम्प्रदायसाध्यसाधनानुष्ठानप्राज्ञ ! अस्मिन् भारते संसारान्मां त्राहि, सन्न्यासं देहीति। अतः स्वमतसम्प्रायि-सन्न्यासधर्म्मसाध्यसाधनानुष्ठानाप्राज्ञस्य सन्न्यासधर्म्मग्रहण संस्काराप्राज्ञत्वात् गृहिगुरुणा कृतः सन्न्यासो निरस्त।।३३।।

तत्र संस्कारा यथा,—

मुण्डनं प्रथमं कुर्य्यात्तीर्थस्नानं द्वितीयकम्।
तृतीय हरिमन्दिर-तिलकं भाल-शोभितम्।।
चतुर्थं चन्दनैर्गात्रे नाममुद्रादिधारणम्।
पञ्चमं कौपीनशुद्धिं, षष्ठं प्राणप्रतिष्ठकम्।।

रक्षा करें। मुझे कृपया संन्यास प्रदान करें'। इससे गृही-गुरुका संन्यास प्रदान करना निरस्त हुआ अर्थात् गृही-गुरु संन्यास प्रदानके लिए अयोग्य हैं, क्योंकि वे अपने इष्ट सम्प्रदायके संन्यास धर्मके साध्य-साधन अनुष्ठान तत्त्वमें अनभिज्ञ होते हैं तथा संन्यास-धर्म ग्रहणके संस्कारोंके सम्बन्धमें भी अज्ञ होते हैं।

दीक्षा-दानमें शास्त्रोक्त यथार्थ योग्यता रहनेपर गृही-गुरु मन्त्र दीक्षा दे सकते हैं; किन्तु जिन्होंने स्वयं ही कभी संन्यास ग्रहणकर उसका आचरण नहीं किया है, वे किस प्रकार संन्यास-दीक्षा दे सकते हैं ? संन्यास प्रदान करनेके लिए गुरुकी योग्यता विचार करना अत्यन्त आवश्यक है। शिष्यकी भी योग्यता नहीं रहनेसे गुरु ऐसे शिष्यको कभी भी संन्यास प्रदान नहीं करें।।३३।।

संन्यासका संस्कार, यथा—१-मुण्डन, २-तीर्थस्नान, ३-हरिमन्दिर-तिलकादि धारण, ४-शरीरमें चन्दन आदिके द्वारा हरिनाम-मुद्रा धारण, ५-विशुद्ध कौपीन, ६-कौपीनकी प्राण-प्रतिष्ठा, ७-हरिदास आदि सूचक

सप्तमं हरिदासादि-नाममात्रप्रकल्पनम्।
अष्टमं वामकर्णेऽग्रे विष्णुमन्त्रस्य धारणम्॥
अष्टादशाक्षरस्यैव पञ्चपदादिभेदिनः।
नवमं चाच्युतगोत्रस्वीकारं सर्व्वपूजितम्॥
शालग्रामार्च्चनं भक्त्या दशमं परिकीर्त्तितम्।
एतैर्दशभिः संस्कारैर्विष्णुसन्न्यासी वैष्णवः॥
तापादिपञ्चसंस्कारैर्ज्ञातव्यो गृही वैष्णवः।
संस्कारभेद-सम्प्राप्त्या संज्ञाभेदो भवेद् द्वयोः॥३४॥

तत्र प्रथमः संस्कारः—क्षौरार्थे प्रार्थनम्

"मस्तकं मुण्डय मुण्डिन् शिखां संस्थाप्य यत्नतः।
श्रद्धा मे कृष्णचैतन्यपादाब्जे विक्रयः स्थिरः॥

नाम ग्रहण, ८-बायें कानमें पञ्चपदी अष्टदशाक्षर विष्णु मन्त्र ग्रहण, ९-सर्वजन वन्दित अच्युतगोत्र ग्रहण, १०-भक्तिपूर्वक श्रीशालग्रामका अर्चन। इन दश संस्कारोंको ग्रहण करनेवालोंको विष्णु संन्यासी वैष्णव और तापादि पञ्चसंस्कारोंको ग्रहण करनेवालोंको गृही वैष्णव समझना चाहिए। वैष्णव एक ही तत्त्व हैं, संस्कार भेदसे (उनमें गृही और संन्यासी नाम मात्रका भेद है।

यहाँ यह विशेष रूपसे द्रष्टव्य है—ताप, पुण्ड्र, नाम, मन्त्र, याग—इन पाँचों संस्कारोंका नाम पञ्चसंस्कार है। गृही व्यक्ति यदि सद्गुरुके निकट दीक्षा ग्रहण करते हैं, तब वे पञ्चसंस्कारको प्राप्त होते हैं। पञ्चसंस्कार प्राप्त व्यक्ति यदि संन्यास ग्रहण करना चाहता हो, तब संन्यास-गुरु उस व्यक्तिको पञ्चसंस्कार प्राप्त समझकर अवशिष्ट पाँच संस्कार प्रदान करेंगे। वे पाँच संस्कार हैं—१-मुण्डन, २-स्नान, ३-कौपीन ग्रहण, ४-कौपीन प्राण-प्रतिष्ठा, ५-अच्युत गोत्र स्वीकार॥३४॥

प्रथम संस्कार—मुण्डनकी प्रार्थना। संन्यासका इच्छुक व्यक्ति नाईके निकट प्रार्थना करे,—'हे नरसुन्दर ! सावधानीसे शिखा रखकर मेरा

मातृ-पितृसमाः सर्व्वे बान्धवा मे हितैषिणः।
आशीः कुरुत तत्पादे भक्तिः स्याद्भवकृन्तनी।।
श्रीचैतन्य दयासिन्धो भक्तानुग्रहकारक !
दासो भवामि, गृह्णातु, पतितं मां समुद्धर।।"
इत्युक्त्वा मुण्डनं कारयेत्।।३५।।

तततो द्वितीयः संस्कारः—तीर्थस्नानम्

ततो जलाशये गत्वा प्रथममाचम्य करन्यासमङ्गन्यासं प्राणायामञ्च कृत्वा स्नानं कुर्य्यात्। गुरुस्तु मन्त्रानुचार्य्य स्नानं कारयेत्। (क) आचमनमाह,—प्रथमं हस्तौ द्वौ प्रक्षाल्याचमनं कुर्य्यात्। (तद् यथा,)—दक्षिणहस्ते जलं संस्थाप्य 'ॐ केशवाय नमः' इत्युक्त्वा आचम्य तज्जलं त्यजेत्। 'ॐनारायणाय नमः'

मस्तक मुण्डन करें। श्रीकृष्ण चैतन्यके चरणकमलोंमें स्थिर रूपमें बिक जाऊँ—मेरी ऐसी श्रद्धा है। माता-पिता जैसे हितैषी मेरे बन्धु-बान्धव मुझे आशिष प्रदान करें कि मेरे हृदयमें श्रीकृष्णचैतन्यके श्रीचरणकमलोंमें भवखण्डिनी भक्ति उदित हो। हे भक्तानुग्रहकारी ! दयासिन्धो ! श्रीचैतन्यमहाप्रभो ! मैं आपका दास हूँ, आप मुझे ग्रहण करें। इस पतितका उद्धार करें।' इस प्रकार प्रार्थनाकर मुण्डन करावें।।३५।।

तत्पश्चात् द्वितीय संस्कार—तीर्थ स्नान। मुण्डनके पश्चात् जलाशयपर जाकर आचमन, करन्यास, अंगन्यास और प्राणायाम कर स्नान करें। आचार्य मन्त्रपाठ कराकर स्नान करावें। (क) आचमन—पहले दोनों हाथोंको धोकर आचमन करें। यथा,—दाहिने हाथमें जल लेकर 'ॐ केशवाय नमः' मन्त्रसे कुछ जल पानकर अवशेषको छोड़ दे; पुनः 'ॐ नारायणाय नमः' मन्त्रसे उसी प्रकारसे करें। पुनः 'ॐ माधवाय नमः' मन्त्रसे उसी प्रकार करें। तत्पश्चात् 'ॐ गोविन्दाय नमः, ॐ विष्णवे नमः' उच्चारणकर दोनों हाथोंका प्रक्षालन करें; 'ॐ मधुसूदनाय नमः, ॐ त्रिविक्रमाय नमः' मन्त्रसे मुखका मार्जन करें; 'ॐ वामनाय नमः, ॐ

इत्युक्त्वा आचम्य तद्वत् त्यजेत्। एवं 'ॐ माधवाय नमः' इत्युक्त्वा आचम्य त्यजेदेव। ततः 'ॐ गोविन्दाय नमः, ॐ विष्णवे नमः' इति द्वाभ्यां द्वौ हस्तौ प्रक्षाल्य, ततः 'ॐ मधुसूदनाय नमः, ॐ त्रिविक्रमाय नमः' इति द्वाभ्यां मुखं संमृज्य, ततः 'ॐ वामनाय नमः, ॐ श्रीधराय नमः' इति द्वाभ्यां अधरौ संमृज्य, ततः 'ॐ हृषिकेशाय नमः' इत्यनेन हस्तौ पुनः प्रक्षाल्य, ततः ॐ 'पद्मनाभाय नमः' इत्यनेन पादद्वयं प्रक्षाल्य, ततः 'ॐ दामोदराय नमः' इत्यनेन मस्तकं संप्रोक्ष्य, ततः 'ॐ वासुदेवाय नमः' इत्यनेन (पञ्चाङ्गुल्यग्रेण) मुखं संस्पृश्य, ततः 'ॐ सङ्कर्षणाय नमः, ॐ प्रद्युम्नाय नमः' इति द्वाभ्यां (तर्ज्जन्यङ्गुष्ठाग्रेण) दक्षिणक्रमेण नासिके संस्पृश्य, ततः ॐ अनिरुद्धाय नमः, ॐ पुरुषोत्तमाय नमः' इति द्वाभ्यां (अनामिकाङ्गुष्ठाग्रेण) दक्षिणक्रमेण नेत्रे संस्पृश्य, ततः ' ॐ अधोक्षजाय नमः, ॐ नृसिंहाय नमः', इति द्वाभ्यां (कनिष्ठाङ्गुष्ठेण) दक्षिणक्रमेण कर्णौ संस्पृश्य, ततः 'ॐ अच्युताय

श्रीधराय नमः' मन्त्रसे दोनों होठोंका मार्जन करें; 'ॐ हृषिकेशाय नमः' उच्चारणकर पुनः दोनों हाथोंका प्रक्षालन करें; 'ॐ पद्मनाभाय नमः' उच्चारणकर दोनों चरणोंका प्रक्षालन करें; 'ॐ दामोदराय नमः' मन्त्रसे जल मस्तकपर छिड़कें; 'ॐ वासुदेवाय नमः' मन्त्रसे मुख स्पर्श करें; 'ॐ संकर्षणाय नमः, ॐ प्रद्युम्नाय नमः' मन्त्रका उच्चारणकर (दाहिने क्रमसे) दोनों नासिका स्पर्श करें; 'ॐ अनिरुद्धाय नमः, ॐ पुरुषोत्तमाय नमः' मन्त्रका उच्चारणकर (दक्षिण क्रमसे) दोनों नेत्रोंका स्पर्श करें; 'ॐ अधोक्षजाय नमः, ॐ नृसिंहाय नमः' मन्त्रसे (पहले दाहिने पीछे बायें) दोनों कानोंका स्पर्श करें; 'ॐ अच्युताय नमः' मन्त्रसे नाभि स्पर्श करें; 'ॐ जनार्दनाय नमः' मन्त्रसे हृदयका स्पर्श करें; 'ॐ उपेन्द्राय नमः' मन्त्रसे मस्तकका स्पर्श; 'ॐ हरये नमः' मन्त्रसे दक्षिण बाहुका स्पर्श करें; 'ॐ

नमः' इत्यनेन (करतलेन) नाभिं संस्पृश्य, ततः 'ॐ जनार्दनाय नमः' इत्यनेन (पञ्चाङ्गुल्यग्रेण) हृदयं संस्पृश्य, ततः 'ॐ उपेन्द्राय नमः' इत्यनेन (पञ्चाङ्गुल्यग्रेण) शिरः संस्पृश्य, ततः 'ॐ हरये नमः' इत्यनेन दक्षिणबाहुं संस्पृश्य, ततः 'ॐ कृष्णाय नमः' इत्यनेन वामबाहुं संस्पृश्येत्।

ततः (ख) करन्यासं कुर्य्यात्, यथा—क्लीं कृष्णाय अङ्गुष्ठाभ्यां नमः, गोविन्दाय तर्ज्जनीभ्यां स्वाहा, गोपीजन मध्यमाभ्यां वषट्, वल्लभाय अनामिकाभ्यां हुं, स्वाहा कनिष्ठाभ्यां फट्।

ततः (ग) (षड्) अङ्गन्यासं कुर्य्यात्, यथा—क्लीं हृदयाय नमः, कृष्णाय शिरसे स्वाहा, गोविन्दाय शिखायै वषट्, गोपीजन कवचाय हुं, वल्लभाय नेत्राय वषट्, स्वाहा अस्त्राय फट्।

अथवा, प्रकारान्तरे करन्यासाङ्गन्यासावाह। करन्यासो यथा,—क्लीं अङ्गुष्ठाभ्यां नमः, क्लीं तर्ज्जनीभ्यां नमः, क्लैं मध्यमाभ्यां नमः, क्लों अनामिकाभ्यां नमः, क्लौं कनिष्ठाभ्यां नमः, क्लं करतलकरपृष्ठाभ्यां नमः।। अङ्गन्यासो यथा,—क्लीं उदराय नमः, क्लीं हृदयाय नमः, क्लुं कण्ठकूपाय नमः, क्लैं शिरसे स्वाहा, क्लौं शिखायै वषट्, क्लौं कवचाय हुं, क्लं करतलकरपृष्ठाभ्यां नमः।।

कृष्णाय नमः' मन्त्रसे वाम बाहुका स्पर्श करें।

(ख) तत्पश्चात् मूलमें कहे गये क्रमके अनुसार मन्त्रोंसे करन्यास करें। (ग) अनन्तर मूलमें कहे गये क्रमानुसार मन्त्रोंसे षड़ंगन्यास करें। अथवा मूलमें कहे गये प्रकारान्तर विधिसे करन्यास करें। (घ) इसके पश्चात् मूलमें कहे गये क्रमसे कामबीजके द्वारा प्राणायाम करें। पुनः हृदयमें बत्तीस बीजसंख्यामें पूरक, चौसठ संख्यामें कुम्भक तथा सोलह

ततः (घ) प्राणायामः। कामबीजेन प्रणवेन कुर्य्यात्। —ॐ कामबीजस्य प्रजापति ऋषिः, देवी गायत्री छन्दः, श्रीकृष्णचैतन्यो देवता, क-कारो बीजं, ल-कारः कीलकं, ई-कारः शक्तिः, प्राणायामे विनियोगः, [एवम् ऋष्यादिकं स्मृत्वा बीजमभ्यस्येत्।] अस्य न्यासः—ॐ कामबीजाय नमः, शिरसि प्रजापत्यृषये नमः, शिखायै देवी गायत्रीच्छन्दसे नमः, आस्ये श्रीकृष्णचैतन्य देवतायै नमः, हृदि क-कारबीजात्मने नमः, दक्षिणकुचे ल-कारकीलकाय नमः, वामकुचे ई-कारशक्तये नमः, हृदि प्राणायामविनियोगाय नमः। पुनः हृदि पूरको द्वात्रिंशत् कुम्भकश्चतुःषष्टिः, रेचकः षोड़शः।।३६।।

ततस्तृतीयः संस्कारः—हरिमन्दिरतिलकं

ततो द्वादशभिः कुर्य्यान्नामभिः केशवादिभिः।
द्वादशाङ्गेषु विधिवदूर्ध्वपुण्ड्राणि वैष्णवः।।

द्वादशतिलकविधिः पाद्मोत्तरखण्डे, यथा—

ललाटे केशवं ध्यायेन्नारायणमथोदरे।
वक्षःस्थले माधवन्तु गोविन्दं कण्ठकूपके।।
विष्णुञ्च दक्षिणे कुक्षौ बाहौ च मधुसूदनम्।
त्रिविक्रमं कन्धरे तु वामनं वामपार्श्वके।।
श्रीधरं वामबाहौ तु हृषिकेशन्तु कन्धरे।
पृष्ठे तु पद्मनाभञ्च कट्यां दामोदरं न्यसेत्।।
तत्प्रक्षालनतोयन्तु वासुदेवाय मूर्द्धनि।।

संख्यामें रेचक करें।।३६।।

तृतीय संस्कार—अंगोंमे हरिमन्दिर-स्वरूप तिलक करें। वैष्णव लोग केशवादि द्वादश विष्णु नामके द्वारा ललाट आदि द्वादश अंगोंमें विधिके अनुसार ऊर्ध्वपुण्ड्र धारण करें। पाद्मोत्तर खण्डमें द्वादश तिलककी

किञ्च—ऊर्ध्वपुण्ड्रं ललाटे तु सर्वेषां प्रथमं स्मृतम्।
ललाटादि क्रमेणैव धारणन्तु विधीयते।।
आरभ्य नासिकामूलं ललाटान्तं लिखेन्मृदा।
नासिकायास्त्रयो भागा नासामूलं प्रचक्षते।।
(समारभ्य भ्रुवोर्मूलं अन्तरालं प्रकल्पयेत्)।

तथाच—आ-कुर्य्यादूर्ध्वरेखे द्वे कुर्य्यात् केशसमन्तिके।
तमालमूलवच्छिरो रेखाद्वयसुयोजितम्।।
वामपार्श्वे स्थितो ब्रह्मा दक्षिणे तु सदाशिवः।
मध्ये विष्णुं विजानीयात् तस्मान्मध्यं न लेपयेत्।।
नासादिकेशपर्य्यन्तमूर्ध्वपुण्ड्रं सुशोभनम्।
मध्ये छिद्रसमायुक्तं तद्विद्याद्धरिमन्दिरम्।।
हरिमन्दिरमित्येवं मन्यते तत्त्वविज्जनः।
पुण्ड्रं स्यादूर्ध्वपुण्ड्रं, तच्छास्त्रे बहुविधं स्मृतम्।।
अश्वत्थपत्रसङ्काशं, वेणुपत्राकृति तथा।
पद्मकुट्मलसन्निभं, मोहनं तृतीय स्मृतम्।।

विधि—'ॐ ललाटे केशवाय नमः' इत्यादि। और भी कहा गया है,—सबके लिए ललाटमें ऊर्ध्वपुण्ड्र धारण करना परम विधि है। नासिकाके मूलसे आरम्भकर ललाट तक मृत्तिका (गोपी चन्दन) द्वारा ऊर्ध्वपुण्ड्रकी रचना करें। नासिकाके तीन भागको नासामूल कहते हैं। (भ्रूके मूलसे अन्तराल अंकन करें)। दोनों रेखाओंको सुनियोजित (जोड़कर) तमाल मूलकी भाँति शिर करें। ऊर्ध्वपुण्ड्रकी बायीं ओर ब्रह्मा और दाहिनी ओर सदाशिव एवं बीचमें श्रीविष्णु विराजमान रहते हैं; इसलिए मध्यभागको लेपन नहीं करना चाहिए। नासिकाके मूलसे केश तक दीर्घ बीचमें छिद्र युक्त, बराबर ऊर्ध्वपुण्ड्रको 'हरिमन्दिर' समझना चाहिए। तत्त्वविद् व्यक्ति इसको हरिमन्दिर ही कहते हैं। 'पुण्ड्र' शब्दसे ऊर्ध्वपुण्ड्र समझा जाता है, शास्त्रोंमें इसके बहुत प्रकार बतलाये गये हैं। जैसै—पीपलके पत्तेके

मोहनमिति कैश्चिदतिशोभनमभिप्रेतं, कैश्चिन्मोहकारयित्वाद्विरुद्धञ्चेति, दीपशिखाकारतया चान्याङ्गे पुण्ड्रमङ्कितम्।

अस्य च विष्णुपञ्जरन्यासे प्रणवपूर्व्वकं सविन्द्वकारादिद्वादशवर्णैः द्वादशादित्यैश्च + सहितानि केशवादिद्वादशनामानि न्यसेत्। यथा—(१) ॐ अं धातृसहिताय केशवाय नमः ललाटे, (२) ॐ आं अर्य्यमासहिताय नारायणाय नमः उदरे, (३) ॐ इं मित्रसहिताय माधवाय नमः वक्षसि, (४) ॐ ईं वरुणसहिताय गोविन्दाय नमः कण्ठकूपके, (५) ॐ उं अंशुसहिताय विष्णवे नमः दक्षिणकुक्षौ, (६) ॐ ऊं भगसहिताय मधुसूदनाय नमः दक्षिणबाहौ, (७) ॐ ऋं विवस्वत्सहिताय त्रिविक्रमाय नमः दक्षिणकन्धरे, (८) ॐ ॠं इन्द्रसहिताय वामनाय नमः वामपार्श्वके, (९) ॐ ऌं पूषसहिताय श्रीधराय नमः वामबाहौ, (१०) ॐ ॡं पर्ज्जन्यसहिताय हृषिकेशाय नमः वामकन्धरे, (११) ॐ एं त्वष्ट्रसहिताय पद्मनाभाय नमः पृष्ठे, (१२) ॐ ऐं विष्णुसहिताय दामोदराय नमः कट्याम्।। इति।

आकारवाला, बाँसके पत्तेके आकारवाला तथा पद्मकुट्मलके आकारवाला। तृतीय प्रकारके ऊर्ध्द्वपुण्ड्रको 'मोहन' कहते हैं। 'मोहन' पुण्ड्र अत्यन्त सुन्दर होनेके कारण कोई-कोई उसे विरुद्ध भी समझते हैं। अन्यान्य अंगोंमें दीप शिखाके आकारका पुण्ड्र अंकित करना चाहिए।

हरिमन्दिर तिलकका विष्णुपञ्जरन्यासके द्वारा प्रणवपूर्वक, सबिन्दु द्वादश स्वरवर्ण और द्वादश आदित्य नामके साथ द्वादश-केशव आदि विष्णु नामसे नामका न्यास करें। यथा—मूलमें द्रष्टव्य है। साम्प्रदायिक

+ द्वादशादित्याः—

धातार्यमा च मित्रश्च वरुणोऽशुर्भगस्तथा।
विवस्वानिन्द्रः पुषा च पर्ज्जन्यत्वष्ट्रविष्णवः।। इति।।

एवं न्यासं समाचर्य्य सम्प्रदायानुसारतः।
न्यसेत् किरीटमन्त्रञ्च मुर्द्धनि सर्व्वार्थसिद्धये।।

तत् प्रक्षालनतोयेन यथा—ॐ किरीट-केयूर-हार-मकर-कुण्डल-चक्र-शङ्ख-गदा-पद्महस्त-पीताम्बरधर-श्रीवत्साङ्कित वक्षःस्थल श्रीभूमिसहितस्वात्मज्योतिर्दीप्तिकराय सहस्त्रादित्यतेजसे नमो नमः।।३७।।

ततश्चतुर्थसंस्कारः—नाम-मुद्रादिधारणम्

अत्र नामपदेन हरेकृष्णादि-हरिनामरूपमन्त्रग्रहणम्, तथा श्रीहरिनामादि-भगवन्नाम्ना निर्म्मितमुद्रादिधारणञ्च विहितम्। यदुक्तं प्राचीनैः,—

अवाप्तपञ्चसंस्कारो लब्धद्विविधभक्तिकः।
साक्षात्कृत्य हरिं तस्य धाम्नि नित्यं प्रमोदते।।

पञ्चसंस्कारा यथा,—

तापः पुण्ड्रं तथा नाम मन्त्रो यागश्च पञ्चमः।
अमी हि पञ्चसंस्काराः परमैकान्तिहेतवः।।

विधिके अनुसार इस प्रकार न्यासकर सर्वार्थ सिद्धिके लिए मस्तकमें किरीटमन्त्रका न्यास करें। मूलमें कहे गये 'ॐ किरीट-केयूर' इत्यादि मन्त्र पाठपूर्वक प्रक्षालन जल मस्तकपर धारण करें।।३७।।

अतःपर चतुर्थ संस्कार—नाम मुद्रादि धारण। यहाँ नामका तात्पर्य हरे कृष्ण इत्यादि मन्त्र ग्रहणसे है; हरिनामादि भगवन्नामकी निर्मित मुद्रा धारण करना भी विहित है। प्राचीन आचार्योंने कहा है कि जिन्होंने पंचसंस्कारमें दीक्षित वैधी और रागानुगा दोनों प्रकारकी भक्तियोंका अर्जन किया है, वे हरिका साक्षात्‌रूपमें दर्शन लाभकर उनके नित्य धाममें आनन्द प्राप्त करते हैं। पंचसंस्कार ये हैं—ताप, पुण्ड्र, नाम, मन्त्र, और याग। ये पाँच संस्कार परम ऐकान्तिकताकी प्राप्तिके लिए होते हैं। यहाँ 'ताप' से गरम किये हुए चक्रादि मुद्रा धारणसे है; इसके द्वारा

तापोऽत्र तप्तचक्रादि-मुद्राधारणमुच्यते।
तेनैव हरिनामादि-मुद्रा चाप्युपलक्ष्यते।।

तथाच स्मृतौ,—

हरिनामाक्षरैर्गात्रमङ्कयेच्चन्दनादिभिः।
स लोकपावनो भूत्वा तस्य लोकमवाप्नुयात्।।
श्रीगोपीचन्दनेनैव चक्रादीनि बुधोऽन्वहम्।।
धारयेच्छयनादौ च तप्तानि किल तानि हि।।
श्रीमन्नारायणाख्यस्य मन्त्रदीक्षेयमीदृशी।
मत्स्यादीनां तथा तत्तन्नाम्नास्त्रमुद्रिका शुभा।।
श्रीकृष्णोपासकानन्तकार्ष्णानां शीतमुद्रिका।
गोपीमृदादिना धार्य्या श्रीकृष्णनामनिर्म्मिता।।

ताप इति पाद्मोत्तरखण्डादौ। अमी तापादयः संस्काराः पञ्च। तापादीन् व्याचष्टे तेनेति,—तापादिधारणेन च तप्तचक्रादिधृतिं

हरिनाम आदिकी मुद्रा भी उपलक्षित है। स्मृतिमें ऐसा ही लिखा है,—जो चन्दनादिके द्वारा हरिनामाक्षरकी मुद्रा अंगमें धारण करते हैं, वे लोक पावन होकर हरिके धामको प्राप्त होते हैं। विद्वान् व्यक्ति प्रतिदिन गोपीचन्दनके द्वारा अपने श्रीअंगमें चक्रादि धारण करें। इन चक्रादि तप्त मुद्राओंको शयनादि द्वादशीमें विशेषरूपसे धारण करना कर्त्तव्य है। श्रीमन्नारायणके मन्त्रमें दीक्षित होकर इस प्रकार तप्त मुद्रादि धारण करनेकी विधि है। श्रीमत्स्यादि अवतारोंके मन्त्र-दीक्षामें भी उन-उन भगवदवतारोंके शुभ नाम और अस्त्रोंकी मुद्रा धारण करनेकी भी विधि है। किन्तु श्रीकृष्णोपासक सभी कृष्णभक्तोंके लिए गोपीचन्दनके द्वारा श्रीकृष्णनामकी शीतल मुद्रा धारण करना ही हितकर और विधिपूर्वक है।

'तापः पुण्ड्रं' इत्यादि वाक्य पद्मपुराणके उत्तर खण्ड आदि शास्त्रोंमें दृष्टिगोचर होते हैं। इन ताप आदि संस्कारोंका नाम ही पंचसंस्कार है। 'तापोऽत्र' इत्यादि श्लोकमें तापादिकी व्याख्या समझनी चाहिए। 'तेन'

कलिमलिनमनसां दुष्करं मन्वानः पतितानामुद्धिधीर्षुर्भगवान् श्रीकृष्णचैतन्यश्चन्दनादिना भगवन्नाममुद्रादिधृतिं प्राचामपि स्वीकृतामुपादीक्षत्। सा पञ्चसंस्कारवाक्ये तप्तचक्रादिधारण-नोपलक्षितेति भावः। पुण्ड्रमिति हरिमन्दिरादितिलकम्। तिलकं तमालपत्रचित्रयुक्तं विशेषकं पुण्ड्रमिति हलायुधः। यद्यपि शयनादौ तानि चक्रादीनि तप्तानीत्ययुक्तं तथापि शिष्टाचारा-भावान्न व्यवह्रियते।।३८।।

ततः पञ्चमः संस्कारः—कौपीनशुद्धिः

कौपीनकरणप्रमाणं यथा—तत्रैव,

स्तनात् स्तनान्तरं प्रस्थं दीर्घन्तु कटि-वेष्टणम्।
ग्रन्थ्यर्थं मुष्टियुगलं पट्टयुगविनिर्म्मितम्।।

इत्यादि वाक्यका तात्पर्य यह है कि—तापादि-धारण करनेकी विधि होनेके कारण तप्तचक्रमुद्रादि धारण कलिकलुषित चित्तवाले व्यक्तियोंके लिए अत्यन्त कष्टकर समझकर भगवान् श्रीकृष्णचैतन्यदेवने पतित जीवोंके उद्धारकी अभिलाषासे प्राचीन आचार्योंके भी स्वीकृत चन्दनादि द्वारा भगवान्की नाम-मुद्रादि धारण करनेका विधान किया है। ऐसा मंचसंस्कार वाक्यमें तप्तचक्रादि धारण शब्दसे उपलक्षित हो रहा है। 'पुण्ड्र' का अर्थ हरिमन्दिर आदि तिलक रचनासे है हलायुध कहते हैं—तमाल पत्रके चित्रयुक्त तिलकका पर्याय-शब्द विशेषक पुण्ड्र है। यद्यपि शयनादि द्वादश तिथिमें तप्त चक्रादि धारण करनेका विधान है, तथापि वर्तमान समयमें शिष्टाचारके अभावके कारण उसका व्यवहार नहीं देखा जाता है।।३८।।

अनन्तर पञ्चम संस्कार—कौपीनकी शुद्धि। कौपीन प्रस्तुत करनेका प्रमाण शास्त्रोंमें देखा जाता है। शास्त्रोंमें दो खण्ड वस्त्रके द्वारा कौपीन प्रस्तुत करनेका उल्लेख है। उसकी चौड़ाई—एक स्तनसे दूसरे स्तन तक होनी चाहिए। उसकी लम्बाई—कमरके घेरेके परिमाण तथा ग्रन्थि देनेके लिए दो मुष्टि और अधिक होनी चाहिए। अब कौपीनके अधिष्ठात्री-

कौपीनस्याधिष्ठातृदेवतामाह,—

लज्जारूपा भगवती कौपीनं भवतारणम्।
डोरश्चानन्तरूपोऽसौ धारणे शुभदायकः।।
भावभक्तिजनैर्धार्य्यं कौपीनं योनिसम्मतम्।
दक्षिणग्रन्थिसंयुक्तम् अनन्तरूपडोरकम्।।
चतुर्द्दशमुष्टिदीर्घं प्रस्थं प्रादेशमात्रकम्।
कृत्वा तु तत् प्रयत्नेन संस्कारं कारयेत्ततः।।
कौपीनं पृथ्वीरूपोक्तं डोरश्चानन्त एव ही ।
ब्रह्मा विष्णुः शिवश्चैव वासुकी पवनोऽनलः।।
सोमः शुक्रः सुराचार्य्याः कौपीने नव देवताः।
कैश्चिदत्र त्रयः प्रोक्ता ब्रह्माद्या नापराः किल।।
ग्रन्थिमध्ये स्थितो विष्णुः पार्श्वे च ब्रह्मरुद्रकौ।
बहिर्व्वासो विष्णुशक्तिस्तयाच्छाद्यं सुयत्नतः।।
एतच्च कौपीनं डोरं म्रक्षितं हरिचन्दनैः।
चन्दनेनापि संप्रोक्ष्य शुद्ध्यर्थं शोधयेत् पुनः।।

देवताके सम्बन्धमें कहा जा रहा है,—लज्जारूपा भगवती भवतारणी कौपीन और अनन्तरूपी डोर धारण करना शुभप्रद है। भाव भक्तिके अधिकारी व्यक्ति योनि-सम्मत दक्षिण ग्रन्थियुक्त अनन्तरूपी डोरके सहित कौपीन धारण करेंगे। चौदह मुष्टि दीर्घ प्रदेश प्रमाण चौड़ी कौपीन सावधानीसे प्रस्तुतकर उसका संस्कार करें। कौपीन पृथ्वी स्वरूप है, तथा डोर अनन्तस्वरूप है। ब्रह्मा, विष्णु, शिव, वासुकी, पवन, अग्नि, चन्द्र, शुक्र, बृहस्पति—ये नौ देवता कौपीनमें विराजमान रहते हैं। किसी-किसीके मतसे ब्रह्मादि तीन देवता कौपीनमें अवस्थित रहते हैं, दूसरे देवता नहीं। ग्रन्थिमें विष्णु तथा दोनों ओर ब्रह्मा और रुद्र अवस्थित रहते हैं। बहिर्वास—बहिर्वास विष्णु-शक्ति हैं। उसके द्वारा कौपीनको सावधनीसे आच्छादन करें। कौपीन और डोरको हरिचन्दन लगाकर शुद्धिके लिए

"गङ्गादिसर्व्वतीर्थानि यानि लोकगतानि तु।
कौपीनं परिशुध्यन्तु सर्व्वसिद्धिकराणि भोः।।"

ऋक्परिशिष्टे वैराग्यखण्डे च सपरिकरं कौपीनं निर्द्दिष्टम्—

कौपीनं युगलं वासः कन्थां शीतनिवारिणीम्।
शरीरत्राणकामो वै सोपानत्कः सदा व्रजेत्।।

वासो बहिर्व्वासः। शरीरत्राणेति—झुलि-शिरस्यवसनमपीतिज्ञेयम्।

'ॐ कौपीनशुद्धिमन्त्रस्य ब्रह्मा ऋषिः, अनुष्टुप् छन्दः, हंसो देवता, ब्रह्म बीजं, वैष्णवी शक्तिः, कौपीनशुद्धिविधानार्थं जपे विनियोगः, ॐ कौपीनाधिष्ठातृलज्जानन्तरूपाय नमः'—इति दशधा जप्त्वा, पुनः 'एते गन्धपुष्पे ॐ कौपीनाधिष्ठातृलज्जानन्तरूपाय नमः' इति सम्पूज्य प्रतिष्ठां कुर्य्यात्।—ॐ कौपीनाधिष्ठातृदेवते इहागच्छ इहागच्छ, इह सन्निधेहि इह सन्निधेहि, इहावरुन्त्स्व इहावरुन्त्स्व, इह परमीकुरु इह परमीकुरु, इह कौपीनेऽधिष्ठानं कुरु स्वाहा।।' ३६।।

चन्दनसे प्रोक्षण कर 'गङ्गादि सर्वतिर्थानि' इत्यादि मूलमें कहे गये मन्त्रसे पुनः शोधन करें।

ऋक्-परिशिष्टके वैराग्य खण्डमें सपरिकर कौपीनका निर्देश है,—कौपीन, दो वस्त्र, शीतोपयोगी कन्था धारण करें, शरीरकी रक्षाके लिए पादुका धारण करना चाहिए। 'वासः'—शब्दका तात्पर्य बहिर्वाससे है। 'शरीरत्राण' इत्यादि पदसे झोली और शरीरका वस्त्र भी समझना होगा।

मूलमें कहे गये मन्त्रसे कौपीनकी पूजा और प्रतिष्ठा करनी चाहिए।।।३६।।

तत्पश्चात् षष्ठ संस्कार प्राणप्रतिष्ठा। पूर्वकी भाँति सब प्रकारसे संशोधनकर प्राण प्रतिष्ठा करनी चाहिए। प्राण प्रतिष्ठाके पश्चात् अपने इष्टदेवको उसे समर्पण करें। 'तत्सर्वं' इस पदसे कौपीनके अंगीभूत

ततः षष्ठः संस्कारः—प्राणप्रतिष्ठा

एवं संशोध्य तत् सर्व्वं प्राणप्रतिष्ठां कारयेत्, ततः प्राणप्रतिष्ठानन्तरं स्वेष्टदेवेऽस्य समर्पणम्। तत् सर्व्वमित्यनेन कौपीनाङ्गभूत-दण्डादिकमपि संगृहीतं, तद् यथा—

पालाशं वैणवं बिल्वं त्रिदण्डमुपजीवयेत्। +
तेषामेकतरं किम्वा वैणं वापि समाचरेत्।।
कमण्डलुं तथाऽन्यद्वा तुम्बि-काय्र्यादिनिर्म्मितम्।
एतदन्यच्च तत्सर्व्वं विपत्तौ च समाचरेत्।।

कौपीनाङ्गभूतत्वादेतेषां शुद्धिः प्राणप्रतिष्ठा च कौपीनस्येव तत्तत्करणेन सिध्यतीति ज्ञेयम्।

दण्ड आदिकी व्यवस्था समझनी चाहिए। जैसे पलाश, वेणु और बेल इन तीनोंके एक-एक दण्ड एकत्र मिलित त्रिदण्ड ग्रहण करना चाहिए अथवा इनमेंसे किसी भी एकका अथवा केवल बाँसका ही त्रिदण्ड ग्रहण करना चाहिए। उसी प्रकार कमण्डलु, तूँबी या काठके द्वारा निर्मित जलपात्र ग्रहण करना चाहिए। विपदकालमें ये सब दूसरे रूपमें किये जा सकते हैं।

कौपीनकी भाँति कौपीनके अंगीभूत इन सबकी शुद्धि और प्राणप्रतिष्ठा उसी-उसी अनुष्ठानके द्वारा सिद्ध होती है, ऐसा समझना चाहिए।

+ प्रभु बले—"जाहे सर्वदेव-अधिष्ठान।
से तोमार मते कि हईल बाँस-खान।।"

(चै. भा. आ. २/२२५)

अर्थात् श्रीचैतन्य महाप्रभुजीने कहा—दण्डमें सभी देवताओंका अधिष्ठान है किन्तु तुम उसे केवल बाँसका डण्डा समझते हो।

उसकी विवृत्ति—दण्डको गुणावतारकी अर्चामूर्ति समझना चाहिए। अतः उसे परम पवित्र, चिन्मय और पूजनीय मानना चाहिए।

अथ प्राणप्रतिष्ठामाह,—

'ॐ अस्य कौपीन-प्राणप्रतिष्ठामन्त्रस्य पुलस्त्य ऋषिः गायत्री छन्दः सावित्री देवता, कामो बीजं, वाराही शक्तिः, कौपीनप्रतिष्ठाजपे विनियोगः, वर्णधर्म्मादिविहीनकारिणि कौपीनेऽस्मिन् ॐ आं ह्रीं क्रौं ह्रीं सर्व्वे प्राणाः सर्व्वानीन्द्रियाणि च महात्मना सुखं प्रतिष्ठन्तु स्वाहा'—इति अष्टोत्तरदशधा जप्त्वा, पश्चात् 'ॐ आं क्रौं ह्रीं सुसिद्धाय कौपीनाय एतद् गन्धपुष्पादिकं नमोऽस्तु स्वाहा' इति।

कौपीनधार्य्याधिकारी यथा,—

विजितषड्गुणो + यस्तु दम्भहिंसादिवर्ज्जितः।
मैत्र-कारुण्यशीलश्च विगतेच्छो जितेन्द्रियः॥
गृहीतविष्णुदीक्षाको विष्णुभक्त्यादिसाधकः।
तस्मै देयं प्रयत्नेन याचिते सति साधुभिः॥

विपक्षे च,—

दम्भाय भक्तिहीनाय शठाय परहिंसके।
न दातव्यं न दातव्यं दत्ते तु धर्म्मनाशनम्॥

अनन्तर प्राण-प्रतिष्ठा—मूलमें कहे गये विधान और मन्त्रसे कौपीन आदिकी प्राण प्रतिष्ठाकर उसका अर्चन करे।

कौपीन धारण करनेके अधिकारीका विचार,—षड्गुणजयी, दम्भहिंसादि, रहित, मैत्र और कारुण्य गुणोंसे परिपूर्ण, निष्काम, जितेन्द्रिय, विष्णुमन्त्रमें दीक्षित एवं भगवद्भक्ति आदिके साधनमें तत्पर व्यक्तिको उसकी प्रार्थना किये जानेपर सावधानीसे कौपीन दिया जा सकता है। निषेध पक्षमें—दाम्भिक, भक्तिहीन, शठ, परहिंसक व्यक्तियोंको कभी भी

+ क्षुत्-पिपासे शोकमोहो जरामृत्यु षडूर्म्मयः। (भा. ११/११/३१ स्वामी-टीका)

एतद्वर्ज्जनवत् दोषयुक्-कौपीनादिवर्ज्जनमपि कुर्य्यात्,—

कुत्सितं मलिनं वासो वर्ज्जनीयं विशेषतः।
काषायरहितं वस्त्रं बहिर्व्वासादिकं शुभम्।।

कौपीनडोरं सूचीवेधयुक्तं कषायितं तन्मलिनञ्च वासः।
एतन्न पूतं मुनिभिः प्रगीतं धृत्वा भवेत् शोभनकाचिकः परम्।।

यद्यप्यत्र सन्न्यासार्थं दशसंस्कारमुक्तं तथापि तापादि-यागान्तं दीक्षाङ्गभूतं, तदपरञ्च सन्न्यासाङ्गभूतम्। तस्मादेव पूर्व्वप्राप्तपञ्चसंस्कारं वा तत्कालगृहीतपञ्चसंस्कारं वा योगपट्टादिकं धारयेत्।

कौपीन नहीं देनी चाहिए। ऐसे लोगोंको कौपीन देनेसे गुरुके धर्मकी हानि होती है।

कौपीनधारी संन्यासी दो प्रकारके होते हैं विद्वत्संन्यासी और विवित्सासंन्यासी। जिन्होंने स्वाभाविक रूपसे षड्गुणोंको जीत लिया है, वे विद्वत् संन्यासी है। उनका कौपीन सनातन गोस्वामी और दास गोस्वामीकी भाँति अत्यन्त सहज है। जो पञ्चसंस्कार प्राप्तकर साधनके द्वारा दम्भ त्यागकर धीरे-धीरे भक्तिका साधन कर रहे हैं, सरलता अर्जन और परहिंसा वर्जनकर रहे हैं तथा अपने वैराग्य पिपासाको चरितार्थ करनेके लिए शास्त्रोक्त विधियोंके द्वारा कौपीन धारण करते हैं, वे विवित्सा-संन्यासी हैं। ऐसे विवित्सा-संन्यासी क्रमोन्नतिके द्वारा परमहंसत्व लाभकर सकते हैं—इसलिए इनको विवित्सा संन्यासी कहा जाता है। अभक्त और अजितेन्द्रिय व्यक्तिको कौपीन ग्रहण नहीं करना चाहिए, अन्यथा महान अनर्थ उत्पन्न होता है।

इस प्रकार अनधिकारीके वर्जनकी भाँति दोषयुक्त कौपीनादि भी वर्जनीय है। मैलाकुचला फटा हुआ वस्त्र, काषाय (गेरुआ रंग) रहित वस्त्र और अत्यन्त सुन्दर बहिर्वासका विशेषरूपसे वर्जन करें। सूचिविद्ध और काषायित डोर-कौपीन, मलिन वस्त्र—इन सबको मुनियोंने अपवित्र कहा है। ऐसे वस्त्र धारण करनेसे शोभनकाचिक (सुन्दर पोषाकधारी

सन्न्यासार्थं प्रार्थनं, यथा—

कौपीनं ब्रह्मनिर्मितमनन्तात् प्राप्तवांश्छिवः।
ततोऽस्मान्नारदः प्राप्तो महायोगी भवेत् स्वयम्॥
शौनकादि ऋषिस्तस्मात्ततः केशवभारती।
तस्मात् प्राप्तो गौरचन्द्रः स ददौ भक्तशाखिनि॥
एवं परम्पराप्राप्तं शाखाशाखानुभेदतः।
धारयित्वा महायोगी भवेत् किल न संशयः॥
"मायातरङ्गे संसारे पतितं मां समुद्धरः।
कौपीनं देहि शुद्ध्यर्थं भवतापनिवारणम्॥
कौपीनग्रहणेनाहं पूतोऽस्मीत्यचिरादिह।"
प्रैषेत्युच्चारणात् पूर्व्वं त्यक्तं किञ्चिन्न गृह्णीयात्॥

इत्युक्तदिशा "प्रैष" इत्युच्चारयित्वा योगपट्टादिकं ग्राहयेदेव। 'भो गुरो ! भिक्षूपयोगं योगपट्टादिकं मां ग्राहय' इति प्रार्थितस्तं

अभिनेता) होना होता है। यह दूषणीय है।

यद्यपि यहाँ संन्यासके लिए दस संस्कारका विधान दिया गया है, तथापि उनमेंसे तापसे याग पर्यन्त पाँच संस्कार ही दीक्षाके अंगभूत हैं। इसलिए पहले पंचसंस्कार प्राप्त अथवा उसी समय पंचसंस्कार प्राप्त व्यक्तिको योगपट्ट इत्यादि देना चाहिए।

संन्यासके लिए प्रार्थना, यथा—हे गुरुदेव ! श्रीसदाशिवने अनन्तदेवके द्वारा ब्रह्मनिर्मित[1] कौपीनको प्राप्त किया था। श्रीसदाशिवसे कौपीन प्राप्तकर देवर्षि नारद स्वयं महायोगी हुए थे। उसके पश्चात् शौनकादि ऋषि परम्परासे केशव भारती प्राप्त हुए। अनन्तर श्रीगौरसुन्दरने केशव भारतीसे प्राप्त होकर अपने भक्तवृन्द (अनुगत भक्तों) को दिया। इस प्रकार शाखानुशाखा क्रमसे परम्पराप्राप्त कौपीन धारणकर निःसन्देह रूपमें महायोगी हुआ जा सकता है। "मायातरंगमय घोर संसारमें पतित मेरा उद्धार करें। मेरा संशोधन करनेके लिए मुझे संसार-ताप निवारक कौपीन

वदेत्—"यद्येवं तर्हि 'प्रैष' इति बारत्रयं पठस्व भद्र।" "प्रैषोऽस्मि" इति त्रिबारमुक्त्वा करपुटाञ्जलीभूय स्थितेन तेन गुर्व्वादिस्वेष्ट-देवतान्तान् सर्व्वान् पूजयित्वा,—ततः स्वेष्टदेवात् पूर्व्वन्यस्तं कौपीनादिकं संप्रार्थ्य, संग्राह्य, तदानीं तत्र सन्न्यासिनः स्पर्शयित्वा च प्रार्थकं धारयेत्।

धारणानन्तरञ्च—

'ॐ क्लीं गोपीभावाश्रयाय स्वाहा' इति सन्यासमन्त्रं दद्यात्। ततःपरं त्रिगृहं पञ्चगृहं सप्तगृहं वा भिक्षयेत्। भिक्षा यथा,—प्रथमतो गृहिणो गृहं गत्वा—'भो मातर्भगवति भिक्षां देहि' इत्युक्त्वा भिक्षां कृत्वा प्रत्यागत्य, प्राप्तं यद्भैक्ष्यं वस्तु तत् सन्न्यासदात्रे गुरवे समर्प्य यथावदाश्रमधर्म्मान् कुर्य्यात्।।४०।।

प्रदान करें। कौपीन ग्रहणकर इस संसारमें मैं शीघ्र ही पवित्र हो सकूँ।" 'प्रैष'-वाक्य उच्चारण करनेसे पहले परित्याग की हुई वस्तुओंमें से कुछ भी ग्रहण नहीं करना चाहिए। उक्त निर्देशके अनुसार गुरु 'प्रैष'-वाक्य उच्चारण कराकर योगपट्ट इत्यादि ग्रहण करायेंगे। "हे गुरुदेव ! भिक्षूपयोगी योगपट्ट इत्यादि मुझे प्रदान करें"—शिष्यके इस प्रकार प्रार्थना करनेपर गुरु कहेंगे,—"यदि तुम्हारी ऐसी इच्छा है, तब हे भद्र ! तीन बार प्रैष-प्रैष बोलो।" शिष्य 'प्रैषोऽस्मि' यह वाक्य तीन बार उच्चारणकर हाथ जोड़कर खड़ा रहे। गुरुदेव उसके द्वारा गुरुसे आरम्भकर अपने इष्टदेव तक सबकी पूजा करायेंगे। अनन्तर पूर्व स्थापित कौपीन इत्यादि अपने इष्टदेवके निकट प्रार्थनाकराकर ग्रहण करायेंगे एवं वहाँके संन्यासियोंसे स्पर्श कराकरके प्रार्थीको पहनायेंगे।

कौपीन धारणके पश्चात् मूलमें कहे गये संन्यास मन्त्रको प्रदान करेंगे। तत्पश्चात् तीन, पाँच या सात गृहोंसे भिक्षा करायेंगे। भिक्षाकी विधि—पहले गृहस्थके घरमें जाकर 'मातः भगवती ! भिक्षा दीजिए' ऐसा कहकरके भिक्षा करें। पुनः लौटकर भिक्षामें पायी गयी वस्तुओंको संन्यास-

ततः सप्तमः संस्कारः—नामकरणम्

नामात्र कथितं सद्भि हरेर्भृत्यत्वबोधकम्।
हरिदासादिकमिति कृष्णदासादिकं तथा।।
'नित्यानन्दपदद्वन्द्वं येषां हृत्कर्णिकालये।
तेषां दासानुदासोऽहं, प्रसीदन्तु सदैव हि।।'
गुणज्ञब्राह्मणो दासश्चुल्लीभट्ट प्रयोगतः।
दीयतेऽस्मै, दासृ-दाने इति रूपं विदुर्बुधाः।।
श्रीकृष्णसेवी विप्रस्तु दासाख्यं धारयेत् सुधीः।
सनत्कुमारतन्त्रोक्तत्वादत्यन्तञ्च शोभनम्।।४१।।

ततः अष्टमः संस्कारः—विष्णुमन्त्रधारणम्

न्यास प्रकरणे प्राज्ञः सन्न्यासग्राहकश्च यः।
यच्छेदष्टादशार्णन्तु वामकर्णे भवान्तकम्।।

दाता गुरुको समर्पणपूर्वक संन्यास आश्रमके धर्मका आचरण करें।।४०।।

अनन्तर सप्तम संस्कार—नामकरण। इस विषयमें साधुगण श्रीहरिदास, श्रीकृष्णदास इत्यादि नामोंका उपदेश देंगे। 'जिनके हृदय कमलमें श्रीनित्यानन्दके श्रीचरणयुगल नित्य विराजित हैं, मैं उनका दासानुदास हूँ, वे सदासर्वदा हमारे प्रति प्रसन्न हो—यही नामका तात्पर्य है। चुल्लीभट्टके प्रयोगानुसार गुणज्ञ ब्राह्मणकी दास उपाधि होती है। दासृ धातुका अर्थ—दान करनेसे है, जिसको दान किया जाय—इस अर्थमें दास—शब्दका पण्डितोंने ऐसा ही अर्थ निरुपित किया है। श्रीकृष्ण-सेवक सुधी-ब्राह्मण दास पदवी ग्रहण करेंगे, क्योंकि यह सनत्कुमार तन्त्र सम्मत है, एवं अत्यन्त शोभनीय है।।४१।।

तात्पर्य यह है कि—कलिकालमें ब्राह्मणलोग ब्रह्मका चित्स्वरूप धारण नहीं कर पानेके कारण ब्रह्मका दासत्व स्वीकार नहीं करते। किन्तु चित् तत्त्वको जाननेवाले ब्राह्मण भगवद्भक्तिको ग्रहणकर अपनेको भगवद्दासत्वके रूपमें अभिषिक्त करते हैं। जीवमात्र ही कृष्णके दास हैं।

मन्त्रो यथा,—

"क्लीं कृष्णाय गोविन्दाय गोपीजनवल्लभाय स्वाहा।"
गोपीभावाश्रितो मन्त्रः सन्न्यासे शक्तिबोधकः।
योन्याकृतिधारणेन तद्भावसाधको यतः।।
'श्रीकृष्णतोषमात्रार्थं गोपीभावसमन्वितम्।
एतद्धर्म्मं समाश्रितो' ब्रुयाद्बारत्रयं जनः।।४२।।

ततो नवमः संस्कार अच्युतगोत्रस्वीकरणं (तच्च तिलकादि-धारणेन निर्णेयम्), सुसिद्ध आश्रमधर्म्मे तु सति 'ज्ञाननिष्ठो विरक्तो वा मद्भक्तो वाऽनपेक्षकः। सलिङ्गानाश्रमांस्त्यक्त्वा चरेदविधिगोचरः।। इति (भाः ११/१८/२८) वचनात् चतुरा-श्रमातीतावधूतापरपर्य्यायपरमहंसो भवेदिति चरमः। 'मद्भक्तः

संन्यास ग्रहण करनेमें भी दासत्व ग्रहण करनेके अतिरिक्त और कोई सम्पत्ति नहीं है।

तत्पश्चात् अष्टम् संस्कार—विष्णुमन्त्र-धारण। संन्यास विधिमें कुशल संन्यास-प्रदाताचार्य शिष्यके बायें कानमें संसार नाशक अष्टदशाक्षर मन्त्र प्रदान करेंगे। मन्त्र मूलमें द्रष्टव्य है। गोपीभावाश्रित संन्यास मन्त्र शक्ति बोधक है, क्योंकि यह कौपीन धारणके द्वारा गोपीभावका साधन कर देता है। 'केवल श्रीकृष्णतोषणके लिए ही (कृष्ण प्रीतिके लिए ही) मैंने गोपीभावाश्रित इस संन्यास-धर्मका आश्रय ग्रहण किया है'—संन्यास ग्रहणकारी यह तीन बार कहेंगे।।४२।।

तत्पश्चात् नवम् संस्कार—अच्युत-गोत्र स्वीकार (वह तिलक मालादि धारण द्वारा निरूपणीय है) । संन्यासाश्रम धर्म सुसिद्ध होने पर 'विरक्त, ज्ञानी अथवा निरपेक्ष मेरे भक्त आश्रम-चिह्नसहित आश्रम धर्मका त्यागकर विधि-निषेधके अतीत होकर विचरण करते हैं'—इस भागवत प्रमाणके अनुसार चारों आश्रमोंके अतीत अवधूत परमहंस होवेंगे, यही चरम अवस्था है । 'मेरे भक्त स्वेच्छासे विचरण करते हैं,—इस प्रमाणसे भी ऐसा ही

स्वेच्छया चरे'दित्यस्मादपीति। किन्तु सामान्यवैष्णवचिह्नञ्च मालामुद्रातिलकादिकम् अनापदि न त्यजेदेव।

यज्ञोपवीतवत् धार्य्या तुलसीकाष्ठमालिका।
तुलसीमालिकोरस्कं न स्पृशेयुर्यमोद्भटाः।।
ये कण्ठलग्नतुलसी-नलिनाक्षमाला
ये वा ललाटफलके लसदूर्ध्वपुण्ड्राः।
ये बाहुमूलपरिचिह्नितशङ्खचक्रा-
स्ते वैष्णवा भुवनमाशु पवित्रयन्ति।।

विपक्षे दोषश्च—

न धारयन्ति ये मालां हैतुकाः पापबुद्धयः।
नरकान्न निवर्त्तन्ते दग्धाः कोपाग्निना हरेः।।

निरूपित होता है। किन्तु परमहंसावस्थामें भी माला, मुद्रा, तिलकादि साधारण वैष्णव चिह्नोंको आपात्कालको छोड़कर कभी भी परित्याग नहीं करना चाहिए।

तुलसीकाष्ठकी मालिका यज्ञोपवीतकी भाँति सदासर्वदा कण्ठमें धारण करना कर्त्तव्य है। जिनके कण्ठमें तुलसी माला होती है, यमदूत उसको स्पर्श नहीं कर सकते हैं। तुलसी और पद्मबीजकी माला जिनके कण्ठमें रहती है, जिनके ललाटपर ऊर्ध्वपुण्ड्र तिलक शोभा पाता है, जिनके बाहुमूलमें शंख, चक्रके चिह्न अंकित रहते हैं, ऐसे वैष्णव जगत्को शीघ्र ही पवित्र कर देते हैं। पक्षान्तरमें जो हेतुवादी पापबुद्धिवाले व्यक्ति तुलसी माला धारण नहीं करते, वे हरिके क्रोधाग्निमें भस्म होकर नरकसे कभी उद्धार नहीं हो पाते।

विशेषतः मध्याह्नमें आह्निक इत्यादि कार्योंमें तथा हरिकी पूजा आदिमें पञ्चमाला धारण करना आवश्यक है। यथा—गुञ्जा, धात्री (आमलकी), पद्मबीज, तुलसी, पट्टडोर (पाटकी रस्सी); इनके द्वारा ग्रथित मालाको सुधी व्यक्ति आह्निक कालमें धारण करें।

विशेषतो माध्याह्नाह्निकादौ हरिपूजादावावश्यकमेव पञ्च मालाधारणम्। यथा,—

गुञ्जा धात्री च पद्माक्षं श्यामा च पट्टडोरिका।
अमीभिर्निर्मितां मालामाह्निके धारयेत् सुधीः।।इति।।
सन्न्यासधर्म्महीनस्तु न परमहंसको भवेत्।
अस्माद्धर्म्मात् परो धर्म्मो नास्ति सद्विदुषां मतः।।
स्वसुखोत्पादिका भक्तिर्येषां कृष्णे न विद्यते।
तेषां यो धर्म्मसम्पन्नः स स्यात् परमहंसकः।।

किन्त्वत्रैव हरिभक्तानामच्युतगोत्रत्वं मुख्यम्, अन्यत्र गौणमित्यपि बोद्धव्यम्।

"यद् गोत्रमाश्रितेनापि कृतं कर्म्म शुभाशुभम्।
अधुना तत् परित्यज्य भवाम्यच्युतगोत्रकः।।
पितृगोत्राद् यथा कन्या स्वामिगोत्रेण गोत्रिता।
तथैवाच्युतगोत्रेण भवाम्यच्युतगोत्रकः।।

संन्यास-विहीन व्यक्ति कभी भी परमहंस नहीं हो सकता। सज्जन एवं विज्ञ व्यक्तियोंके विचारसे संन्यास धर्मकी अपेक्षा श्रेष्ठ और कोई धर्म नहीं है। (श्रीकृष्णके चरणकमलोंमें जिनकी कृष्णप्रीतिके लिए ही भक्ति है), उनमेंसे जो संन्यासधर्म सम्पन्न हैं, वे ही परमहंस हो सकते हैं। यही पर हरिभक्तोंका मुख्यतः अच्युत गोत्रत्व है, दूसरोंका गौण है—यहीं समझना चाहिए। "जिस गोत्रको ग्रहणकर अब तक मैंने शुभ या अशुभ जो कुछ भी किया है, उसे सम्पूर्णरूपसे छोड़कर अब अच्युत गोत्रका हुआ। कन्या जिस प्रकारसे पितृगोत्रको त्यागकर स्वामीके गोत्रमें गोत्रित होती है, उसी प्रकार मैं भी अच्युत गोत्रमें प्रवेश करनेके कारण अच्युत गोत्रीय हुआ। ॐ अच्युत गोत्राय स्वाहा, ॐ अच्युतगोत्रोऽहमस्मि" ऐसा कहें। अच्युत गोत्रकी महिमा भागवतके चतुर्थ स्कन्धमें इस प्रकारसे है—केवलमात्र ब्राह्मण वंश और भगवत् सम्बन्धी विष्णु भक्तोंको छोड़कर

'ॐ अच्युतगोत्राय स्वाहा' इति, 'अच्युतगोत्रोऽहमस्मि' ।।"—इति वदेच्च।

अच्युतगोत्रस्य महिमा, यथा, चतुर्थ स्कन्धे—

सर्व्वत्रास्खलितादेशः सप्तद्वीपैकदण्डधृक्।
अन्यत्र ब्राह्मणकुलादन्यत्राच्युतगोत्रतः।।४३।।

ततो दशम संस्कारः—यागः (शालग्रामार्च्चनम्)

स हि श्रीहरिपूजनप्रकारः सर्व्वाश्रमगतः साधारणधर्म्म एव। इति।।४४।।

गृहीतसम्प्रदायिसन्न्यासवैष्णवानां पञ्चत्वप्राप्तौ शरीरत्यागे तु तदानीं देहे समाधिमन्त्रं लिखेत्—

'ॐ क्लीं श्रीं ह्रीं श्रीं लवणमृद्युजि भूवि श्वभ्रे स्वाहा।'

पश्चात्तीर्थोदके भूविवरे तद्देहं स्थापयेत्। विवरपरिमाणञ्च पादाधिकपुरुषपरिमितम्। दहेच्चेत् तत्, तथापि किञ्चित् तदस्थ्यादिकं तीर्थादौ समाज-संज्ञके भुविवरे संस्थापयेच्च,—'निवासो द्वारकादौ च गङ्गादेरपि सन्निधौ' इत्यनुसारेण।।४५।।

उनका सातों द्वीपोंके सभी पुरुषों पर अखण्ड एवं अगाध शासन था।।४३।।

तत्पश्चात् दशम संस्कार-याग (श्रीशालग्रामार्चन)। श्रीहरिका अर्चन ही याग है। हरि-पूजा विधि सर्वाश्रमगत साधारण धर्म है।।४४।।

साम्प्रदायिक-संन्यासी वैष्णवोंके शरीर-त्याग करनेके पश्चात् उनके शरीरपर समाधि मन्त्र लिखें। मन्त्र मूलमें द्रष्टव्य है। तत्पश्चात् तीर्थके जलसे भूगर्भमें उस देहको स्थापित करें। समाधिके लिए गड्ढेका परिमाण—पुरुषकी लम्बाईसे एक पाद भाग अधिक रहना चाहिए। यदि देहको दग्ध किया जाय तब भी 'द्वारकादि धाममें, गंगा इत्यादिके निकट वास करना कर्त्तव्य है'—इस वाक्यके अनुसार उनकी अस्थि इत्यादि तीर्थोंमें तथा समाज-नामक भूगर्भमें स्थापित करें।।४५।।

संस्कार-दीपिकानाम्नी सन्न्यासार्था सतां मता।
निर्म्मिता गौरदासानामेकान्तधर्म्मसिद्धये।।

इति श्रीगोपालभट्टगोस्वामि-कृता सत्क्रियासार-दीपिकान्तर्गता संस्कार-दीपिका समाप्ता।

श्रीगौरसुन्दरके दासों जैसी ऐकान्तिक धर्म सिद्धिके उद्देश्यसे साधु-सम्मत संन्यास विषयक इस 'संस्कार-दीपिका' ग्रन्थकी रचना की गयी।

श्रीगोपालभट्ट गोस्वामी कृत सत्क्रियासार-दीपिकाके अन्तर्गत संस्कार-दीपिका समाप्त।

महाभागवत-परमहंस ठाकुर भक्तिविनोद-कृत बंगानुवादके अनुसरणमें त्रिदण्डिभिक्षु श्रीभक्तिवेदान्त नारायण द्वारा हिन्दी अनुवाद समाप्त।।

[श्रीगौड़ीय वेदान्त समिति द्वारा प्रकाशित शुद्ध भक्ति-ग्रन्थ]

हिन्दी-संस्करण

(१) जैव-धर्म (जीवका धर्म) (२) श्रीचैतन्य-शिक्षामृत (३) श्रीचैतन्य महाप्रभुके स्वयं-भगवत्ता प्रतिपादक कतिपय शास्त्रीय-प्रमाण (४) श्रीशिक्षाष्टक (५) श्रीचैतन्य महाप्रभुकी शिक्षा (६) अर्चन-दीपिका (७) श्रीनवद्वीप धाम परिक्रमा एवं श्रीगौड़मण्डलके प्रमुख गौड़ीय-वैष्णव तीर्थ-समूह (८) भक्तितत्त्व-विवेक (९) श्रीगौड़ीय गीतिगुच्छ (१०) श्रीवैष्णव सिद्धान्त माला (११) श्रीउपदेशामृत (१२) श्रीमनः शिक्षा (१३) श्रीभक्ति-रसामृतसिन्धुबिन्दु (१४) श्रीभागवतामृतकणा (१५) श्रीउज्ज्वल नीलमणि-किरण (१६) श्रीरागवर्त्म-चंद्रिका (१७) श्रीमाधुर्यकादम्बिनी (१८) सत्क्रियासार-दीपिका एवं संस्कार-दीपिका।

बंगला-संस्करण

(१) जैव धर्म (२) श्रीमद्भगवद्गीता (३) श्रीदामोदराष्टकम् (४) मायावादेर जीवनी (५) शरणागति (६) श्रीमन्महाप्रभुर शिक्षा (७) प्रबन्धावली (८) प्रेम-प्रदीप (९) श्रीनवद्वीप-धाम महात्म्य (१०) श्रीनवद्वीप-धाम परिक्रमा (११) विजय ग्राम ओ संन्यासी (१२) श्रीनवद्वीप-भाव-तरंग (१३) श्रीकृष्णप्रेमतरंगिणी (१४) सत्क्रियासार-दीपिका (१५) तत्त्वमुक्तावली (१६) श्रीमनः शिक्षा (१७) सिद्धान्तरत्नम् (१८) श्रीनवद्वीप-शतकम् (१९) श्रीगौड़ीय-गीतिगुच्छ (२०) श्रीरूपानुगा भजन-सम्पद् (२१) अर्चन-दीपिका (२२)श्रीगौड़ीय पत्रिका (मासिक) (२३) श्रीहरिनाम-चिन्तामणि (२४) श्रीउपदेशामृतम्।

अंग्रेजी-संस्करण

1. Shri Chaitanya Mahaprabhu (His Life and Precepts) 2. The Vedanta (Its Morphology & Ontology) 3. Vaishnavism (Real & Apparent) 4. Rai Ramananda, 5. Nam Bhajan 6. The Bhagvat (Its Philosophy, Its Ethics & Theology) 7. Bhakti Rasayan 8. The Nectar of Govinda Lila 9. Going Beyond Vaikuntha 10. Venu Gita 11. Sikshastak

सत्क्रियासार- दीपिका